राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 241
लखनऊ, सोमवार 4 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



फसल की रखवाली करने गये अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत 10

नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक कदम : सूर्य प्रताप शाही 03

# डेढ़ लाख से अधिक पदों पर होगी भर्ती : योगी

- मुख्यमंत्री ने नव चयनित कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) व दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को लखनऊ में नियुक्ति-पत्र किये वितरित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक साल के अंदर राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्ती का ऐलान करते हुए रविवार को कहा कि अपने अब तक के नौ साल के कार्यकाल में नौ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दे चुकी उनकी सरकार ने सकुशल और पारदर्शी तरीके से देश में सर्वाधिक नियुक्तियां करने का रिकॉर्ड कायम किया है।



### भर्ती की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का सेंध न लगे, इसके लिए सख्त कानून बनाया

भर्ती की प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता की चर्चा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि हमने यूपी में भर्ती की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का सेंध ना लगे, इसके लिए सख्त कानून भी बनाया है। भर्ती की प्रक्रिया किसी भी प्रकार की धांधली करते हुए पाया जाता है तो उसको आजीवन कारावास की सजा और उसकी पूरी संपत्ति को जब्त करने का कानून भी हमारे पास है हम उसका इस्तेमाल भी करते हैं और इसके परिणाम हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने नव चयनित कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) एवं दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों के 609 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण के कार्यक्रम में कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति और साफ नीयत की वजह से ही प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के अंदर नौ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गयी है। उन्होंने कहा, देश के अंदर किसी भी राज्य में सबसे अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को सकुशल और पारदर्शी तरीके से संपन्न करने का यह रिकॉर्ड है... और हम अभी लगातार नियुक्तियां कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 में राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्तियां करेगी। सीएम योगी ने कहा कि अकेले अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इस वर्ष 32 हजार से अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया संपन्न करेगा। इसके अलावा शिक्षा सेवा चयन आयोग हजारों शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया पूरी करेगा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग लगभग 15 भर्तियां इस साल संपन्न कराएगा। इसके अलावा पुलिस में भी भर्तियों की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि यह मानकर चलिये कि एक वर्ष के अंदर यानी 2026-27 के अंदर उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्तियां होनी हैं।

सीएम ने कहा कि सरकार ने भर्ती प्रक्रिया में धांधली को रोकने के लिये सख्त कानून बनाया है जिसमें धांधली करने वालों को आजीवन कारावास और सम्पत्ति जब्त करने के सख्त प्रावधान किये गये हैं, यही वजह है कि सरकार अभी तक नौ लाख पदों पर पूरी पारदर्शिता के साथ भर्तियां कर चुकी है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना किसी भेदभाव के नियुक्तियां दी हैं क्योंकि किसी भी प्रतिभावान नौजवान के साथ जाति, क्षेत्र और संप्रदाय के आधार पर भेदभाव होना अपने आप में महापाप है।

### जो योग्य नहीं था, वह आयोग का अध्यक्ष बन गया था

सीएम यागी ने कहा कि अगर हमने भेदभाव किया होता तो हम उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को इन नौ वर्षों में तीन गुना नहीं बढ़ा पाते और उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना करने में सफल नहीं हो पाते। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे थी और इसी वजह से पूरा तंत्र ही बीमार था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसा राज्य यूं ही बीमारू राज्य नहीं बना था, उसे चयन की प्रक्रिया में भेदभाव, बेईमानी और भ्रष्टाचार ने बीमारू, अराजक और गुंडागर्दी से त्रस्त उत्तर प्रदेश बना दिया था। आदित्यनाथ ने कहा कि चयन की प्रक्रिया में इतने भेदभाव होते थे कि न्यायालय को उन्हें रोकना पड़ता था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले न्यायालय ने हर नियुक्ति की प्रक्रिया को कहीं न कहीं स्थगन आदेश देकर रोका था और तमाम प्रकार की तीखी टिप्पणियां की थीं। उन्होंने उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग में व्यापक धांधलियों का आरोप लगाते हुए किसी का नाम लिये बगैर कहा, जो योग्य नहीं था, वह आयोग का अध्यक्ष बन गया था। जिसकी खुद की डिग्री फर्जी थी वह अध्यक्ष बनाकर लोगों का चयन कर रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में जब वह मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने नियमावली तैयार कराकर पारदर्शितापूर्ण तरीके से भर्तियां शुरू करायीं।

## पांच राज्यों में हुए चुनावों की मतगणना आज

- आज रात तक सभी राज्यों के चुनावों के नतीजे आ जाने की उम्मीद

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी विधानसभाओं तथा विभिन्न राज्यों के आठ विधानसभा क्षेत्रों के उप चुनावों की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच आज सुबह आठ बजे शुरू होगी।

पश्चिम बंगोल में दक्षिण 24 परगना जिले की फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में पुनर्मतदान कराये जाने के चुनाव आयोग के निर्णय के अनुसार वहां 21 मई को फिर मतदान कराया जायेगा। राज्य की शेष 243 सीटों के चुनावों की मतगणना सोमवार सुबह आठ बजे शुरू होगी। सभी राज्यों में शुरुआती आधे घंटे में पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना होगी। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से की जा रही मतगणना पूरी होने से पहले पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना हर हाल में पूरी कर ली जायेगी। आज रात तक सभी राज्यों के चुनावों के नतीजे आ जाने की उम्मीद है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार पांचों राज्यों में मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सभी मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राष्ट्व्यापी बहस के बीच पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभा के चुनावों में मतदाताओं ने मतदान में बढ़चढ़कर भागीदारी की। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में आजादी के बाद मतदान-प्रतिशत के नये रिकार्ड बने। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में हुए चुनाव में मतदान का कुल प्रतिशत 92.47 रहा। पहले चरण में 152 सीटों के लिए 23 अप्रैल को कराये गये मतदान में 93.19 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। दूसरे चरण में आज 142 सीटों पर कुल मिला कर 91.66 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य की कुल 294 सीटों के लिए 2926 उम्मीवार मैदान में हैं।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,51,230/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,38,500/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,13,500/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,65,000/किग्रा |



## गैलेक्सी आई का मिशन दृष्टि सफलतापूर्वक लॉन्च

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

बेंगलुरु स्थित एक निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सी आई द्वारा विकसित उपग्रह मिशन दृष्टि रविवार को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट की मदद से सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया।

इसकी मदद से प्रतिकूल मौसम आपदा के असर, कृषि और सीमा निगरानी से जुड़ी तस्वीरें प्रभावी ढंग से मिल सकेंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट के माध्यम से गैलेक्सीआई के संस्थापकों और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, गैलेक्सीआई द्वारा शुरू किया गया मिशन दृष्टि अंतरिक्ष यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह और भारत में निर्मित सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारे युवाओं के जुनून का प्रमाण है। गैलेक्सीआई के



- हर मौसम में करेगा धरती की निगरानी, प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

संस्थापकों और पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। रविवार को 190 किलोग्राम वजनी मिशन दृष्टि कैलिफोर्निया से लॉन्च किया गया। यह किसी भारतीय निजी कंपनी द्वारा निर्मित अब तक का सबसे बड़ा उपग्रह है। इस विशेष उपग्रह की विशेषता यह है कि इसमें एक ही उपग्रह पर मल्टीस्पेक्ट्रल कैमरा और सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) इमेजर लगा हुआ है। दृष्टि मिशन का मूल आधार ऑप्टोसार नामक एक नवीन हाइब्रिड प्रणाली है, जो एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑप्टिकल इमेजिंग और सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) को संयोजित करने वाली तकनीक है। परंपरागत रूप से उपग्रह या तो ऑप्टिकल सेंसर या फिर रडार पर निर्भर करते हैं। ऑप्टिकल सिस्टम तस्वीरों के समान विस्तृत और कलर्ड फोटो कैप्चर करते हैं, लेकिन बादल छाए रहने और अंधेरे से ये जमीनी तस्वीर स्पष्ट नहीं मिलती। दूसरी ओर, रडार सिस्टम बादलों के पार देखने के लिए रेडियो तरंगों का उपयोग करते हैं और रात में भी काम करते हैं, हालांकि वे आमतौर पर कम स्पष्ट छवियां उत्पन्न करते हैं। ऑप्टोसार एक ही उपग्रह में दोनों तकनीकों को एकीकृत करके इस अंतर को पाटता है। यह एक ही बार में ऑप्टिकल और रडार डाटा को एक साथ कैप्चर करता है, फिर आउटपुट को एक एकीकृत छवि में मिला देता है। परिणामस्वरूप हर मौसम में बादलों के रहते हुए भी पृथ्वी की अत्यंत विस्तृत तस्वीरें मिल सकेंगी।

### मिलेगी स्पष्ट व अधिक विश्वसनीय जानकारी

इस सफल प्रक्षेपण से भारत की अंतरिक्ष यात्रा में वैश्विक साझेदारियों की बढ़ती भूमिका उजागर होती है। स्पेसएक्स की प्रक्षेपण सेवाओं का लाभ उठाकर, भारतीय स्टार्टअप अत्याधुनिक पेलोड विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए कक्षा तक तेजी से और अधिक लचीली पहुंच प्राप्त कर रहे हैं। मिशन दृष्टि भारत के अंतरिक्ष परिदृश्य में एक बदलाव का संकेत देता है, जो काफी हद तक सरकार के नेतृत्व से हटकर निजी नवाचार द्वारा संचालित अधिक गतिशील पारिस्थितिकी तंत्र की ओर अग्रसर है। जैसे-जैसे गैलेक्सीआई उपग्रह की डाटा क्षमताओं को चालू करने की तैयारी कर रहा है, यह मिशन पृथ्वी पर नजर रखने के तरीके को फिर से परिभाषित कर सकता है, जिससे समय या मौसम की परवाह किए बिना स्पष्ट और अधिक विश्वसनीय जानकारी मिल सकेगी।

## विनेश का वापसी के बाद बड़ा बयान, गोंडा टूर्नामेंट में कुछ हुआ तो सरकार जिम्मेदार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सीनियर महिला पहलवान विनेश फोगाट ने रविवार को चेतावनी दी कि गोंडा में आगामी राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट के दौरान उनके या उनकी टीम के सदस्यों के साथ कुछ भी अप्रिय घटना होने पर भारत सरकार जिम्मेदार होगी। इसके साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता में पक्षपातपूर्ण फैसलों की आशंका भी जताई।

विनेश ने लगभग 18 महीनों के बाद वापसी करने से पहले एक वीडियो संदेश में आरोप लगाया कि बृज भूषण शरण सिंह से जुड़े स्थल पर होने वाली प्रतियोगिता के परिणामों पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख के करीबी व्यक्ति प्रभाव डाल सकते हैं। विनेश ने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान अगर मेरे, मेरी टीम या समर्थकों के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसके लिए भारत सरकार जिम्मेदार होगी। उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मीडिया और खेल समुदाय से आयोजन स्थल पर उपस्थित रहने का आग्रह किया। विनेश ने कहा कि यह टूर्नामेंट ऐसी जगह आयोजित किया जा रहा है जहां उनका (बृज का) काफी प्रभाव है। किसी मुकाबले में कौन रेफरी होगा, कितने अंक दिए जाएंगे, मैट चेयरमैन कौन होगा, सब कुछ उनके और उनके लोगों के नियंत्रण में है। पिछले कुछ महीनो से अभ्यास कर रही इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह ईमानदारी से कुश्ती में वापसी करना चाहती हैं और देश के लिए फिर से



पदक जीतना चाहती हैं, लेकिन उन्होंने निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को लेकर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुझे किसी तरह का विशेषाधिकार या विशेष व्यवहार नहीं चाहिए। मैं बस इतना चाहती हूं कि परिणाम प्रदर्शन के अनुकूल हों। गौरतलब है कि विनेश अब राजनीतिज्ञ भी हैं, जिन्होंने अक्टूबर 2024 में कांग्रेस के टिकट पर जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से हरियाणा राज्य विधानसभा चुनाव जीता था। विनेश ने एक ऐसे माहौल में प्रतिस्पर्धा करने के मानसिक दबाव पर भी चिंता व्यक्त की जिसे उन्होंने शत्रुतापूर्ण करार दिया, क्योंकि वह सिंह के खिलाफ चल रहे यौन उत्पीड़न मामले में एक शिकायतकर्ता है। विनेश ने पीड़ितों की पहचान और गरिमा को लेकर उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि परिस्थितियों के कारण उन्हें सार्वजनिक रूप से बोलने के लिए विवश होना पड़ा।

### संक्षिप्त समाचार

#### ‘विकसित भारत का अमृतकाल’ का विमोचन



**लखनऊ।** राजधानी में लेखिका डॉ. शिवानी कटारा की पुस्तक विकसित भारत का अमृतकाल का विमोचन राजनीतिक और बौद्धिक हलकों के बीच चर्चा का केंद्र बना रहा। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पुस्तक विमोचन करते हुए इसे देश की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया। लेखिका डॉ. शिवानी कटारा ने पुस्तक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्ष में हुए नीतिगत बदलाव, आर्थिक सुधार, सामाजिक योजनाओं और वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती साख का विस्तृत और तथ्यात्मक विश्लेषण किया है। पुस्तक को एक तरह से नए भारत के परिवर्तन की कथा के रूप में देखा जा रहा है।

#### भारत के लिए लगभग 47 हजार टन एलपीजी लेकर आ रहे गैस टैंकर ने होर्मुज किया पार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बताया है कि भारत के लिए 46 हजार 313 टन एलपीजी लेकर आ रहे मार्शल आईलैंड के एक गैस टैंकर सर्व शक्ति ने शनिवार को सुरक्षित रूप से होर्मुज़ जलडमरूमध्य पार कर लिया और इसके 13 मई को विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर ऊर्जा तथा अन्य क्षेत्रों की स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए रविवार को जारी वक्तव्य में कहा कि इस गैस टैंकर पर 18 भारतीय नाविक भी सवार हैं और वे सभी सुरक्षित हैं।

#### कौशांबी में मिट्टी का टीला ढहने से मां-बेटी समेत तीन की मौत

**कौशांबी।** कौशांबी के मंझनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को खुदाई के दौरान मिट्टी का टीला ढहने से उसके मलबे में छह से अधिक लोग दब गए। जब तक ग्रामीणों ने सभी को निकालकर अस्पताल पहुंचाया तब तक मां-बेटी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। सीओ सदर शिवांक सिंह ने बताया कि इस घटना में गांव के रहने वाली गीता देवी (35) उसकी बेटी अंकिता (6) और पड़ोसी महिला उत्तरा देवी (55) की मौत हो गई है। वहीं, गीता का बेटा अमित अन्य महिला जितिया देवी का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने दोनों की हालत खतरे से बाहर बतायी है। मामले की जांच की जा रही है।

## आधार कार्ड के स्वरूप में बदलाव की खबरों को सरकार ने बताया भ्रामक

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आधार कार्ड के स्वरूप में बदलाव से जुड़ी खबरों को खारिज करते हुए बताया कि इस तरह का कोई प्रस्ताव नहीं है।

मंत्रालय के अनुसार, हाल ही में कुछ समाचार माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ऐसी खबरें प्रसारित हो रही हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि वर्ष के अंत तक आधार कार्ड को केवल फोटो और क्यूआर कोड तक सीमित कर दिया जाएगा। मंत्रालय ने इन दावों को पूरी तरह गलत बताया है। मंत्रालय ने कहा कि इस तरह के किसी भी बदलाव की कोई योजना नहीं है और इस संबंध में फैल रही खबरें भ्रामक हैं, जो लोगों के बीच अनावश्यक भ्रम पैदा कर रही हैं। मंत्रालय ने आम लोगों से अपील की है कि वे इस प्रकार की अपुष्ट खबरों और सोशल मीडिया पोस्टों पर ध्यान न दें तथा केवल भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और पीआईबी के आधिकारिक माध्यमों से जारी सूचनाओं पर ही भरोसा करें। मंत्रालय ने मीडिया संस्थानों से भी आग्रह किया है कि वे ऐसी भ्रामक सूचनाओं को प्रसारित न करें और केवल प्रमाणिक जानकारी ही साझा करें।

### मोदी सरकार में प्रेस की आजादी हुई कमजोर : खरगे



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि उसके 2014 में सत्ता में आने के बाद से देश की विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में स्थिति बिगड़ी है और भारत दुनिया में प्रेस की आजादी को लेकर 157वें स्थान पर पहुंच गया है जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। श्री खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को एक पोस्ट में कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को एक कठोर और अकाट्य वास्तविकता का सामना करना होगा। प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में 2014 से भारत की स्थिति लगातार गिर रही है और आज यह विश्व में गिरकर 157वें स्थान पर है।

## मप्र के बरगी क्रूज हादसे में आखिरी शव भी मिला, मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 13

**एजेंसी, जबलपुर।**

मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है।

अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह पांच वर्षीय बालक मयूरम और उसके चाचा कमराज (लगभग 50) के शव बरामद किए गए। कमराज खमरिया आयुध निर्माण फैक्टरी में कर्मचारी थे। बरगी के उप पुलिस अधीक्षक अंजुल अयंक मिश्रा ने फोन पर बताया कि दोनों के शव पानी में मिले, जिन्हें बाहर निकाल लिया गया है। अब सभी 13 लापता लोगों का पता चल गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया गया है। हादसे के बाद खोज अभियान के लिए आगरा से हवाई मार्ग से लाए गए सेना के करीब 20 गोताखोरों सहित 200 से अधिक बचावकर्मी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल और स्थानीय गोताखोरों की टीम शामिल रहीं। नौका पर सवार जिन 41 यात्रियों की पहचान की पुष्टि हुई है उनमें से 28 को बचा लिया गया था। सीसीटीवी फुटेज में 43 लोग क्रूज की ओर जाते दिखाई दिए। करीब 20 वर्ष पुरानी थी और राज्य पर्यटन विभाग द्वारा संचालित की जा रही यह नौका बृहस्पतिवार शाम आए तूफान के दौरान पलट गई थी। राज्य सरकार ने शुक्रवार को घटना की जांच के आदेश दिए थे और चालक दल के तीन सदस्यों को बर्खास्त कर दिया था। साथ ही, इस तरह की नौकाओं के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।



### दिल्ली के विवेक विहार में लगी आग में नौ लोगों की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में शाहदरा के विवेक विहार क्षेत्र में चार मंजिला इमारत में रविवार तड़के लगी भीषण आग में नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य झुलस गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पुलिस सूत्रों ने इस घटना में पुष्टि करते हुए कहा कि विवेक विहार पुलिस स्टेशन में रविवार सुबह लगभग 3:48 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारी बी-13, विवेक विहार फेज-I स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, आग ने दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल के फ्लैटों को अपनी चपेट में ले लिया था। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गयी है। राहत-बचाव और आग बुझाने के अभियानों के दौरान, लगभग 15 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। मामूली रूप से घायल दो लोगों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज जारी है।

## बच्चों में मधुमेह प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय गाइडलाइन जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा पर आयोजित राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के दौरान बच्चों में ‘मधुमेह मेलिटस’ (डायबिटीज) के प्रबंधन के लिए एक विस्तृत राष्ट्रीय मार्गदर्शिका जारी की। इस पहल के साथ भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने बचपन में होने वाले मधुमेह को अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में शामिल किया है।

मंत्रालय के अनुसार, इस दस्तावेज़ के जरिए पहली बार देश में बाल मधुमेह की जांच, निदान और उपचार के लिए एक मानकीकृत राष्ट्रीय ढांचा तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के सभी बच्चों की सार्वभौमिक जांच

- मुफ्त इंसुलिन और जांच सुविधा का ऐलान

सुनिश्चित करना है। योजना के तहत सामुदायिक स्तर और स्कूलों में प्रारंभिक पहचान के बाद संदिग्ध बच्चों को जिला स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजा जाएगा।

सरकार ने इस पहल के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में व्यापक सहायता पैकेज की भी घोषणा की है। इसमें निःशुल्क स्क्रीनिंग और जांच सेवाएं, आजीवन मुफ्त इंसुलिन थेरेपी, ग्लूकोमीटर और टेस्ट स्ट्रिप्स जैसे जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इसका मकसद खासकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करना है। जल्दी पहचान को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय ने 4 टी ढांचे पर जोर दिया है, ताकि माता-पिता और शिक्षक शुरुआती लक्षणों को आसानी से पहचान सकें। इनमें बार-बार पेशाब आना, अत्यधिक प्यास लगना, अत्यधिक थकान या सुस्ती महसूस होना और अचानक वजन कम होना शामिल हैं।

दिशा-निर्देशों में केवल उपचार ही नहीं, बल्कि परिवारों के सशक्तिकरण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इसमें इंसुलिन देने की सही तकनीक, नियमित निगरानी और आपात स्थिति में प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं।

मंत्रालय का मानना है कि इस समग्र दृष्टिकोण से देश में बाल मधुमेह के मामलों की समय पर पहचान और बेहतर उपचार संभव हो सकेगा, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य और जीवन गुणवत्ता बेहतर होगी।

**तैयारी** | **आतंकवाद के खिलाफ महाजंग**

## भारत-कंबोडिया की सेनाएं मिलाएंगी हाथ

- काउंटर टेररिज्म ऑपरेशन पर रहेगा मुख्य फोकस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत व कंबोडिया काउंटर टेररिज्म ऑपरेशंस पर फोकस करने जा रहे हैं। यह भारत की सैन्य कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का एक महत्वपूर्ण आयाम है। इसके तहत रविवार को भारतीय सैन्य दल, भारत-कंबोडिया संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास ‘सिनबैक्सदृटी 2026’ के लिए कंबोडिया रवाना हुआ है। यह युद्धाभ्यास कंबोडिया में आयोजित किया जाएगा। यहां दोनों देशों के जवान आतंकवाद-रोधी अभियानों, जंगल एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में ऑपरेशन व समन्वित रणनीतियों पर मिलकर अभ्यास करेंगे। दोनों देशों का यह संयुक्त अभ्यास भारतीय सेना और रॉयल कंबोडियन आर्मी के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग का महत्वपूर्ण प्रतीक है। सिनबैक्स का मुख्य उद्देश्य कंपनी स्तर पर संयुक्त प्रशिक्षण के माध्यम से सब-कन्वेंशनल (अपरंपरागत) वातावरण में सैन्य अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाना है। इस अभ्यास के दौरान सैनिक एक-दूसरे के अनुभवों से सीखेंगे, आधुनिक तकनीकों और रणनीतियों का आदान-प्रदान करेंगे और जमीनी स्तर पर तालमेल को मजबूत करेंगे। खास बात यह है कि इसमें काउंटर-टेररिज्म ऑपरेशंस पर विशेष जोर दिया जाएगा। रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि काउंटर-टेररिज्म ऑपरेशंस आज के वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में बेहद महत्वपूर्ण है। गौरतलब है कि सिनबैक्स केवल एक सैन्य अभ्यास भर नहीं, बल्कि भारत की उस व्यापक सोच का हिस्सा है, जिसमें वह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहा है। यह अभ्यास न केवल दोनों देशों के बीच सैन्य साझेदारी को सुदृढ़ करेगा, बल्कि आपसी विश्वास, समझ और सहयोग को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। दरअसल, भारत और कंबोडिया के बीच यह सहयोग यह दर्शाता है कि दोनों देश मिलकर न केवल अपनी सुरक्षा को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। यह अभ्यास 4 मई से प्रारंभ होगा और 17 मई 2026 तक कंबोडिया साम्राज्य के कंम्पोंग स्पेयू प्रांत स्थित टेको सेन फ्नोम थॉम म्रीस प्रॉव रॉयल कंबोडियन एयर फोर्स प्रशिक्षण केंद्र (कैंप बेसिल) में जारी रहेगा। मित्र देशों के साथ चल रहे भारत के रक्षा सहयोग के अंतर्गत कंबोडिया के साथ यह द्विपक्षीय अभ्यास ‘सिनबैक्स-द्वितीय’ वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बदलते परिदृश्य के संदर्भ में महत्वपूर्ण है।



# 251 खोये मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अजीत कुमार रजक एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सर्विलांस टीम द्वारा विभिन्न कम्पनियों के कुल 251 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग रुपये 51,00,000 (इक्यावन लाख) है, बरामद किये गये। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में वर्ष 2025 के दौरान अब तक जनपदीय पुलिस एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा कुल 695 खोये हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा जनपद में खोये हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी हेतु सर्विलांस टीम एवं समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों के नेतृत्व में टीमों का गठन कर अभियान चलाया गया। जनपदीय सर्विलांस टीम द्वारा सभी थानों से समन्वय स्थापित कर भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल की प्रतिदिन मॉनीटरिंग की गई। इस क्रम में जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न कम्पनियों जिनमें एप्पल, सैमसंग, वीवो, ओप्पो, टेक्नो, रेडमी, वन प्लस आदि कंपनियों के गुमशुदा 251 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किये गये, जिन्हें आज दिनांक 03.05.2026 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया। अपने खोये हुए मोबाइल फोन पुनः प्राप्त कर मोबाइल धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक गोण्डा एवं जनपदीय पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया। जनपदीय टीम में थाना को0 नगर द्वारा 21 मोबाइल, थाना को0 देहात द्वारा 16, थाना खरगूपुर द्वारा 15, थाना इटियाथोक द्वारा 06, थाना तरबगंज द्वारा 24, थाना नवाबगंज द्वारा 21, थाना वजीरगंज द्वारा 06, थाना उमरीबेगमगंज द्वारा 10, थाना मोतीगंज द्वारा 07, थाना कर्नलगंज द्वारा 25, थाना कटराबाजार द्वारा 07, थाना कौड़िया द्वारा 06, थाना परसपुर द्वारा 06, थाना धानेपुर द्वारा 15, थाना को0 मनकापुर द्वारा 11, थाना छपिया द्वारा 07, थाना खोड़ारे द्वारा 14 एवं नोडल सर्विलांस टीम के द्वारा 34 कुल 251 मोबाइल फोन की बरामदगी की गयी।

### जनहित में अपील

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे अपने मोबाइल फोन में 'संचार सारथी एप को प्ले-स्टोर से डाउनलोड कर लें, जिससे भविष्य में मोबाइल खो जाने की स्थिति में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आवश्यक सूचनाएं प्राप्त होती रहें। मोबाइल खोने की स्थिति में मोबाइल की बिल/आईएमईआई, आधार कार्ड एवं पहचान पत्र के साथ अपने स्थानीय थाने पर उपस्थित होकर सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। मोबाइल मिलने की स्थिति में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की सूचना पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त होती रहेगी। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा खोये हुए मोबाइलों की बरामदगी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सर्विलांस टीम को पुरस्कृत किये जाने की घोषणा भी की गई।

## गोंडा में श्रीराम कथा को लेकर रविवार को निकली भव्य कलश यात्रा



**सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ पैड़ीबरा से सरयू घाट करनैलगंज तक निकली यात्रा**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

गोंडा के कौड़िया बाजार स्थित पैड़ीबरा सम्मय माता मंदिर में रविवार से नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन शुरू हो चुका है पूज्य राजन जी महाराज के द्वारा की जाने वाली इस कथा से पूर्व एक कलश यात्रा पैड़ीबरा से सरयू घाट तक निकाली गई श्री राम कथा की शुरुआत रविवार को शाम 5:00 बजे से श्री राजन जी महाराज के श्री मुख से शुरू हो जाएगी कलश यात्रा में सुरक्षा का भरपूर इंतजाम किया गया था पुलिस का काफिला वाहन के आगे-आगे चल रहा था जिससे कहीं कोई चूक न होने पाए इस श्री राम कथा में कई वीवीआईपी हस्तियों के भी आने की संभावना है। 12 में को होगा भव्य भंडारे का आयोजन।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नवाब गंज थाना क्षेत्र के भोपत पुर ग्राम के निवासी 65 वर्षीय मनोहर लाल यादव पुत्र राम अवध साइकिल से दूध देने के लिए बल्दी पुर ग्राम जा रहा था। शुक्रवार के देर शाम को पीछे से एक बाइक पर सवार एक युवक ने टक्कर मार दिया। बाइक पर युवक की पत्नी और दो बच्चे भी थे। इस घटना में साइकिल सवार वृद्ध राम मनोहर लाल को नवाब गंज सी एस सी पर ले गए। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार युवक और उस की पत्नी दो बच्चे भी घायल हो गए। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन से कट कर अधेड़ की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** छपिया थाना क्षेत्र के चांदा बुजुर्ग गांव के निवासी 55 वर्षीय रमेश कुमार पुत्र मिठाई लाल शनिवार की सुबह चार बजे शौच के लिए रेलवे गुमटी कर्मा मुड़ा डीह ग्राम के पास गया था। शौच कर के लौटते समय रेलवे लाइन की पटरी को पार करते समय ट्रेन से कट कर मौत हो गई। काफी देर तक जब घर वापस नहीं आया तो घर वाले खोज बीन किया तब उस की मरने के जानकारी हुई। मृतक के छह बच्चे है। चार पुत्री और दो पुत्र है। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, एक अन्य घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना नैनिहा जंगल के पास उस समय हुई जब दोनों युवक अपनी बहन के घर से लौट रहे थे। खैरीघाट थाना क्षेत्र के रामपुर धोबिया गांव निवासी 22 वर्षीय नागेश पोरवाल अपने 25 वर्षीय साथी अंकित वर्मा के साथ शनिवार को मुर्तियां कोतवाली के मँझरा गांव में अपनी बहन के घर गए थे। लौटते समय, उनकी बाइक (यूपी 40 ए. जेड. 6108) को नैनिहा जंगल के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी मोतीपुर ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने नागेश पोरवाल को मृत घोषित कर दिया। अंकित वर्मा को सीने में गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय नगर कोतवाली पुलिस ने मृतक नागेश पोरवाल का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही पूरी की। परिवार में शोक का माहौल है। मोतीपुर पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था। पुलिस टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

### विवाहिता ने पति, ससुराल वालों पर लगाए आरोप, डीएम-एसपी से की फरियाद

**दहेज उत्पीड़न, मारपीट व दूसरी शादी की शिकायत**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली नानपारा क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने दहेज उत्पीड़न, मारपीट और पति द्वारा दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। यह शिकायत शनिवार को तहसील समाधान दिवस पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से दर्ज कराई गई। प्रार्थिनी नानपारा की निवासी हैं। उन्होंने बताया कि उनका विवाह कई साल पहले हुआ था। महिला का आरोप है कि उनके पति उन्हें लगातार मारते-पीटते थे और दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। महिला के अनुसार, उनके पति और परिवार के सदस्यों ने उन्हें मारपीट कर घर से निकाल दिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके पति ने दूसरी महिला से पुनर्विवाह कर लिया है। महिला ने बताया कि उन्हें अपने पति और ससुराल वालों से जान-माल का खतरा है। वह वर्तमान में अपने मायके में रहकर जीवन यापन कर रही हैं। उन्होंने अधिकारियों से मौके की जांच पुलिस बल द्वारा करवाकर दोषी पति, ससुर और जेठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने और उन्हें जेल भेजने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने प्रभारी निरीक्षक नानपारा को मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। इस पर प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, पांच बाइक बरामद, तीन गिरफ्तार

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**




रविवार को थाना छपिया के उ0नि0 घनश्याम वर्मा मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर नगरा खुर्द तिराहे के पास घेराबंदी कर 03 शतिर चोरो को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 03 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुईं तथा उनकी निशानदेही पर बभनान रेलवे स्टेशन गोदाम के पास छिपाकर रखी गई 02 अन्य चोरी की मोटरसाइकिलों की बरामदगी की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे संगठित गिरोह बनाकर विभिन्न स्थानों (बाजार, स्टेशन, सुनसान जगह) पर खड़ी मोटरसाइकिलों की रेकी कर मास्टर चाबी की मदद से चोरी करते थे। गिरोह में नरेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ छोटू, मगरू चौहान, धनंजय, अवनीश गुप्ता व विशाल चौधरी शामिल हैं। बरामद मोटरसाइकिलें अलग-अलग स्थानों (दढ़ीवा मेहनिया, अयोध्या, बभनान क्षेत्र) से चोरी की गई थीं। चोरी के बाद वाहन विशाल चौधरी को लगभग रुपये 4000/- प्रति मोटरसाइकिल में बेचे जाते थे। अभियुक्त नरेन्द्र के पास से बरामद रु. 2100/- पूर्व चोरी की घटना का हिस्सा है। घटना के दिन भी अभियुक्त 03 मोटरसाइकिल बेचने जा रहे थे। यह एक संगठित वाहन चोर गिरोह है, जिसके फरार सदस्य अवनीश गुप्ता व विशाल चौधरी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

01. नरेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ छोटू पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी अभयपुर थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती।
02. मंगरू चौहान पुत्र राम बिताने चौहान निवासी नगराखुर्द थाना छपिया जनपद गोण्डा।
03. धनन्जय पुत्र रामनिरंजन चौधरी निवासी गोपालपुर थाना पैकोलिया जनपद बस्ती।

## आठ साल के बच्चे पर कुत्ते का हमला, हाथ-पैर में गहरे घाव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के दरगाह थाना क्षेत्र में एक 8 वर्षीय बच्चे पर कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्चा घर के बाहर नल पर पानी पी रहा था, तभी अचानक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। परिवार के सदस्यों ने लाठी-डंडे लेकर दौड़कर बच्चे को बचाया और उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना जहौरा ग्राम में हुई, जहां के निवासी का 8 वर्षीय बेटा अमन घर से कुछ दूरी पर लगे नल पर पानी पीने गया था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ और पैर में गहरे घाव हो गए। अमन की चीख सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और डंडे लेकर कुत्ते को भगाया। घायल अमन को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे की हालत अब खतरे से बाहर है। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से गांव में घूम रहे आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## एसपी ने थाना मोतीपुर व मूर्तिहा का किया निरीक्षण

**अभिलेखों, महिला हेल्पडेस्क व लंबित प्रार्थना पत्रों की करी समीक्षा**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने थाना मोतीपुर व थाना मूर्तिहा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों, महिला हेल्पडेस्क तथा लंबित प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की। इस अवसर पर निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का विधिवत पंजीकरण सुनिश्चित करते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण में फरियादियों से फीडबैक प्राप्त करने पर विशेष बल दिया गया।पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में आने वाले आगंतुकों के साथ शालीन, संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा।मालखाना निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं माल सामग्री के सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रख-रखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके अतिरिक्त थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र, हवालात, बैरक, मेस एवं शौचालयों का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता तथा संसाधनों के प्रभावी रख-रखाव को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं उनकी उचित दिशा सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। एसपी ने थाने पर नव नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों से वार्ता की तथा उनके रहने के लिए आवास व भोजन व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

## दलहनी फसलों के लिए उपयोगी जनपद की भूमि-जलवायु

**कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच में गोष्ठी आयोजित**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.पी.एन. गौतम की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के परिसर में संतुलित उर्वरकों का प्रयोग विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आईसीएआर-भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर के वैज्ञानिकों की टीम जिसमें प्रमुख रूप से प्रधान वैज्ञानिक डॉ. हेमन्त कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ए.के. परिहार, वैज्ञानिक डॉ. वैभव कुमार, वैज्ञानिक डॉ. आदर्श कुमार सहित अन्य कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम स्थल पर वैज्ञानिकों का दल पहुंचने पर कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के वैज्ञानिकों तथा प्रगतिशील कृषकों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कृषि वैज्ञानिक डॉ. परिहार ने किसानों दलहनी फसलों की खेती करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि जनपद की जलवायु व भूमि दलहनी फसलों के लिए उपयोगी है। डॉ. वैभव ने बताया कि दलहनी फसलें मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाती है तथा भोजन के माध्यम से दाले मानव शरीर के लिए प्रोटीन की पूर्ति भी करती हैं। डॉ. हेमन्त ने बताया कि मसूर की बायो-फोर्टिफाइड प्रजाति आईपीएल-220 को ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रफल में बोना चाहिए। क्योंकि इसके दाने में जिंक और आयरन काफी मात्रा मे पाया जाता है। डॉ आदर्श ने किसानों को सुझाव दिया कि मृदा नमूना की जांच के आधार पर ही संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें। उन्होंने भूमि की उर्वरा शक्ति में बढ़ोत्तरी के लिए हरी खाद का प्रयोग करते रहें। गोष्ठी के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के कृषि वैज्ञानिकों डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. नंदन सिंह,डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. अरुण कुमार राजभर व अन्य ने भी कृषकों को उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सी.पी.एन. गौतम ने कहा कि उर्वरक का संतुलित प्रयोग करने से उत्पादन लागत घटने से कृषकों को ज्यादा लाभ प्राप्त होगा। डॉ. गौतम ने मौजूद सभी कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषकों का आभार ज्ञापित करते हुए यह कार्यक्रम जनपद के किसानों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला कृषक मौजूद रहीं।

## नेकी की दीवार संस्था ने मेधावी छात्र-छात्राओं व पत्रकारों को किया सम्मानित

**शिक्षा, मेहनत व नैतिक मूल्यों के महत्व पर साझा किया प्रेरक विचार**

**जरवल कस्बा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**




नगर पंचायत जरवल में नेकी की दीवार आओ हाथ बढ़ाए के प्रेरणादायक बैनर तले शहनाई मैरिज हॉल में शनिवार को मेधावी छात्र-छात्राओं व पत्रकार सम्मान समारोह बड़े ही शानदार, गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। क्षेत्र के होनहार बच्चों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की ईश्वर से कामना की गई।

उपस्थित अतिथियों ने शिक्षा, मेहनत और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रेरक विचार साझा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया व संस्था का परिचय अज़ीमुद्दीन अज्जी द्वारा, माल्यार्पण के साथ पुस्तक वितरण, तथा कार्यक्रम के उद्देश्य पर विस्तृत वक्तव्य रहा। मुख्य अतिथि संदीप सिंह ब्लॉक प्रमुख रहे। जिनके विशेष उद्बोधन में तारिक रजा के विचारों ने सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक मोमिन हाशमी ने किया। कार्यक्रम के अतिथि में प्रमोद कुमार लोकतन्त्र सेनानी,प्रधानाचार्या फात्मा गर्ल्स कॉलेज तारनुम फातिमा, प्रधानाचार्य जय जवान जय किसान इंटर कॉलेज अम्मार अहमद, रजिउद्दीन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिमरन खान, मौलाना खालिद, प्रबंधक मदनी इंटर कॉलेज अरशद रईस, नजमुजमा, सपा नेत्री मंतसा खान, समाज सेवी कमाल अहमद, अध्यापक अलीम अहमद, जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा सौरभ कसौंधन, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सभासद संतोष श्रीवास्तव,अकरम सईद, सहित क्षेत्रीय गणमान्य रहे। सम्मानित मेधावी बच्चों में जवेरिया, शादाब खान, नजराना ईमान, प्रांजल यादव, रुशान अहमद खान, वीर विक्रम सिंह, परिधि को मेडल, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। व इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई एवं पत्रकार में अबु सहमा, मोहम्मद वसीम, अस्मित रस्तोगी,राम बाबू लोधी,इसरार सिद्दीकी, अशोक मिश्रा,अनिल सोनी सहित सभी पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। नेकी की दीवार संस्था के संस्थापक अजीमुद्दीन अज्जी ने सभी आए हुए मेहमानों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

## नानपारा सीएचसी का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**डीएम के निर्देश पर हुई जांच, मिलीं कई अव्यवस्थाएं**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



डीएम के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सुनील कुमार धनवंता ने नानपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण किया। पूर्व नगर पालिका परिषद नानपारा की नसीबुन निशा की शिकायत के बाद यह जांच की गई, जिसमें अस्पताल में कई अव्यवस्थाएं पाई गईं। नसीबुन निशा ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर शिकायत की थी। इस पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीडीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित कर जांच के आदेश दिए थे। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बहराइच संजय कुमार और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) नानपारा मोनालीसा जौहरी भी उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने जनरेटर व्यवस्था, दवाओं की कमी, खराब एटीएम मशीन और एक्स-रे टेक्नीशियन के अभाव में बंद पड़ी एक्स-रे सेवा सहित विभिन्न बिंदुओं पर गहन जांच की। जांच के बाद, सीएमओ बहराइच ने सोमवार से अस्पताल में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया है।

## बहू-बेटी सम्मेलन में पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक




**दहेज व बाल विवाह के खिलाफ दिया संदेश**

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना सादुल्ला नगर जनपद बलरामपुर द्वारा मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के अंतर्गत ग्राम मनुवागढ़ में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी सत्येन्द्र वर्मा ने किया, जिसमें महिला उपनिरीक्षक तेजल पटेल व महिला आरक्षी शिवांगी भार्गव की सक्रिय सहभागिता रही।

सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसके दुष्परिणाम समाज पर गंभीर प्रभाव डालते हैं। साथ ही दहेज प्रतिषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, यूपी आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102/ 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में अवगत कराया गया।

इसके अलावा नशा मुक्ति अभियान के तहत मादक पदार्थों के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला गया और पुरुषों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को थाना परिसर में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र एवं परिवार परामर्श केंद्र की जानकारी देते हुए कानूनी सहायता व शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

## जिला कार्यसमिति बैठक को लेकर भाजपा की तैयारी तेज, संगठन मजबूती पर हुआ मंथन

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय अटल भवन पर 5 मई को प्रस्तावित जिला कार्यसमिति बैठक की तैयारियों को लेकर रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और सशक्त बनाने, कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा कहा कि जिला कार्यसमिति बैठक संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, जिसमें आगामी रणनीतियों को अंतिम रूप दिया जाता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से पूरी तैयारी के साथ सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। जिला महामंत्री डॉ. अजय सिंह 'पिंकू' ने कहा कि कार्यसमिति बैठक के माध्यम से



संगठन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से जमीनी स्तर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों को समयबद्ध तरीके से अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा, महेंद्र पांडे, जिला उपाध्यक्ष वरुण सिंह 'मोनू', जिलामंत्री तरुण तिवारी, अरविंद तिवारी, शैलेंद्र सिंह, साधना पांडे, नंदनी शुक्ला, अमर शुक्ला, आलोक रंजन, अंशुमाली भारतवंशी, अंशमान शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनसेवा से पहचान बना रहे राधेश्याम वर्मा, जन्मदिन पर उमड़ा जनसमर्थन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहकर अपनी अलग पहचान बना रहे राधेश्याम वर्मा का जन्मदिन इस वर्ष जनसमर्थन, सम्मान और आत्मीयता के माहौल में मनाया गया। गांधीनगर अमया स्थित आरएसवी बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, शुभचिंतकों और क्षेत्रीय लोगों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन एक सामाजिक उत्सव का रूप लेता नजर आया।

कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र पटवा के नेतृत्व में हुआ, जहां केक काटकर जन्मदिन मनाया गया और उपस्थित लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने राधेश्याम वर्मा के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। बताया गया कि राधेश्याम वर्मा ने मुंबई में रहते हुए कैंसर मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए वर्षों तक निःशुल्क भोजन सेवा चलाई, जिससे असंख्य जरूरतमंदों को राहत मिली। वहीं वर्तमान में उतरौला स्थित उनके आरएसवी हॉस्पिटल में प्रत्येक रविवार को निःशुल्क ओपीडी शिविर आयोजित किया जाता है, जहां गरीब और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। उनके इन कार्यों ने उन्हें एक संवेदनशील और समर्पित समाजसेवी के रूप में स्थापित किया है। कार्यक्रम में हीरालाल वर्मा, पारसनाथ जी और किशनलाल वर्मा सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। हीरालाल वर्मा ने कहा कि राधेश्याम वर्मा का सेवा भाव उन्हें समाज में अलग पहचान दिलाता है। पारसनाथ जी ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाने की सोच रखते हैं। वहीं किशनलाल वर्मा ने कहा कि ऐसे लोग ही समाज की वास्तविक ताकत होते हैं, जो निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने यह भी कहा कि राधेश्याम वर्मा के प्रयासों से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है और उनके कार्य अन्य लोगों को भी समाजसेवा के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे आगे भी इसी तरह समाज के हित में कार्य करते रहेंगे। यह आयोजन न केवल एक जन्मदिन समारोह रहा, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और एकजुटता का संदेश देने वाला प्रेरणादायक कार्यक्रम भी साबित हुआ।

# अखिलेश ने यूपी बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं किया सम्मानित

**▸ गाइड व टीचर अच्छा हो, तो स्टूडेंट अपने आप सही रास्ते पर चलता और आगे बढ़ता रहता है**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देकर सम्मानित किया। उन्होंने यूपी बोर्ड में 10वीं और 12वीं में अपने-अपने जिले में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके अग्रिम उज्जवल भविष्य की बधाई दी।



अखिलेश यादव ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जब गाइड और टीचर अच्छा हो, तो स्टूडेंट अपने आप सही रास्ते पर रहेगा। आज जो बच्चे यहां आएं हैं, मैं उनको बधाई देना चाहता हूं कि उनकी मेहनत से, उनके परिश्रम से न केवल उनका सम्मान हो रहा है बल्कि उनके माता-पिता और परिवार का भी सम्मान बढ़ रहा है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि चीजें बदल रही है। किसी जमाने में केवल सड़कें होती थी और केवल लोग सड़क की मांग करते थे। लेकिन अब एक्सप्रेस वे बनने लगे हैं। बड़ी-बड़ी सड़कें बन रही हैं। इंटरनेट भी इन्फॉर्मेशन का हाईवे बन गया है और एआई के आने के बाद से हमें एक और गाइड और टीचर के ऊपर एक और टीचर मिल गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कभी-कभी सुनने को मिलता है कि जो लैपटॉप सपा सरकार में दिए थे वो आज भी चल रहे हैं और उनके माध्यम से पढ़ाई करके ही आज वे विद्यार्थी रोजगार, नौकरी आदि से जुड़ सके तो अच्छा लगता है।

अखिलेश ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार झूठ बोलने और महंगाई बढ़ाने वाला जिम्मेदार बताया। उन्होंने महंगाई पर हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी झूठ की सोनपापड़ी है। एक झूठ की परत के ऊपर वो दूसरी झूठ की परत चढ़ा देते हैं। आम लोग जानते थे कि जैसे ही चुनाव खत्म होगा, उसके बाद महंगाई बढ़ जाएगी। डीजल, पेट्रोल और गैस के साथ महंगाई से केवल सिर्फ उन चीजों की महंगाई नहीं बढ़ती है बल्कि बड़े पैमाने पर हर चीज की महंगाई बढ़नी शुरु हो जाती है।

**प्रदेश में बंद किए गए स्कूल व कम किए जा रहे शिक्षक**

अखिलेश यादव ने प्रदेश में शिक्षा में कमी लाने का जिम्मेदार सरकार को बताया। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि यूपी के 41 हजार प्राइमरी स्कूलों में एक भी बच्चे का एडमिशन नहीं हुआ। इससे ज्यादा स्कूल बंद हो गए। गोरखपुर की बात करें तो जिले में पहले कई हजार टीचर थे, अब हजारों कम हो गए। समझिए टीचरों को लेकर क्या स्थिति है।

# सपा की अराजकता हमेशा के लिए दफन हो जाएगी : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा पर पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव को एक नेक सलाह है कि वे गलतफहमियों का शिकार न बनें। सपा अध्यक्ष ने एक दिन पहले सोशल मीडिया पर लिखा था कि एक-दूसरे को पीछे धकेलने की साज़िश ही भाजपा की असली सच्चाई है।

इसके बाद उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर रविवार को लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी और सरकार का नेतृत्व करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मेरे साथ समूचा भाजपा



नेतृत्व और हर एक भाजपा कार्यकर्ता चट्टान की तरह एकजुट है। केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि सपा को सफा करने का हमारा संकल्प अटल है। बांटो और सत्ता हथियाने की आपकी सारी कसरत धरी की धरी रह जाएगी। सपा की गुंडागर्दी और अराजकता हमेशा के लिए दफन हो जाएगी। 2017 व 2022 में आपका और आपकी सपा का जो हश्र हुआ था, उससे भी बुरा हाल 2027 में होने जा रहा है। यह गांठ बांध लीजिए। अखिलेश यादव के इशारों पर मर्यादा लांघकर 'फर्जी पीडीए' परोसने वालों को उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता भली-भांति पहचानती है। सदन में उनकी भाषा और आचरण ही उनके समर्थकों की शैली और व्यवहार में साफ़-साफ़ दिखाई पड़ते हैं और यही उनकी राजनीति की असल फितरत भी बेनकाब करते हैं। उप मुख्यमंत्री ने लिखा कि साफ है कि 2027 क्या, 2047 तक भी सैफई परिवार का मुख्यमंत्री बनने का सपना अधूरा ही रहेगा। सपा का पूरा इतिहास अराजकता, जुल्म और गुंडागर्दी के काले पन्नों से भरा रहा है, जिसे प्रदेश की जनता अब दोबारा स्वीकार करने वाली नहीं है। उत्तर प्रदेश में फिर एक बार कमल खिलेगा और सुशासन कायम रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### चारबाग स्टेशन से तस्कर गिरफ्तार, 38 लाख की सिगरेट बरामद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चारबाग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ क्राइम ब्रांच की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 38.40 लाख रुपए कीमत की सिगरेट बरामद की है। यह खेप पार्सल से स्मगलिंग कर नई दिल्ली से लखनऊ लाई गई थी। याहियागंज बाजार में इसे ठिकाने लगाने की तैयारी थी। आरपीएफक्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सतर्क के तहत कार्रवाई की गई। टीम ने गाड़ी नंबर 12004 नई दिल्ली-लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस से आए लीज पार्सल की जांच की। इसमें 560.2 किलोग्राम वजन की 3.84 लाख सिगरेट बरामद हुईं। जांच में पता चला कि पार्सल में गलत सामान दिखाकर खेप मंगाई गई थी, क्योंकि सिगरेट ट्रेन में लाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। जांच में सामने आया कि पार्सल बुकिंग के दौरान सिगरेट की जगह फोन कवर, जींस और प्लास्टिक सामान दर्ज कराया गया था, ताकि जांच से बचा जा सके। उपनिरीक्षक प्रशांत सिंह यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टीम ने पार्सल गेट के बाहर आसिफखान निवासी हुसैनगंज, कैसरबाग को 16 पार्सल पैकेट ले जाते हुए पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि माल अनुज महेश्वरी का है, लेकिन वह किसी भी तरह का वैध लाइसेंस, परमिट या प्राधिकार पत्र नहीं दिखा सका। मौके पर टीम ने टोजल सुपरमिंट ब्लेंड मास्टर फिल्टर 167.5 किलो, इंप्रेशन क्रश मिंट फिल्टर 392.7 किग्रा बरामद किया गया। इसमें कुल सिगरेट स्टिक 3,84,000 मिली। इसकी बाजार कीमत करीब 38.40 लाख रुपए है। आरपीएफने दोनों ब्रांड की एक-एक डिब्बी नमूने के रूप में अलग कर बाकी माल सील कर जब्त कर लिया है। मामले में रेल अधिनियम की धारा 163 के तहत केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार्रवाई में अपराध आसूचना शाखा और आरपीएफलखनऊ जंक्शन की टीम शामिल रही। अधिकारियों का कहना है कि पार्सल के जरिए अवैध सामान की तस्करी रोकने के लिए जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान मौके पर टीम में हेड कांस्टेबल महेंद्र नाथ, कांस्टेबल हेमंत कुमार और अविनाश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### ईदगाह में 197वॉ नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रसूले पाक सल्ल0 की शिक्षाओं व हिदायतों और शरअई आदेशों के मुताबिक़ मख़लूके खुदा की सेवा करना बड़े सवाब का काम है। यह नेक अमल खुदा की तौफ़ीक़ से होता है। हम को चाहिए कि यह काम खुदा पाक की रजा हासिल करने के लिए खुश दिली से करें। इस लिए कि यह मुबारक अमल न केवल मानवता की तामीर व तरक़्क़ी का जरिया है बल्कि यह अपने करने वाले के व्यक्तित्व को निखारता है और उसको खुदा के करीब भी करता है। इन ख्यालात का इज़्हार इमाम ईदगाह व काजी शहर लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फ़रंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया फ़रंगी महल ने किया। वह आज इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया, मैक्स हास्पिटल और काइंड हस्पिटल के सौजन्य से दारूल उलूम फ़रंगी महल ईदगाह लखनऊ में आयोजित मांसिक नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि जरूरत मन्दों और गरीबों की सहायता व सहयोग करना इस्लाम की शिक्षा व हिदायत पर अमल करना है। समाज सेवा जैसे नेक काम के नमूने हमको रसूले पाक सल्ल0 की सीरत और साहाबा रजि0 के हालात में बहुत मिलते हैं। मौलाना ने कहा कि इस्लामिक सेन्टर के अर्न्तगत इस नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का आरम्भ मौलाना अबू तैय्यब अहमद मियॉ फ़रंगी महली की सरपरस्ती में सन् 2000 में हुआ था। आज 197वॉ कैम्प था। यह हर महीने की पहली इतवार को लगता है। इस कैम्प से बिना किसी धार्मिक भेद भाव के हजारों लोग लाभ उठा चुके हैं। यहॉ नि:शुल्क चश्मे दिये जाते हैं। ब्लड प्रेशर, शूगर, थाईराइड, स्त्री रोग इत्यादि की जॉच और नि:शुल्क दवायें दी जाती हैं। इस कैम्प में काइन्ड हास्पिटल के डायरेक्टर और प्रख्यात चिकित्सक डा0 शारिक हबीब, मैक्स हास्पिटल की पूरी टीम, टेक्नेशियन उवैस अहमद, अम्बर ट्रस्ट के जुबैर अहमद किदवाई ने अपनी अपनी सेवाओं को अंजाम दिया। मेहमानों का स्वागत अदनान खॉ और मौलाना अब्दुल लतीफने किया और शुक्रिया क़ारी हारून निजामी ने अदा किया।

### वार्डों की दुरुस्त हो बिजली व्यवस्था : महासमिति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा नगर आवासीय महासमिति की आपात बैठक देवीशरण त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुलाई गई, जिसमें इंदिरा नगर के सभी वार्डों की बिजली सुधार पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया है कि, इंदिरा नगर की सभी वार्डों में बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया और इंदिरा नगर के आसपास की कॉलोनियों के जर्जर ट्रांसफार्मर तथा खम्भों में लगे तारों को मजबूत करने पर बल दिया गया है और जिन इलाकों में नगर निगम के खम्भों पर तार खींचे गए हैं, उन्हें अलग खम्भों से जोड़ा जाए, इस आशय का पत्र बिजली मंत्री को लिखा गया है कि, सभी वार्डों की बिजली व्यवस्था मजबूत करने पर बल दें, साथ ही जनता द्वारा की जा रही शिकायतों को भी निपटाये जाने के आदेश दें। जिससे भीषण गर्मी में निवासियों को परेशानी न उठाना पड़े। बैठक में सुभाष शर्मा, डॉ.आर. पी. सिंह ,कैलाश जैन, महेश वाल्मीकी, सुनीता श्रीवास्तव, रामकेवल वर्मा, कीर्ति चौधरी, नवीन सिंह, सुनील त्यागी, आलोक सक्सेना शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर रेस्क्यू ऑपरेशन बचाये गये टंकी हादसे में फंसे बच्चे

**▸ हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर सुरक्षित निकाले गए 2 बच्चे, दलदली जमीन और टूटी सीढ़ी ने बढ़ाई मुश्किलें**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थनगर के नवगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम बेलसड़ तप्पा थरौली में पानी की टंकी पर हुए हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन ने युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान चलाया। रील बनाने के लिए टंकी पर चढ़े पांच बच्चों में से सीढ़ी टूटने के कारण तीन नीचे गिर गए, जिनमें एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो



घायल हो गए। वहीं दो बच्चे टंकी के ऊपर ही फंस गए थे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने तत्काल संज्ञान लिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि फंसे बच्चों को सुरक्षित निकालने में कोई ढिलाई न बरती जाए। सीएम योगी के निर्देश के बाद जिला प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने हालात की गंभीरता को देखते हुए राहत आयुक्त से हेलीकॉप्टर की मांग की, जिसे तत्काल स्वीकृति मिल गई।सीएम योगी के निर्देश पर चलाए गए अभियान में कई बाधाएं सामने आई। टंकी के आसपास जलभराव के कारण जमीन दलदली हो गई थी, जिससे भारी मशीनरी जैसे जेसीबी और क्रेन का उपयोग संभव नहीं हो सका। टंकी की ऊंचाई और टूटी सीढ़ी के कारण ऊपर पहुंचना जोखिम भरा था, बावजूद इसके प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमों ने लगातार प्रयास जारी रखा। भारतीय वायुसेना से सहायता ली गई। गोरखपुर से हेलीकॉप्टर मंगवाया गया, जिसने रविवार सुबह मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया। एयरफोर्स की टीम ने अत्यंत सावधानी से दोनों फंसे बच्चों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित नीचे उतार लिया।

### मंत्री असीम अरुण की भक्तों से अपील प्लास्टिक-मुक्त और हरित बड़ा मंगल मनाएं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बड़े मंगल के पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों के मंगलमान और भंडारा आयोजकों से एक विशेष अपील की है। उन्होंने आह्वान किया है कि इस बार हनुमान जी की सेवा का यह महापर्व न केवल श्रद्धा और उल्लास का प्रतीक बने, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा का एक बड़ा उदाहरण पेश करें। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि सेवा और स्वच्छता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जब हम बजरंगबली के भक्तों की सेवा करते हैं, तो यह हमारा दायित्व है कि हम अपनी धरती माता को प्रदूषित न करें। उन्होंने अपील की है कि भंडारों में प्लास्टिक या थर्माकोल की थाली, चम्मच और गिलास का उपयोग पूरी तरह से बंद करें। इनके स्थान पर पत्तल (दौना) और कागज के गिलासों का उपयोग करें।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक कदम : सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ/देवरिया, समृद्धि न्यूज।**

यूपी के जनपद देवरिया में विकास खंड पथरदेवा में रविवार को स्थानीय मंडल के पार्टी पदाधिकारियों एवं शक्ति केंद्र संयोजकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री शाही ने 'नारी शक्ति वंदन' अभियान के तहत दी गई जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है और इसे हर घर तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने और अधिक



से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष हरीश शाही, जिला पंचायत सदस्य सुजीत प्रताप सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष मुरारी मोहन शाही, पूर्व जिला महामंत्री रामाशीष प्रसाद और नगर अध्यक्ष क्रांति सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युवक ने की आत्महत्या

**▸ पत्नी और ससुरालियों पर प्रताड़ना का आरोप**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नगराम थाना क्षेत्र के अमेठियन का पुरवा गांव में शनिवार देर रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 28 वर्षीय प्रशांत कुमार सिंह के रूप में हुई है।

परिजनों ने आरोप लगाया है कि प्रशांत ने अपनी पत्नी ममता सिंह और ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर यह कदम उठाया है। मृतक के पिता ने अपनी बहू और ससुरालियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अमेठियन का पुरवा निवासी अशोक कुमार सिंह के 28 वर्षीय बेटे प्रशान्त कुमार सिंह का विवाह अप्रैल 2018 में बलरामपुर जिले के गैड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र स्थित दुधरा गांव निवासी राजकरन सिंह की बेटी ममता सिंह उर्फ रुचि सिंह के साथ हुआ था। दोनों के दो बच्चे हार्दिक (7) और यश (4) हैं। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही प्रशान्त की पत्नी ममता सिंह घर में अक्सर कलह करती थी। रिश्तेदारों के हस्तक्षेप से मामला कुछ समय के लिए शांत हो जाता था, लेकिन बाद में फिर विवाद शुरू हो जाता था। आरोप है कि ममता की बड़ी बहन रुबी सिंह, बब्बी सिंह और उसकी मां श्याम कुमारी के उकसाने पर विवाद और बढ़ जाता था, जिससे प्रशान्त मानसिक रूप से काफी



परेशान रहने लगा था। बताया जा रहा है कि पिछले दो-तीन दिनों से घर में लगातार विवाद चल रहा था। शनिवार को भी दिनभर कहासुनी के बाद शाम करीब आठ बजे प्रशान्त ने कमरे में छत के पंखे से दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोसाईंगंज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के परिजनों ने पत्नी ममता सिंह, उसकी बहनों रुबी व बब्बी सिंह और सास श्याम कुमारी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडे ने बताया की मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व प्रशांत की सास श्याम कुमारी और सालियां रुबी सिंह व बब्बी सिंह गांव स्थित घर पर पहुंची थीं, जहां उन्होंने जमकर हंगामा किया था। परिजनों के अनुसार, इस दौरान घर का माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया था। प्रशान्त मानसिक रूप से और अधिक दबाव में आ गया था। इसी घटना के बाद से वह लगातार परेशान चल रहा था।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रदर्शन, आप नेताओं को घसीटकर ले गई पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी में आप पार्टी ने आज स्मार्ट मीटर के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आप नेता और कार्यकर्ता शक्ति भवन पहुंचे। वहां से नारेबाजी करते हुए विधानसभा की ओर बढ़ने लगे। हाथों में पोस्टर और तख्ती लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने श्रीराम टावर के पास रोक लिया। प्रदर्शनकारी आगे बढ़ने की जिद पर अड़ गए। इस पर उनकी पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। घसीटते हुए गाड़ी में बैठाकर ईको गार्डन ले गई।

प्रदर्शन में शामिल प्रतिपाल सिंह ने पगड़ी नोच कर अपमानित करने का आरोप लगाया है। जिला अध्यक्ष इरम ने कहा कि स्मार्ट मीटर धोखा है। स्मार्ट






मीटर के नाम पर हम सभी लोगों को गुमराह किया जा रहा है । स्मार्ट मीटर से स्मार्ट तरीके से जनता को लूटने का काम हो रहा है। जबरदस्ती घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जो हमें स्वीकार नहीं है। इसके खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और जब तक स्मार्ट मीटर लगना बंद नहीं हो जाएगा विरोध चलता रहेगा। आम आदमी पार्टी आम आदमी के लिए संघर्ष कर रही है। प्रदर्शन कर रहे दिनेश ने कहा कि मौजूदा सरकार प्रदेश की जनता को लूटने का काम कर रही है। महंगाई और स्मार्ट मीटर के खिलाफ हम लोग हल्ला बोल आंदोलन कर रहे हैं। यह प्रदर्शन पूरे प्रदेश में हो रहा है। प्रदेश की जनता महंगाई से पहले ही त्रस्त थी। अब स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता को और अधिक परेशान किया जा रहा है। महंगी बिजली दी जा रही है। स्मार्ट मीटर की वजह से बिल में जबरदस्त तरीके से बढ़ोतरी आ रही है, जिसका हम लोग विरोध कर रहे हैं। स्मार्ट मीटर से जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा। केंद्र और राज्य की सरकार उद्योगपतियों के लिए काम कर रही हैं। बिजली जो एक मूल जरूरत है इस मुनाफे का सौदा बना दिया गया है। प्रदर्शन में शामिल सरदार प्रतिपाल सिंह ने कहा कि हम जनता के लिए सड़क पर उतरे हैं, मगर पुलिस हमारे साथ अभद्रता कर रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस के द्वारा उनकी पगड़ी को नोच कर खोल दिया गया। उन्हें जमीन पर घसीटा गया। पगड़ी हमारा सम्मान है, जिसे उतार कर पुलिस ने पहचान और हमारे धर्म का अपमान किया है। यह स्मार्ट मीटर लूट का स्मार्ट तरीका है। रिचार्ज होने के बाद भी मीटर बंद और बत्ती गुल होजाती है। 5 गुना अधिक बिल आ रहा है। जनता त्रस्त हो चुकी है। पूरे प्रदेश में स्मार्ट मीटर से हाहाकार मचा हुआ है।

# भीषण गर्मी में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए उत्पीड़न की कार्रवाइयां तत्काल वापस ली जाएं : विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी के चलते प्रदेश में बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे समय में उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्रभावी समाधान निकालने और बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने का एकमात्र रास्ता यह है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन टकराव की नीति छोड़कर सकारात्मक पहल करे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने रविवार को कहा कि




पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष तत्काल संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों को वार्ता के लिए बुलाएँ और उन्हें विश्वास में लेकर गर्मियों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें। संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि मार्च 2023 से शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे बिजली कर्मियों पर की गई सभी अनुशासनात्मक एवं उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयाँ तत्काल वापस ली जानी चाहिए। यह कार्रवाइयाँ किसी कदाचार के कारण नहीं, बल्कि शांतिपूर्ण आंदोलन के चलते की गई हैं। ऐसी स्थिति में सामान्य कार्य वातावरण बहाल करने के लिए इनका समाप्त होना अत्यंत आवश्यक है।

### यूपी की स्वास्थ्य सेवाएं बन रहीं दूसरे राज्यों के बच्चों के लिए संजीवनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में नवजात मृत्यु दर (आईएमआर) को और कम करने के लिए अपग्रेड की जा रही स्वास्थ्य इकाइयों का लाभ दूसरे राज्यों के बच्चों को भी मिल रहा है। लगातार नए विकसित हो रहे व अपग्रेड हो रहे सिक न्यूबार्न केयर यूनिट (एसएनसीयू), न्यूबार्न स्टेबलाइजेशन यूनिट (एनबीएसयू), सी-पैप मशीन के प्रयोग से प्रदेश में तो आईएमआर कम हुआ ही है, मध्यप्रदेश, राजस्थान जैसे दूसरे राज्यों के नवजातों की जान बचाने में भी यूपी की स्वास्थ्य इकाइयां मददगार साबित हो रही हैं।

**तैयारी** | **हर साल 10 लाख से अधिक युवाओं को एडवांस स्किलिंग लक्ष्य**

# 12 मेगा स्किल हब व 63 जिला केंद्र बनेंगे विकास की धुरी

**▸ हब एंड स्पोक मॉडल से प्रदेशभर में स्किल और उद्योग को मिलेगा बढ़ावा**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगारपरक कौशल से जोड़ने के लिए 'सरदार पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन्स के तहत 12 मेगा स्किल हब और 63 जिला स्किल केंद्र स्थापित करेगी। यह मेगा स्किल हब और जिला स्किल केंद्र प्रदेश की आर्थिक प्रगति के साथ युवाओं के भविष्य को भी मजबूत आधार देंगे।

योगी सरकार 14,760 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके जरिये योगी सरकार ने हर साल 10 लाख से अधिक युवाओं को एडवांस स्किलिंग देने का लक्ष्य रखा है। योगी सरकार की योजना 'हब एंड स्पोक' मॉडल पर आधारित होगी। इसमें 12 बड़े शहरों क्रमशः लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, आगरा, मेरठ, सहारनपुर, झांसी, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद में मेगा स्किल हब बनाए जाएंगे। इनके साथ जुड़े 63 जिला स्किल केंद्र 'स्पोक' के रूप में काम करेंगे। इस मॉडल के जरिए हर जिले तक कौशल विकास और उद्योगों की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

मेगा स्किल हब जहां बड़े स्तर पर प्रशिक्षण और उद्योगों को आकर्षित करेंगे, वहीं जिला केंद्र स्थानीय युवाओं को उनकी जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण देंगे। इसकी विशेषता है कि इसमें स्किलिंग और औद्योगिक विकास को एक साथ जोड़ा गया है। योगी सरकार का उद्देश्य हर जिले में ऐसे औद्योगिक जोन विकसित करना है, जहां युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी मिलें। इन केंद्रों में तकनीकी कौशल के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल, भाषा प्रशिक्षण, डिजिटल साक्षरता और आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके अलावा उद्योगों के लिए 'प्लग एंड प्ले' सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा।स्किल हब और जिला केंद्रों में प्रशिक्षण की विविध श्रेणियां होंगी। पारंपरिक कौशल के साथ-साथ आधुनिक और भविष्य आधारित कौशल रोबोटिक्स, डेटाएनालिटिक्स, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, डिजिटल मार्केटिंग आदि शामिल होंगे। स्थानीय जरूरतों के अनुसार कौशल चयन किया जाएगा, जिससे 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ओडीओपी जैसी योजनाओं को भी मजबूती मिलेगी। इससे न केवल स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। योजना में सरकार के साथ निजी क्षेत्र की भी अहम भूमिका होगी। सरकार बुनियादी ढांचा और प्रारंभिक निवेश उपलब्ध कराएगी जबकि संचालन और प्रशिक्षण का काम निजी साझेदारों के जरिए किया जाएगा। शुरुआती पांच वर्षों तक वायबिलिटी गैप फंडिंग वीजीएफ के जरिए इन संस्थानों को सहयोग दिया जाएगा। स्किलिंग सेंटर और उद्योग इकाइयां आत्मनिर्भर बन सकेंगी और लंबे समय तक टिकाऊ विकास होगा। इन मेगा स्किल हब और जिला केंद्रों में आधुनिक बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इनमें बिजली, पानी, सड़क, इंटरनेट, सुरक्षा, आवास, खेल और मनोरंजन सुविधाएं शामिल होंगी। स्टार्टअप सपोर्ट सेंटर, प्लेसमेंट एजेंसियां, रिसर्च और डिजाइन सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे युवाओं को प्रशिक्षण के बाद सीधे रोजगार या स्वरोजगार के अवसर मिल सकें।

# लखनऊ ग्रीन रेस में 1500 लोगों ने किया प्रतिभाग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

रविवार में रविवार को लोगों को स्वस्थ रखने और पर्यावरण संरक्षण के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण की तरफ 'ग्रीन रन' का आयोजन किया गया। 3.5 किलोमीटर (5,000 स्टेप) की यह फन रेस ग्रीन कॉरिडोर पर झूलेलाल वाटिका से न्यू डालीगंज ब्रिज के बीच हुई।

इस फ्रेंडली दौड़ में लगभग 1500 लोगों ने हिस्सा लिया। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं समेत हर उम्र के लोग शामिल हुए। रेस के दौरान मूविंग डीजे पर लोग झूमते हुए नजर आए। आगे-आगे मूविंग डीजे चल रहा था। पीछे उसकी बीट पर लोग जमकर थिरक रहे थे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने भी इस रेस में हिस्सा लिया। उन्होंने तालियां बजाकर सभी लोगों का जोश



बढ़ाया रेस खत्म होने के बाद फर्स्ट, सेकंड और थर्ड प्राइज दिया गया। जितने लोगों ने हिस्सा लिया था, सभी को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यह आयोजन फिटनेस के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हुआ। ग्रीन रन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन खोला गया था, जिसमें 1500 से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। प्रतियोगिता का आयोजन 4 कैटेगरी में किया जाएगा। पहली श्रेणी 18 से 30 वर्ष, दूसरी 30 से 50 वर्ष और तीसरी 50 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के लिए निर्धारित किया गया। युगल कैटिगरी के लिए 172 जोड़ों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सुबह झूलेलाल वाटिका में सभी प्रतिभागी जमा हुए। जहां दौड़ से पहले योग और जुम्बा जैसी फिटनेस एक्टिविटी हुई उसे बाद फ्लैग ऑफ के साथ ग्रीन रन की शुरुआत हुई। प्रतिभागियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रास्ते में 4 स्थानों पर हाइड्रेशन प्वाइंट बनाये जाएंगे, जहां शुद्ध पेयजल की व्यवस्था को गई। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल, मेडिकल की टीम और एम्बुलेंस की गाड़िया तैनात रहीं।

# स्वास्थ्य सेवाएं सुधारने को सीडीओ ने उठाया बीड़ा, व्यवस्थाओं की नब्ज टटोली

- मेडिकल कॉलेज व प्रशासनिक अधिकारियों की बनेगी कमेटी, हर माह होगी मीटिंग
- सीडीओ बोले! जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य व शिक्षा दिलाना हमारी प्राथमिकता

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को परखने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड का गहन जायजा लिया और वहां व्यवस्थाओं की स्थिति को परखा। सीडीओ ने अस्पताल की डिस्पेंसरी में पहुंचकर दवाइयों की उपलब्धता के साथ-साथ उनकी एक्सपायरी डेट की भी जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को केवल मानक और समयानुसार दवाइयां ही उपलब्ध कराई जाएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और उनके तीमारदारों से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। कई तीमारदारों ने अपनी समस्याएं साझा की। जिन पर सीडीओ ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी सीडीओ ने अधीनस्थ अधिकारियों और स्टाफ को सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए कहा कि अस्पताल परिसर में स्वच्छता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी के निर्देश दिए। सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा मरीजों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जल्द ही एक कमेटी गठित की जाएगी। इस कमेटी में स्वयं सीडीओ, प्रशासनिक अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि यह कमेटी प्रत्येक माह मेडिकल कॉलेज में बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेगी और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाएगी। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में प्रमुख रूप से शामिल है। साथ ही कहा कि जनपद के परिषदीय विद्यालयों में अच्छी शिक्षा और बेहतर सुविधाओं के लिए भी फोकस किया जाएगा। इसका प्लान तैयार कर लिया गया। जल्द ही इस पर बदलाव देखने को मिलेगा।

### मेडिकल कॉलेज में बंदरों का आतंक

सीडीओ ने संज्ञान लेते हुए कहा कि शहर के साथ साथ ही मेडिकल कॉलेज में भी बन्दरों का आतंक हो रखा है। जिससे कि वहां आने वाले मरीजों और तीमारदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीते दिनों पड़ोसी जनपद लखीमपुर खीरी के पसगवां थाना क्षेत्र से कमला देवी मेडिकल कॉलेज में दवा लेने आई थी, उनके ऊपर बंदरों ने हमला कर दिया। जिससे कि वह घायल हो गई। मामले पर संज्ञान लेते हुए सीडीओ उत्कर्ष उत्कर्ष द्विवेदी ने कहा कि बंदरों की समस्याओं को लेकर नगर निगम के अधिकारियों से वार्ता की जाएगी।

## मिर्जापुर की पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमनलता यादव का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** स्थानीय संतनपाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. नीलेश यादव व एमडी कमलेश यादव की मां पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमनलता यादव पत्नी संतनपाल सिंह यादव का आज लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे लगभग 61 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को सुबह दस बजे ढाईघाट गंगातट पर किया जाएगा। लगभग सात साल से ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमनलता यादव का इलाज दिल्ली के नामचीन अपोलो हॉस्पिटल में चल रहा था। बीते दिवस उन्हें अपोलो हॉस्पिटल के चिकित्सकों की सलाह पर घर ले आया गया था। यहां उनके अपने मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने उन्हें गहन चिकित्सा प्रणाली (आईसीयू) में रखा गया था। रविवार सुबह लगभग दस बजे अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। तत्काल अपोलो हॉस्पिटल के चिकित्सकों से परामर्श लेकर एक बार फिर उनका जीवन बचाने का प्रयास किया गया। किंतु इसबार शायद उनकी आयु पूरी हो गई थी। जिससे उन्हें बचाया नहीं जा सका। वे अपने पुत्र कमलेश यादव,नीलेश यादव,पौत्र अभय यादव,प्रिंस यादव,पुत्रियों,दामादों नातियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमनलता यादव की मृत्यु की खबर सुनते ही ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी,पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार सिंह,आयुष प्रताप सिंह विभु,अनिरुद्ध यादव दीपक, आलोक यादव, उद्योगपति दिलीप गुप्ता, पंकज गुप्ता, पूर्व ज्येष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख आनन्द देव मिश्र, राकेश पाण्डेय, श्यामबाबू सिंह एडवोकेट, डॉ आर्येंद्र सिंह यादव आदि बड़ी संख्या में संभ्रांत लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## खबरें एक नजर में

### काम का पैसा मांगने पर की मारपीट

**पुवायां शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला कटरा बाजार निवासी आकाश राठौर पुत्र रामकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार की शाम लगभग 6 बजे मोहल्ला कुरगंजा निवासी बड़ेलल्ला हलवाई का काम तय किया था। मैं काम पर नहीं गया। जब मैं उक्त से पिछले बकाया पैसे लेने गया तो मेरे साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

### पुलिस ने पांच वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कर भेजा जेल



**पुवायां, शाहजहांपुर।** कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने अलग अलग मामलों में पांच वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से पांचों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश के बाद अलग अलग मामलों में वांछित पांच अभियुक्तों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में थाना पुवायां के गांव मुड़िया कुर्मियात निवासी 29 वर्षीय रोहित पुत्र अरविंद, थाना सिंधौली के गांव बबौरी निवासी 45 वर्षीय गुड्डू पुत्र सुखलाल, थाना सिंधौली के गांव बबौरी एवं वर्तमान पता थाना पुवाया के गांव जनकापुर निवासी 28 वर्षीय कैलाश पुत्र सुखलाल, थाना पुवाया के गांव बड़ागांव निवासी 48 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र सकते, थाना पुवाया के गांव पसियाखेरा निवासी 45 वर्षीय नियाज़ पुत्र निजामुद्दीन को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद अभियुक्तों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार रावत, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामकिशोर, उपनिरीक्षक संजीव कुमार, सुरेश चंद्र तिवारी, रामवीर सिंह, विशाल कुमार, कांस्टेबल शुभम कुमार, कर्मवीर, दीपक कुमार, प्रशांत कुमार,सोनी, विशाल प्रकाश, साहिब खान शामिल रहे।

# बिरिया बाबा मेले में उचक्कों ने चार महिलाओं के लाखों रुपए के सोने के कुंडल नोचे

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- मेले की भारी भीड़ में नहीं रहती पुलिस व्यवस्था
- पीड़ित महिलाओं ने दी कोतवाली में तहरीर



नगर के बिरियाबाबा मेले में रविवार को उचक्कों ने भीड़ का फायदा उठाते हुए चार महिलाओं के कानों से सोने के लाखों रुपए कीमत के कुंडलों पर हाथ साफ कर दिया। वहीं एक शख्स का रुपयों भरा पर्स भी निकला लिया। पीड़ित महिलाएं परिजनों के साथ बिलखते हुए कोतवाली पहुंची और पुलिस को आप बीती सुनाते हुए अज्ञात उचक्कों के खिलाफ अलग अलग तहरीर दी है। गौरतलब है कि नगर के बारह पत्थर बंधा रोड पर सेंटमेरी स्कूल के पीछे बिरिया बाबा का प्रसिद्ध मेला हर गुरुवार व रविवार को लगता है। जिसमें सुबह से ही भरी भीड़ उमड़ना शुरू हो जाती है।

इसी क्रम में रविवार को मेले में भारी भीड़ के दौरान उचक्कों ने महिलाओं के कानों से सोने के कुंडल नोचने का ऐसा सिलसिला शुरू किया कि आधा घंटे में ही चार महिलाओं को उनके कुंडल नोचे जाने के चलते मेले में खासी खलबली मच गई। यहां तैनात दो होगार्डन की सूचना पर कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने नए रिक्रूटों की टोली मेले में भेज दी। इस दौरान पहुंचे पत्रकारों से रूबरू हुई भुक्तभोगी चारों महिलाओं ने बताया कि वह नाती और पोते की करधनी लगाने परिवार के साथ बिरियाबाबा मेला में पहुंची थी। में मंदिर के सामने भारी भीड़ में किसी ने उनके पीछे से सोने के कुंडल नोचे लिए और भीड़ में गुम हो गए। बरेली के भमौरा थाने के गांव रुद्रपुर की कुटिमा देवी ने बताया कि पीछे से धागे में बांधे दोनों कुंडल खींच लिए गए। लखीमपुर के गोला थाना क्षेत्र के गांव नंदापुर पिपरिया की विमला देवी के दोनों कुंडल नोंचे लेकिन एक कुंडल उसके ब्लाउज में फंस जाने से मिल गया। बदायूं के उझानी थाना क्षेत्र के गांव बूर्रा फरीदपुर की नन्ही देवी पत्नी राजीव कुमार ने बताया कि उसका एक कुंडल नोच लिया गया। वहीं शाहजहांपुर के मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव रहदेवा की शकुंतला देवी ने दोनों कानों के कुंडल नोचे जाने की व्यथा सुनाई। इसी क्रम में लखीमपुर के मोहम्मदी निवासी संजय कठेरिया ने बताया कि उनकी पेंट की जेब से उचक्के पर्स उड़ा ले गए। जिसमें करीब तीन हजार रुपए व कुछ कागजात थे। सभी लोग अपने बच्चों की करधनी या चूड़ी की पहनाउन कराने मेले में आए थे। अचानक हुई वारदात से महिलाएं बदहवास हो रोने-बिलखने लगीं। इस बारदात से मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ लोगों ने उचक्कों को मेले में खोजने का प्रयास किया। लेकिन नाकामयाब रहे। सूचना पर कोतवाली से तीन नए सिपाही मेले में भेज दिए गए जबकि सीओ ज्योति यादव व कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने तीन घंटे बाद भी जाना उचित नहीं समझा।

### अनियंत्रित होकर खोखे से टकराई पिकअप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** सिधौली थाना क्षेत्र में एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर एक खोखे से टकरा गया। हादसे में दो लोग घायल हो गए। जिनका इलाज सीएचसी में चल रहा है। थाना सिंधौली के गांव महुआ पाठक निवासी ओमप्रकाश पुत्र रामदयाल अपनी पान की दुकान पर बैठे थे। जबकि सकुलिया निवासी आशिक अली पुत्र अली हसन खोखे से कुछ सामान खरीद रहे थे। तभी पुवायां की ओर से आ रही पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कर लिया है।

## भीषण गर्मी से तप रहा खुदागंज, जनजीवन अस्त-व्यस्त

- तेज धूप और बढ़ते तापमान ने लोगों की मुश्किलें बढ़ाईं, राहत के इंतज़ाम नाकाफी

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शाहजहांपुर जनपद के खुदागंज क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान और तेज धूप के चलते आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है, जबकि जरूरी काम से निकलने वाले लोग भीषण गर्मी से बेहाल नजर आते हैं। गर्मी का असर सबसे ज्यादा बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों पर देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार लू लगने और डिहाइड्रेशन के मामलों में भी बढ़ोतरी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या भी गहराने लगी है, जिससे लोगों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बिजली कटौती ने हालात और भी खराब कर दिए हैं। रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है, जिससे लोगों की नींद पूरी नहीं हो रही और दिनभर थकान बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा अभी तक ठोस इंतजाम नहीं किए गए हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पानी की समुचित व्यवस्था, बिजली आपूर्ति में सुधार और गर्मी से बचाव के लिए जरूरी कदम जल्द उठाए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# रिजर्व पुलिस लाइन्स में निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का सफल आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसपी सौरभ दीक्षित के सौजन्य से यूपी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी के तत्वावधान में रिजर्व पुलिस लाइन्स में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें दंत चिकित्सक डा.केपी सक्सेना लेज़र स्पेशलिस्ट द्वारा दातों का परीक्षण किया गया जरूरत मंद को दवा व टूथ पेस्ट भी वितरित किए गए। शाहजहांपुर में पहली बार लेजर मशीन द्वारा दांतों का इलाज के बारे मे जानकारी दी गई। पायरिया, मुँह के छाले, काले मसूड़े, दाँतों का पीलापन जैसी समस्याओं की विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जाँच की गई। शिविर में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों तथा उनके परिजनों ने भाग लिया। डा.सक्सेना द्वारा सभी का दंत परीक्षण कर निःशुल्क परामर्श एवं दवा वितरित की गई।वामा सारथी द्वारा संचालित स्वास्थ्य शिविर श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य पुलिस परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना तथा दंत रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सीओ लाइन इशिका सिंह , एसआई पुलिस संतोष कुमार सिंह महिला कांस्टेबल रूबी एवं वामा सारथी की पदाधिकारी उपस्थित रहीं। शिविर को सफल बनाने में वरदान लेज़र डेंटल सर्जरी क्लीनिक का विशेष सहयोग रहा। पुलिस परिवारों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से समय पर उपचार मिलता है और स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ती है। वामा सारथी आगे भी पुलिस परिवारों के कल्याण हेतु इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। डा. केपी सक्सेना ने एसपी धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के स्वास्थ परीक्षण से सभी लोग समय समय पर लाभान्वित होते है।

## 1.27 करोड़ की कंपोजिट ग्रांट कटौती पर उठे सवाल, सिम क्रय में अनियमितता के आरोप

- बेहतर नेटवर्क वाली सिम बंद, कमजोर नेटवर्क थोपे जाने से शिक्षा व्यवस्था प्रभावित

**शाहजहांपुर।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कंपोजिट ग्रांट से 1,27,00,800 (एक करोड़ सत्ताईस लाख आठ सौ रुपये) की कटौती कर सिम कार्ड एवं इंटरनेट सुविधा के नाम पर गंभीर अनियमितताओं का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सत्र 2025-26 में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा विद्यालयों को प्राप्त कंपोजिट ग्रांट से प्रति विद्यालय 4800 की दर से कटौती की गई। यह कटौती दो चरणों में की गयी। 6 अगस्त 2025 को 2688 विद्यालयों की प्रथम 50 फीसदी कंपोजिट ग्रांट से 44,28,000 तथा 14 जनवरी 2026 को 1617 विद्यालयों की द्वितीय 50 फीसदी कंपोजिट ग्रांट से 82,72,800 की कटौती की गई। अगस्त 2025 में जारी दो सूचियों में विद्यालयों की संख्या 2688 एवं 2716 दर्शाई गई है, जिससे सूची में भिन्नता एवं अनियमितता की आशंका जताई जा रही है। विनीत कुमार गंगवार जिलाध्यक्ष यूटा ने मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेजकर आरोप लगाया कि विद्यालयों में पहले से संचालित उच्च गुणवत्ता एवं बेहतर नेटवर्क वाली सिम (एयरटेल) का रिचार्ज नहीं कराया गया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया, जबकि उनके स्थान पर निम्न गुणवत्ता एवं कमजोर नेटवर्क वाली सिम वोडाफोन लागू कर दी गई। यह भी बताया गया है कि विभिन्न दूरसंचार कंपनियों से निविदाएं प्राप्त होने के बावजूद कमजोर नेटवर्क वाली कंपनी का चयन किया गया, जिससे निविदा प्रक्रिया एवं चयन मानदंडों पर सवाल उठ रहे हैं। जमीनी स्तर पर स्थिति यह है कि जनपद के लगभग 90-95 फीसदी विद्यालयों में नेटवर्क उपलब्ध नहीं है और कई स्थानों पर जीरो नेटवर्क की स्थिति बनी हुई है, जिससे टैबलेट अनुपयोगी हो गए हैं। शिक्षक अपने निजी मोबाइल डेटा से कार्य करने को विवश हैं। इसके अतिरिक्त सिम एवं टैबलेट की संख्या में भी अनियमितताएं सामने आई हैं, जहां एक टैबलेट पर दो सिम तथा दो टैबलेट पर तीन सिम का शुल्क काटे जाने की बात कही जा रही है। शिक्षकों का कहना है कि बार-बार कटौती के बावजूद नेटवर्क समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिससे पूरे मामले में वित्तीय अनियमितता एवं पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। उक्त प्रकरण को लेकर उच्चस्तरीय जांच, वित्तीय ऑडिट एवं दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की गई है।

# विहिप शाहजीपुर महानगर का जिला कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग हुआ संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




विश्व हिंदू परिषद शाहजीपुर महानगर का एक दिवसीय जिला कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग कचहरी स्थित किडजी स्कूल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रांत मंत्री अनुज कुमार सिंह ने किया। अभ्यास वर्ग में प्रांत मंत्री ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना व उसके उद्देश्य के बारे में बताया व विश्व हिंदू परिषद की कार्य पद्धति,संगठन विस्तार और सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र में प्रांत सह मंत्री राकेश त्यागी ने कहां की प्रशिक्षण प्राप्त करने से एक योग्य व अनुशासित कार्यकर्ता का निर्माण होता है, उपस्थित कार्यकर्ताओं को दायित्व बोध के संबंध में बताया। महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर ने कार्यकर्ता निर्माण पर जोर दिया और कहा कि हमारे कार्यकर्ता जन जागरण में लगे हुए है,हमें कार्यकर्ता के रूप में स्वयं का निर्माण करना है,सत्संग समाज को जोड़ने का प्रमुख माध्यम है। संघ के शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन का एक विषय आया है। **पर्यावरण:** प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनें। वृक्षारोपण करें, जल-संरक्षण करें और प्लास्टिक मुक्त जीवन अपनाएँ। **नागरिक कर्तव्य:** स्वच्छता, अनुशासन और सेवा को वर्षभर की जीवनशैली बनाएं सदैव सजग, जिम्मेदार और कर्मनिष्ठ नागरिक बनें। **कुटुंब प्रबोधन:** संस्कार, संवाद और स्नेह से परिवार को प्रेरणा और एकता का केंद्र बनाएं। प्रतिदिन कुछ समय परिवार के साथ मिलकर चिंतन और संवाद करें। **स्वदेशी आचरण:** देशज उत्पादों को प्राथमिकता दें,स्थानीय उद्योगों का सहयोग करें और स्वदेशी अपनाएँ भारत बनाएं के भाव को जीवन का मंत्र बनाएं। **सामाजिक समरसता:** जाति, वर्ग, भाषा और क्षेत्र के भेद मिटाकर, समाज में समरसता फैलाएं। कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग में दुर्गावाहिनी, मातृशक्ति, प्रांत, विभाग व महानगर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नाबालिग गर्भवती को मथुरा बाल सुधार केंद्र भेजा गया

**तिलहर-शाहजहांपुर।** घर से प्रेमी संग फुर्र हुई नाबालिग किशोरी के गर्भवती होने पर परिजनों द्वारा किए गए परित्याग के चलते उसे रविवार को पुलिस अभिरक्षा में मथुरा बाल सुधार केंद्र बालिका में भेजा गया है। गौर तलब है कि कोतवाली क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी प्रेमी संग घर से फरार हो गई थी। जिसकी बरामदगी होने के बाद मेडिकल रिपोर्ट में ढाई माह की गर्भवती होने की पुष्टि होने आरोपी युवक के जेल भेजे जाने के बाद किशोरी के परिजनों ने भी उसे लेने से इंकार कर दिया। इसी क्रम में उक्त किशोरी को रविवार को उसे मथुरा स्थित बाल सुधार गृह बालिका भेज दिया।

### संकट: कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में उछाल, रेस्टोरेंट कारोबार पर असर

**सिलेंडर के दाम बढ़ने से खाने की थाली महंगी होने के संकेत**



**शाहजहांपुर।** कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में अचानक हुई बढ़ोतरी ने रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। पहले जो सिलेंडर 2161 रुपये में मिल रहा था, अब उसके दाम में 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी कर दी गई है। इस बढ़ोतरी का सीधा असर होटल और भोजनालय व्यवसाय पर पड़ रहा है। साथ ही अन्य खाने पीने वाली चीजों भी महंगी होने शुरू हो गई है। व्यवसायियों का कहना है कि लगातार बढ़ती लागत के चलते अब उनके लिए पुराने रेट पर ग्राहकों को भोजन उपलब्ध कराना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में खाने की थाली के दाम बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। महंगाई की इस मार से आम ग्राहकों की जेब पर भी असर पड़ेगा जिससे बाहर खाने का खर्च और बढ़ सकता है। शहर की गैस एजेंसियों संचालकों से वार्ता करने पर पता चला कि जो कामर्शियल सिलेंडर पहले 100–150 रोजाना बिका करते थे, अब उनकी बिक्री नाममात्र की रह गई है। सीधे सीधे असर व्यापार पर पड़ा है। अब तो शादी विवाह वाले भी कामर्शियल सिलेंडर लेने से कतरा रहे हैं। बरेली मोड़ स्थित नैनीताल ढाबा के संचालक मनोज वर्मा ने बताया कि फिलहाल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से अभी ज्यादा असर उनके कारोबार पर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह कीमतों में लगातार बढ़ोतरी होती रही, तो उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था अपनाने पर मजबूर होना पड़ेगा।

# स्मार्ट मीटर की लूट के खिलाफ आम आदमी पार्टी का जोरदार प्रदर्शन

- जिला विद्युत उपकेंद्रों पर सौंपा गया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन
- जबरन प्रीपेड मीटर लगाकर जनता की जेब काट रही योगी सरकार: जिलाध्यक्ष

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही कथित लूट, गलत बिलिंग, बिजली कटौती और प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता के विरोध में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर आम आदमी पार्टी, उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को प्रदेश के सभी जिला विद्युत उपकेन्द्रों पर जोरदार प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर को ÷डिजिटल लूट÷ बताते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस जनविरोधी व्यवस्था को तत्काल बंद करने की मांग उठाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह से फेल हो चुकी है और यह अब जनता को राहत देने के बजाय आर्थिक शोषण का माध्यम बन गई है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर इतने ÷स्मार्ट÷ हो गए हैं कि बैलेंस खत्म होते ही तुरंत बिजली काट देते हैं, लेकिन रिचार्ज के बाद भी 2 से 12 घंटे तक बिजली बहाल नहीं होती। यह व्यवस्था न केवल तकनीकी रूप से विफल है, बल्कि सरकार की नीयत पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक लगभग 78 से 80 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से करीब 70 लाख प्रीपेड मीटर हैं। लाखों उपभोक्ता गलत बिलिंग, तेजी से बैलेंस खत्म होने और बिजली कटौती से परेशान हैं। कई मामलों में जहां पहले 1500 तक का बिजली बिल आता था, वह अब बढ़कर 6000-7000 तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि यह सीधा-सीधा जनता की जेब पर हमला है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि लगभग 3 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने के इस प्रोजेक्ट में करीब ?

20,000 करोड़ का खर्च दिखाया गया है, जिसमें बड़े स्तर पर घोटाले और कमीशनखोरी की आशंका है। उन्होंने कहा कि पहले मीटरों की कीमत सिंगल फेज के लिए 6016 और थ्री फेज के लिए 12000 तक वसूली गई, जिसे विरोध के बाद घटाया गया। इससे साफ है कि इस पूरी योजना में पारदर्शिता नहीं है और जनता से मनमानी वसूली की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ इसे वैकल्पिक बताती है, लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकारियों द्वारा जबरन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं और बाद में उन्हें प्रीपेड में बदल दिया जाता है। यह जनता के साथ सीधा धोखा है। भीषण गर्मी में बिजली कटौती और स्मार्ट मीटर की खामियों ने आम नागरिकों और किसानों की समस्याओं को और बढ़ा दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था बदहाल है और कई जगह तारों की स्थिति भी खतरनाक बनी हुई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में नलकूपों (ट्यूबवेल) पर भी सरकार द्वारा 4जी सिम-आधारित स्मार्ट मीटर लगाने की योजना शुरू की गई है, लेकिन इन मीटरों के कारण किसानों को अत्यधिक बिजली बिल का सामना करना पड़ रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्याओं के चलते मीटर ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। इससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। यह योजना किसानों के लिए राहत के बजाय अतिरिक्त परेशानी का कारण बन गई है। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही इस लूट को तत्काल रोका जाए, पूरे प्रोजेक्ट की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और कंपनियों पर कार्रवाई की जाए तथा जिन उपभोक्ताओं को रिचार्ज के बाद भी समय से बिजली नहीं मिली, उन्हें मुआवजा दिया जाए। साथ ही 1912 हेल्पलाइन को दुरुस्त कर उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन मांगों पर तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो पार्टी इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में अपना आंदोलन और तेज करेगी और सड़क से लेकर सदन तक जनता की आवाज मजबूती से उठाएगी। इस अवसर पर जिला महासचिव जेबी सिंह, संत राम सिंह चौहान, अनुराग रस्तोगी, वीरेंद्र प्रताप, सदाकत अली, महेंद्र पाल कन्नौजिया, वैभव श्रीवास्तव, गजेन्द्र शर्मा, प्रशांत मिश्रा, सुभाष सिंह चौहान, हसनैन आदि लोग उपस्थित रहे।

# उपचुनाव: 31 हजार मतदाता करेंगे नए चेयरमैन के भाग्य का फैसला

- कल 5 मई को कटरा नगर पंचायत में चेयरमैन पद पर होगा उप चुनाव
- 9 प्रत्याशी मैदान में, 7 को आयेंगे परिणाम

प्रभाकर मिश्रा



**शाहजहांपुर।** जनपद की बार्डर स्थित कटरा नगर पंचायत में चेयरमैन पद के लिए कल मंगलवार 5 मई को होने जा रहे, उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन वा निर्वाचन कार्यालय की ओर से सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मतदेय स्थल के अंदर और बाहर चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान मुस्तैद रहेंगे। निर्वाचन कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार इस उप चुनाव में कुल 9 प्रत्याशी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे है।जिनमें 5 मान्यता प्राप्त दलों से है। जबकि चार निर्दलीय उम्मीदवार है।इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 31465 वोटर अपना वोट दे कर करेंगे।इन वोटरों में पुरुष वोटरों की संख्या 16807 है। जबकि महिला वोटर की संख्या 14658 है। वोटिंग के लिए 12 मतदान केंद्र एवं 33 मतदेय स्थल है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं एसपी सौरभ दीक्षित द्वारा निरंतर उप चुनाव की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। चुनाव शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न कराने के लिए चार सेक्टर एवं एक जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। वोटिंग सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। चुनाव सम्पन्न करने के लिए 33 पोलिंग पार्टियां लगाई गई है। जोकि आज सोमवार को सुबह 11 बजे तिलहर ब्लॉक मुख्यालय से रवाना की जाएगी। मतगणना 7 मई को मुख्यालय पर ही संपन्न कराई जाएगी।

**फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| वोटिंग : | 5 मई |
| मतगणना : | 7 मई |
| मतपत्र का रंग : | सफेद |
| पोलिंग पार्टियों की संख्या : | 33 प्लस 7 रिजर्व कुल 40 पार्टी |
| कुल मतदान कार्मिक : | 160 |

उप चुनाव में भी राजनीति दलों ने झोंकी ताकत-कटरा में होने जा रहे उप चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार बंद होने से पूर्व नगर क्षेत्र की गली मोहल्ले में राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोक दी। इसमें भाजपा से प्रत्याशी के पक्ष में वित्त मंत्री, एमएलसी, सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष, अन्य जनपद स्तरीय पदाधिकारों के वहां जा कर प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे, वही बात अन्य दलों की करे तो उसमें कांग्रेस,सपा समेत अन्य दलों के प्रत्याशियों के पक्ष में डोर टू डोर संपर्क कर वोट मांगे गए।

पूजा कसाना आल इंडिया फॉरवार्ड ब्लॉक पार्टी,भरत समाजवादी पार्टी, वाजित कांग्रेस पार्टी, सरवेद अहमद राष्ट्रीवादी कांग्रेस पार्टी, सोनम गुप्ता भाजपा, निर्दलीय उम्मीदवार ने अब्दुल समद,रचना,रजी अहमद, वसीम।

"कटरा उप चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। डीएम के द्वारा पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया जा चुका है। चुनाव को शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न करने के जोनल मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की हैं। वोटिंग करने में किसी प्रकार कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। चुनाव को निष्पक्ष बनाने के लिए सभी केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। उन्होंने बताया कि आज सभी पोलिंग पार्टियां तिलहर ब्लॉक मुख्यालय से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के घेरे के रवाना की जाएगी।"

-अरविंद कुमार एडीएम वित्त, शाहजहांपुर

## हर्ष फायरिंग में दो आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की सतत निगरानी के दौरान एक वीडियो संज्ञान में आया, जिसमें बारात के दौरान हर्ष फायरिंग किए जाने का दृश्य परिलक्षित हो रहा था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना खुदागंज पुलिस द्वारा तत्काल आवश्यक जांच-पड़ताल कर संबंधित व्यक्ति की पहचान की गई तथा उसे पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। उक्त प्रकरण में प्राप्त तथ्यों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। किसी भी व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली सामग्री प्रसारित किए जाने पर कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### मदरसे की छत से नीचे गिरने पर संदिग्ध हालात में मिला 50 वर्षीय मजदूर का शव, पुलिस ने शुरू की जांच

**निगोही, शाहजहांपुर।** निगोही नगर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक 50 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामबहादुर पुत्र पदम बहादुर, निवासी अब्दुल कलाम नगर मोहल्ला के रूप में हुई है। निगोही नगरवासियों ने बताया कि रामबहादुर पिछले 30 वर्षों से परिवार से दूर निगोही में अकेले रह रहा था। पूरा परिवार नेपाल में रहता है। मृतक मेहनत-मजदूरी करके अपना गुजारा करता था और शराब पीने का आदी था। स्थानीय लोगों के अनुसार बीती रात तेज आंधी और बारिश आई थी। इसी दौरान रामबहादुर किसी तरह नीचे गिर गया। वह मदरसे की छत पर सोया हुआ था। आज सुबह जब लोगों ने उसे देखा तो तुरंत निगोही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही निगोही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### कच्ची देसी शराब के साथ एक को पुलिस ने पकड़ा

**सिधौली, शाहजहांपुर।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने थाना सिधौली क्षेत्र के महासिर पुल से रक्सा पुल की तरफ जा रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को धर दबोचा उसकी जामा तलाशी लेने पर उसके पास एक प्लास्टिक की कट्टी में अवैध कच्ची देसी शराब बरामद हुई पूछने पर उसने अपना नाम यदुवीर पुत्र रामकुमार निवासी गांव महासिर थाना सिधौली जनपद शाहजहांपुर बताया पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक घायल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव चकउदन निवासी 30 वर्षीय पुष्पेंद्र पुत्र लाल सिंह बाइक से किसी काम के लिए पुवाया आया था। पुवायां से वापस घर जाते समय गांव सुनारा खुर्द मोड के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे बाइक सवार सड़क पर जा गिरा और गंभीर घायल हो गया। राहगीरों और एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी लाया गया। जहां प्रथम उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** जनपद में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस का सख्त रुख जारी है। थाना सदर बाजार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित विधि विरुद्ध बालक (बाल अपचारी) को अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस के अनुसार, 20 अप्रैल को थाना सदर बाजार में दर्ज मुकदमे में आरोप था कि बाल अपचारी वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर घर से ले गया और साथ में 85 हजार भी ले गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता तथा पॉक्सो एक्ट की धारा में बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में चल रहे अपराध रोकथाम अभियान व मिशन शक्ति फेज-5 के तहत सदर बाजार पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को अंबेडकर पार्क के पास से दोपहर करीब 1:17 बजे पकड़ लिया। पुलिस ने बाल अपचारी को नियमानुसार अभिरक्षा में लेकर शिशु गृह भेज दिया है। साथ ही किशोर न्याय अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे किशोर न्याय बोर्ड, शाहजहांपुर के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### पुलिस ने विशेष अभियान में अपराधियों पर कसा शिकंजा, 72 वारंटी/वांछित दबोचे

**शाहजहांपुर।** अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए जनपद पुलिस ने व्यापक स्तर पर विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई करते हुए कुल 72 एनबीडब्ल्यू और वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक अभियान के दौरान टीमों का गठन कर अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई। लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्तों को चिन्हित कर उन्हें हिरासत में लिया गया। कई अभियुक्त ऐसे भी रहे, जो न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे और लगातार गिरफ्तारी से बच रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें हर हाल में कानून के दायरे में लाया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं आम जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

### पक्का बाग ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया

**शाहजहांपुर।** शहीदों की याद में शाहजहांपुर प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट कैंट ग्राउंड पर टूर्नामेंट का आज दूसरा मैच खेला गया। आज के मुख्य अतिथि नूर शानू ने दोनों टीमों से हाथ मिला के परिचय प्राप्त किया। दूसरा मैच मॉर्निंग क्लब वर्सेस पक्का बाग क्लब के बीच खेला गया। पक्का बाग ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। यह फैसला गलत साबित हुआ। मॉर्निंग क्लब की कसी गेंदबाजी के आगे पक्का बाग टीम मात्र 11 ओवर में 68 रन पर ऑल आउट हो गई। पक्का बाग के बल्लेबाज रवि ने 15 रन अरहम ने 14 रन की पारी खेली मॉर्निंग क्लब की खतरनाक गेंदबाजी की सौरभ ने चार विकेट निज़ाकत में चार विकेट फिरदौस निखिल ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। मॉर्निंग क्लब की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए बैटिंग करते बैट्समैन सीटू ने 14 रन रोहित ने 14 रन हाफिजी 13 निज़ाकत 10 रन बनाए पक्का क्लब बॉलर जाहिद मुन्ना ने एक विकेट प्राप्त किया मैच के मैन ऑफ द मैच सौरभ रहे मैच के अंपायर फैज और अंशुल स्कोर निजाम ने की मैच का आंखों देखा हाल पंकज तिवारी ने सुनाया इस मौके पर कई दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी मौजूद थे अजीत वीरपाल साहबान जीशान रहमान सलीम अजीम चाचा और अन्य क्रिकेट खिलाड़ी मौजूद थे टूर्नामेंट के आयोज खादिम फैज ने बताया टूर्नामेंट का तीसरा मुकाबला 4 मई को किंग ऑफ़ प्लास्टिक वर्सिज पैथहम क्लब सुबह 7:00 से खेला जाएगा। अंत में राजा स्पोर्टिंग ने मुख्य अतिथि नूर शानू और क्रिकेट खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

### जरियनपुर में ध्यानी बाबा आश्रम पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का अभ्यास वर्ग सम्पन्न



**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** क्षेत्र के ग्राम जरियनपुर में स्थित ध्यानीबाबा आश्रम पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला परशुरामपुरी का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया है। अभ्यास सत्र का शुभारम्भ विहिप के प्रांतीय मंत्री अनुज कुमार व विभाग मंत्री अशनील सिंह ने प्रभु श्रीराम दरबार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अभ्यास वर्ग में शामिल स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्रांतीय मंत्री अनुज कुमार ने कहा कि सभी हिंदू आपस में भाई भाई हैं। संगठन कभी नारे नहीं लगाता, बल्कि संकल्प लेता है,जैसे रामलला हम आयेंगे मंदिर दिव्य बनाएंगे। आज अयोध्या में जो भव्य एवं दिव्य श्रीराम मंदिर बना है। वह सभी हिंदुओं की एकता अब अखंडता से ही संभव हुआ है। इसलिए सभी हिंदुओं को एकता बनाए रखने की सख्त जरूरत है। अभ्यास वर्ग में बजरंग दल के प्रांत सयोजक राकेश त्यागी, प्रखंड अध्यक्ष विजयपाल सिंह,सत्संग प्रमुख आलोक शर्मा,जिला मंत्री सलभ मिश्रा, जिला अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश गुप्ता, जिला संयोजक बादल सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, जिला सह मंत्री गुरुपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, जिला गौरक्षा प्रमुख दिवाकर मिश्रा, आशीषकुमार, प्रदीप दीक्षित, राहुल सिंह सहित जिला, प्रखंड, खंड एवं उपखंड स्तर के सभी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

## नगर में अवैध पैथोलॉजी लैबों का जाल, कार्रवाई के अभाव में बढ़ता कारोबार

**खुटार, शाहजहांपुर।** नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिना अनुमति संचालित हो रहीं पैथोलॉजी लैबों का नेटवर्क तेजी से फैलता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता के चलते यह अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। स्थिति यह है कि संकरी गलियों से लेकर छोटे कमरों तक में कलेक्शन सेंटर के नाम पर जांच का काम किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नगर में पंजीकृत पैथोलॉजी लैबों की संख्या बेहद सीमित है, जबकि इसके मुकाबले कई गुना अधिक अवैध लैब संचालित हो रही हैं। इन केंद्रों पर बिना मान्यता और बिना आवश्यक लाइसेंस के मरीजों के सैंपल लिए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की अनियमित जांच से मरीजों की रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े होते हैं। नियमों के अनुसार किसी भी पैथोलॉजी लैब का संचालन योग्य पैथोलॉजिस्ट की निगरानी में होना चाहिए, लेकिन स्थानीय स्तर पर अप्रशिक्षित या सीमित योग्यता वाले कर्मियों द्वारा जांच कर रिपोर्ट जारी की जा रही है। कई मामलों में तकनीशियन ही रिपोर्ट पर हस्ताक्षर कर रहे हैं, जो नियमानुसार गलत है। इसके अलावा, अधिकांश लैबों के पास प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन से संबंधित अनुबंध, स्थानीय निकाय की स्वीकृति और अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं पाए जा रहे हैं। इसके बावजूद इनका संचालन बिना किसी रोक-टोक जारी है। सूत्रों का दावा है कि कुछ निजी चिकित्सक भी कमीशन के लालच में मरीजों को इन केंद्रों पर भेज रहे हैं। कई चिकित्सक अपने क्लीनिक पर ही सैंपल लेकर इन्हें अवैध लैबों तक पहुंचाते हैं, जिससे यह नेटवर्क और मजबूत हो रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रूप से संचालित लैबों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि मरीजों की सेहत के साथ हो रहे खिलवाड़ पर रोक लगाई जा सके।

"रिपोर्ट मांगी गई है उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी। उच्च अधिकारियों के आदेश आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।"

– गौरव सक्सेना
प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सीएचसी, खुटार, शाहजहांपुर

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मोपेड सवार अधेड़ की मौत

तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

- गढ़िया रंगीन से शाहजहांपुर जा रहे थे, तिलहर-जैतीपुर रोड पर भड़ेली के पास हुआ हादसा



अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोपेड सवार अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।मृतक की जेब से बरामद मिले एक बिल से गढ़िया रंगीन के जगताराम सैनी के रूप में शिनाख्त होने पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दुर्घटना को अंजाम देकर भागे वाहन की तलाश में सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है। रविवार अपरान्ह करीब पौने तीन बजे पुलिस को सूचना मिली कि तिलहर जैतीपुर रोड पर भुडेली से पहले पेट्रोल पंप के समीप एक मोपेड सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है। आनन फानन में एसआई जगेंद्र सिंह व एसआई देवेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस से अचेत घायल को सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की जेब से मिले बिल पर जगताराम गढ़ियारंगी दर्ज मिलने पर पुलिस ने वाहन की पीस व प्रधान को अवगत कराया। जगताराम की मौत की खबर सुन घर में कोहराम मच गया। कुछ ही देर में मृतकद्म की पत्नी मंजू, बेटे अमन वो अनमोल सीएचसी आ पहुंचे। मृतक की जेब से 19 हजार रुपए भी मिलने की बात पुलिस ने परिजनों को बताई है। मृतक की पत्नी मंजू ने बताया कि उनके पति फेरी लगाकर कपड़े की गैंग गांव बिक्री करते है। इसी सिलसिले में रविवार दोपहर वह घर दे शाहजहांपुर से कपड़ा लेने निकले थे। और रस्ते में यह हादसा हो गया। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम को भिजवाया है।

## चीनी मिल के पूर्व कर्मी के आवास से लैपटॉप समेत दस्तावेज चोरी



**तिलहर - शाहजहांपुर।** गांव मलूका पुर निवासी मनोज कुमार पुत्र बुद्धसेन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह तिलहर चीनी मिल में गन्ना विभाग में गन्ना पद पर कार्यरत था। चीनीमिल कॉलोनी में उसे व उसके साथी आयुगेष मौर्य के नाम कमरा संख्य डी 5 आंवटित था। वह बीती शाम करीब सात बजे शाहजहाँपुर से वापस आके अपने कमरे पर गया तो वहां आस-पास कुछ सामान पड़ा देखा। पीछे के गेट खुला मिला। कमरे के अंदर जाकर देखा तो सारा सामन अस्त-वस्त पड़ा था। देखने पर पता चला कि इसका व्यक्तिगत सामान (गैस सिलेंडर , प्रिंटर, लैपटाप, पंखा सीलिंग फैन तथा कूलर के अंदर का सामान और उड़के व्यक्तिगत कागजात बैक पासबुक, आय जाति, निवास प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पैनकार्ड, यूपीएससी परीक्षाएँ-लेखपाल, आनलाइन फार्म आदि कमरे से गायव था। और आवाश्यक दस्तवेज कृषकों के सर्वे सम्बंधित आकडे, विगत तीन बर्षो के कृषकों के आधार, बैंक पासबुक, भूलेख नये सदस्यों का रजिस्टर समेत तमाम कागजात चोरी हो गए। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। पुष्टि होने पर कार्यवाहीनकी जाएगी।

## मेडिकल स्टोर संचालक पर दबंगों ने ताना तमंचा, मारपीट के बाद पुलिस को सौंपे गए आरोपी

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



थाना कोतवाली जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम पुरैना में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक मेडिकल स्टोर संचालक पर कुछ दबंगों ने तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी दी। घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पुरैना में स्थित एक मेडिकल स्टोर पर देर शाम कुछ युवक नशे की हालत में पहुंचे। बताया जा रहा है कि सभी आरोपी शराब के नशे में धुत थे और बिना किसी वजह के मेडिकल स्टोर संचालक से कहासुनी करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दबंगों ने संचालक पर तमंचा तान दिया और उसे डराने-धमकाने लगे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है आरोप है कि आरोपियों ने संचालक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट भी की, जिससे वह घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और किसी तरह स्थिति को संभाला। ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपियों को पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद ग्रामीणों ने सभी आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली जलालाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। घायल मेडिकल स्टोर संचालक को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने गश्त भी बढ़ा दी है। इस घटना के बाद गांव में लोगों में आक्रोश है और वे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

## व्यापारियों ने प्रशासन की ओर बढ़ाया सहयोग का हाथ

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

- सड़कों की मरम्मत और पेयजल व्यवस्था की भी बुलंद की आवाज

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को खिरनी बाग स्थित महानगर कार्यालय में संपन्न हुई। जिलाधिकारी व नगर आयुक्त के विशेष अनुरोध पर बुलाई गई इस बैठक में शहर की व्यवस्थाओं को लेकर कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि बहादुरगंज क्षेत्र में प्रतिदिन 30 से 40 हजार ग्राहकों का आवागमन होता है, लेकिन भीषण गर्मी के बावजूद यहाँ पेयजल की गंभीर किल्लत है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि पिंक टॉयलेट के पास वाटर कूलर लगाने के लिए नगर निगम को एक साल में दो बार ज्ञापन दिया जा चुका है, किंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। श्री बाथम ने यह मांग भी उठाई कि बद्रीप्रसाद पुस्तक भंडार के निकट स्थित वाटर कूलर में तत्काल टोंटी लगाकर उसे सुचारू किया जाए, ताकि व्यापारियों और राहगीरों को राहत मिल सके।

इसी क्रम में व्यापारियों का पक्ष रखते हुए जिला महामंत्री आकाशदीप गुप्ता ने कहा कि व्यापार मंडल प्रशासन के साथ सहयोग करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने समस्त व्यापारियों की ओर से प्रशासन को आश्वस्त किया कि मुख्य बाजारों में दुकानदार अपनी दुकानों का सामान शासन द्वारा लगाई गई स्टील ग्रिल के पीछे ही रखेंगे। साथ ही, उन्होंने विश्वास दिलाया कि यातायात को सुचारू रखने के लिए सभी व्यापारी अपने वाहनों को सड़क पर खींची गई सफेद पट्टी के दायरे में ही खड़ा करेंगे। समस्त व्यापारियों ने एकमत से कहा कि जहाँ व्यापारी अनुशासन का पालन करने का भरोसा दे रहे हैं।

वहीं प्रशासन को भी चाहिए कि जो भी सड़के स्मार्ट सिटी के तहत भविष्य में निर्माण हेतु चयनित हैं उन्हें फिलहाल के लिए गड्ढे भरवाकर सुचारू कराया जाए ताकि जाम की स्थिति से व्यापारियों और जनता को निजात मिल सके। इस सभी में हनी सिंह युवा महानगर अध्यक्ष, इक़बाल खां पचराहा अध्यक्ष, वरिष्ठ मंत्री रेहान मिर्ज़ा, आदित्य कश्यप, संगठन मंत्री महेंद्र दुबे व अशोक गुप्ता, विवेक सहगल आदि उपस्थित रहे।

## खुदागंज में ओवरलोड वाहनों का कहर, हादसों का बढ़ा खतरा

- प्रशासन की अनदेखी से सड़कों पर दौड़ रहे नियमों को ठेंगा दिखाते वाहन

खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

खुदागंज क्षेत्र में इन दिनों ओवरलोड वाहनों का संचालन तेजी से बढ़ता जा रहा है, जिससे सड़क सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। कस्बे और ग्रामीण मार्गों पर भारी मात्रा में लदे ट्रक, डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली बेखौफ होकर दौड़ रहे हैं, लेकिन इन्हें रोकने वाला कोई नजर नहीं आ रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के कारण आए दिन सड़क हादसों का खतरा बना रहता है। कई बार ये वाहन संतुलन खो बैठते हैं, जिससे राहगीरों और छोटे वाहनों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

इसके अलावा ओवरलोडिंग से सड़कों की हालत भी तेजी से खराब हो रही है, जिससे आम जनता को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर तो स्थिति और भी गंभीर बनी हुई है।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और नियमित चेकिंग अभियान चलाकर इस समस्या पर रोक लगाई जाए, ताकि क्षेत्र में सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

## कॉलेज में लड़के की दोस्ती युवती को बनी जी का जंजाल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** कॉलेज टाइम में बने फ्रेंड ने युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उससे अश्लीलता कर फोटो व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की पीड़िता ने कोतवाल को आप बीती सुनाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि एक साल पूर्व वह डिग्री कॉलेज में पढ़ती थी। इसी बीच उसे एक दोस्त ने प्रेम जाल में फंसा लिया। और कुछ अश्लील फोटो व वीडियो भी बना ली। आरोप है कि अब उक्त युवक उसके फोटो सोशल मीडिया पर डालकर ब्लैकमेल करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसके माता पिता ने उसकी शादी भी तय कर दी है। पुलिस ने मामला को संज्ञान में लेकर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

**शाहजहाँपुर को मिली सिटी एन्क्लेव की सौगात**

# कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया उद्घाटन

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।




जनपद की प्रगति को आज एक नई ऊंचाई मिली जब शाहजहाँपुर विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत और समस्त आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आवासीय कॉलोनी %सिटी एन्क्लेव% का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अत्याधुनिक परियोजना का उद्घाटन मुख्य अतिथि, प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में पहुंचते ही मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया एवं पूर्व विधायक शकुंतला देवी ने पुष्पगुच्छ तथा अंगवस्त्र भेंट कर उनका जोरदार स्वागत सम्मान किया। तत्पश्चात सिटी एन्क्लेव के सीनियर डायरेक्टर अंकुर कुमार तथा डायरेक्टर अजितेंद्र कुमार तथा ब्लॉक प्रमुख पति सुरजनलाल ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी का स्वागत सम्मान किया। उद्घाटन के दौरान कैबिनेट मंत्री खन्ना ने कहा कि शाहजहाँपुर तेजी से बदल रहा है। %सिटी एन्क्लेव% जैसी सुनियोजित और पूर्णतया विकसित कॉलोनियां न केवल शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करती हैं, बल्कि नागरिकों को एक सुरक्षित और आधुनिक जीवनशैली भी प्रदान करती हैं। उन्होंने इस परियोजना को समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के लिए प्रबंधन की सराहना की। इस अवसर पर अरुण कुमार सागर सांसद, अरविंद सिंह विधायक, हरिप्रकाश वर्मा विधायक, चेतराम विधायक , पूर्व शिक्षक विधायक संजय मिश्रा, कृष्ण चंद्र मिश्रा जिलाध्यक्ष, ममता यादव जिला पंचायत अध्यक्ष, डीपीएस राठौर अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक समेत जिले के तमाम दिग्गज जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस का प्रतिज्ञा पत्र

कांगड़ा की कार्यशाला में कांग्रेस कितनी निपुण तथा जिला अध्यक्ष कितने स्वतंत्र हो पाते हैं, यह आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में प्रदर्शित होगा। पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के 62 जिलाध्यक्षों को गुरुमंत्र देकर राहुल गांधी ने जो आदर्शवाद खड़ा किया है, क्या उसे दिल से कबूल करने के लिए पार्टी के बड़े नेता तैयार हैं। संगठन से चुनाव के बूथ तक कांग्रेस की मुश्किलों का मुकाबला भाजपा जैसी पार्टी से है, जहां हर दिन का रणनीतिक उद्घोष तैयार रहता है तथा पन्ना प्रमुख की ताजपोशियों में चुनाव की रिहर्सल के बही खाते तैयार रहते हैं। दरअसल कार्यकर्ताओं के बजाय नेताओं के वजन से कांग्रेस पार्टी का वजूद जमीनी स्तर का अवलोकन नहीं कर पाता है। आश्चर्य तब होता है जब पार्टी के विजयी विधायक या मंत्रियों के अधिकार वीआईपी हो जाते हैं और राजनीतिक संगत में मंच घूरने लगते हैं। बेशक राहुल गांधी ने सफलता के अध्यायों पर प्रतिज्ञा पत्र तैयार किया, लेकिन पार्टी को चौबीस घंटे की मेहनत के योग्य बनाने के लिए अपने तौर तरीके बदलने होंगे। जाहिर है कांगड़ा के संकल्प पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में देखे जाएंगे। हिमाचल में स्थानीय निकाय चुनाव में अगर कार्यकर्ता को सम्मान मिलता है, तो पार्टी उत्तीर्ण होगी वरना आने वाले समय में विधानसभा चुनाव की तैयारी में भी इसका असर रहेगा। इसी तरह पंजाब विधानसभा चुनाव के चक्रव्यूह में कांग्रेस को अपना कद दिखाने के लिए गांव से खेत-खलिहान तक जाना होगा। जहां तक हिमाचल का प्रश्न है, सरकार की आर्थिक दिक्कतों को प्रदेश के जनमानस तक पहुंचाने के प्रयास अभी कारगर सिद्ध नहीं हुए हैं, जबकि विपक्षी भाजपा हर मोर्चे पर सरकार को घेरने की भरपूर कोशिश करती हुई दिखाई देती है। इसमें दो राय नहीं कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने आर्थिक हकीकत के कई दर्पण खड़े करते हुए कई बड़े फैसले लिए और जिनकी जरूरत आने वाली हर सरकार को रहेगी। हिमाचल के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता के रास्ते पर सुक्खू सरकार ने कुछ अहम, कुछ व्यवस्थागत फैसले लिए, लेकिन पार्टी स्तर पर जनता के सामने इनकी पेशकश सक्रिय रूप से दर्ज नहीं हुई। कई खामियां पूर्व सरकार के रवैये से उभर कर सामने आईं, लेकिन कांग्रेस कोई एक बड़ा मजमून या मुद्दा खड़ा नहीं कर पाई। ऐसे में कांगड़ा से निकली रणनीति क्या अपनी सरकार की प्रचार तंत्र बनेगी। अंततः देखना यह होगा कि राहुल गांधी के मंचीय संदेशों को कांग्रेस जमीनी स्तर पर कैसे अपनाती है। अगर राहुल गांधी निर्देश दे रहे हैं कि लोगों के बीच जाकर सत्तारूढ़ पार्टी समस्याओं का समाधान करे, तो सर्वप्रथम यह समझना पड़ेगा कि सरकार ने जिस शिद्दत और राजस्व विभाग की सक्रियता से हजारों इंतकाल जैसे मामले निपटाए हैं, उसकी भूमिका क्या है। सरकार के फैसलों की दरगाह अगर पार्टी कार्यकर्ता आम जनता के दिलों में बना पाती है, तो यहां से कांगड़ा की भावना का प्रसार होगा, वरना सारे आदर्श मंच पर ही ढह जाएंगे। बहरहाल स्थानीय निकाय चुनावों, खास तौर पर नगर निगम चुनावों में कांग्रेस को बतौर पार्टी चमत्कार करने की जरूरत है। धर्मशाला, पालमपुर, सोलन व मंडी में ये केवल निगम चुनाव नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार के प्रशासनिक मॉडल भी हैं। इस परिप्रेक्ष्य में पार्षदों के मार्फत पार्टी की नीतियां, दिशानिर्देश, जनता के बीच संपर्क, संवेदना तथा संभावना अगर परिलक्षित करनी है, तो कांगड़ा के मजमून आगे बढ़ाने होंगे। क्या राहुल गांधी ने संदेश की अनुगूंज इन चुनावों में सुनी जाएगी, यह देखना होगा।

# मानवता की अटूट डोर : नफरत के दौर में मोहब्बत का रमजान



राहुल कुमार गुप्ता

मध्यप्रदेश के जबलपुर के बरगी डैम में लहरों ने जब नर्मदा क्वीन नामक क्रूज को अपनी आगोश में लिया, तो वह मंजर केवल एक हादसा नहीं बल्कि जीवन और मृत्यु के बीच चलते संघर्ष की एक रोंगटे खड़े कर देने वाली दास्तान बन गया। चीख-पुकार और डूबती सांसों के कोलाहल के बीच जब मौत अपना तांडव कर रही थी, तब प्रकृति की उन भयावह लहरों के बीच से ममता और मानवता की एक ऐसी अलौकिक तस्वीर उभरी जिसने न केवल उस समय के हाहाकार को शांत किया, बल्कि पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया। ममता की एक मार्मिक तस्वीर, मां और उसके सीने से चिपके बेटे की! तो मानवता को गर्व से भर देने वाला वो पल वो तस्वीर जो पश्चिम बंगाल के माटी के लाल रमजान की है। रमजान इस दुखद पल में कोई साधारण मजदूर नहीं बल्कि साक्षात सांत्वना और साहस का पर्याय बन गया था। जैसे ही उसकी नजर 25 फुट की ऊंचाई से उस डूबते हुए क्रूज और उस पर सवार जिंदगी की आखिरी उम्मीदें बांधे लोगों पर पड़ी, उसने एक पल की भी देरी नहीं की। बिना अपनी जान की परवाह किए, बिना अपने भविष्य का आकलन किए और बिना किसी सुरक्षा कवच के, रमजान ने मौत के उस अथाह जलकुंड में छलांग लगा दी। यह छलांग महज़ पानी में कूदना नहीं था, बल्कि यह गिरती हुई मानवीय संवेदनाओं को बचाने की एक छलांग थी। अन्य मजदूर साथियों ने उसका सहयोग किया। आपदा प्रबंधन की टीम आने से पहले

रमजान ने तैरकर उन तक पहुंच बनाई और एक-एक कर छह लोगों को बाहर निकालने का भगीरथ प्रयास किया। तमाम कोशिशों के बावजूद वह दो जिंदगियों को नहीं बचा सका, लेकिन चार परिवारों के चिरागों को उसने बुझने से पहले थाम लिया। आज जब पूरा देश उसे सलाम कर रहा है, तो यह सलाम केवल एक व्यक्ति के साहस को नहीं, बल्कि उस असली भारत को है जो आज भी नफरत की ऊंची दीवारों के पीछे कहीं न कहीं अपनी धड़कनें बचाए हुए है।

भारत की यह भूमि सदियों से विविधता में एकता के दर्शन को जीती आई है। यह कोई चुनावी नारा या किताबी जुमला नहीं है, बल्कि इस देश की मिट्टी की वह तासीर है जिसने हज़ारों सालों से अलग-अलग संस्कृतियों, भाषाओं और मजहबों को अपने भीतर समाहित किया है। लेकिन दुर्भाग्यवश, पिछले कुछ दशकों से हमारी साझा विरासत की फिजाओं में संप्रदायवाद और नफरत का जहर बहुत सुनियोजित तरीके से घोला गया है। संकीर्ण विचारधाराओं ने भाईचारे की उस बुनियाद को हिलाने की कोशिश की है, जिसे हमारे पुरखों ने अपने खून-पसीने से सींचा था। हां, कुछ कट्टरपंथियों ने आजादी से पहले (जैसे मुस्लिम लीग) और आजादी के बाद कुछ आजाद कट्टरपंथियों ने जरूर यहां रची बसी मानवता की जड़ों को काटना चाहा लेकिन मानवता और आपसी सद्भाव कम नहीं हुआ। इंटरनेट के दौर में नफरत की आग तेजी से फैलती है, अफवाहें इंसानों को इंसानों का दुश्मन बनाने पर तुली रहती हैं, और हर घटना को सांप्रदायिक चश्मे से देखने की एक बीमार कोशिश की जाती है। परंतु जबलपुर की इस घटना ने उन तमाम नफरत के सौदागरों को एक करारा जवाब दिया है। रमजान का यह साहसिक कृत्य यह स्पष्ट करता है कि भारत के कण-कण में बसी इंसानियत की जड़ें इतनी गहरी हैं कि संप्रदायवाद का कोई भी बवंडर उन्हें उखाड़ नहीं सकता। जब कोई व्यक्ति मौत से लड़ रहा होता है, तो वह बचाने वाले का नाम या उसका मजहब नहीं पूछता, और जब कोई बचाने वाला अपनी जान जोखिम में डालकर लहरों से टकराता है, तो उसकी आंखों के सामने किसी धर्म का प्रतीक नहीं बल्कि सिर्फ एक तड़पता हुआ इंसान होता है।

यही वह वास्तविकता है जो भारत को विश्व का सबसे शानदार और जीवंत लोकतांत्रिक देश बनाती है। लोकतंत्र केवल वोट डालने या सरकारें चुनने की प्रक्रिया का नाम नहीं है, बल्कि यह एक साझा समाज के रूप में एक-दूसरे के प्रति हमारी जिम्मेदारी और संवेदना का नाम है। यदि हम अपने आस-पास देखें, तो रोजमर्रा की जिंदगी में ऐसी हजारों कहानियां हर गांव, हर गली और हर शहर के चौराहे पर बिखरी पड़ी हैं। कहीं कोई हिंदू भाई रमजान के महीने में अपने मुस्लिम मित्र के लिए इफ्तार का प्रबंध कर रहा होता है, तो कहीं कोई मुस्लिम परिवार मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए अपनी जमीन दान कर देता है। अमरनाथ की दुर्गम पहाड़ियों पर मुस्लिम सेवादार शिवभक्तों की पालकी उठाकर उन्हें शिखर तक पहुंचाते हैं, और गुरुद्वारों के लंगर में हर धर्म का व्यक्ति एक ही पंगत में बैठकर अपनी भूख मिटाता है। यही वह भारतीयता है जो हमें दुनिया के बाकी देशों से अलग और विशेष बनाती है। संप्रदायवाद की लहरें चाहे कितनी भी ऊंची क्यों न उठें, लेकिन जब-जब मानवता पर संकट आता है, तो रमजान जैसे मानवता के नायक अपनी पहचान भुलाकर सामने आते हैं और यह सिद्ध करते हैं कि इस देश की असली शक्ति प्रेम और परस्पर विश्वास में निहित है, मानवता में निहित है।

भारत की यह विविधता ही इसका सबसे बड़ा सौंदर्य है। जैसे एक बगीचे में अलग-अलग रंगों और सुगंधों के फूल मिलकर उसकी शोभा बढ़ाते हैं, वैसे ही विभिन्न आस्थाओं वाले लोग इस राष्ट्र रूपी गुलदस्ते को पूर्ण बनाते हैं। रमजान का मानवता से भरा यह कार्य हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि यदि वह उस क्षण यह सोचने बैठ जाता कि डूबने वाले कौन हैं या उसका अपना जीवन कितना अनमोल है, तो शायद वह चार जिंदगियां आज हमारे बीच न होतीं। उसकी निस्वार्थ सेवा ने यह संदेश दिया है कि मानवता का धर्म सबसे ऊपर है। संप्रदायवाद दरअसल एक कृत्रिम मुखौटा है जिसे नफरत फैलाने वाले लोग अक्सर पहन लेते हैं, लेकिन संकट की घड़ी में यह मुखौटा उतर जाता है और केवल शुद्ध मानवीय करुणा शेष रह जाती है। आज जब हम एक आधुनिक और विकसित भारत की बात करते हैं, तो हमें यह समझना होगा कि विकास केवल गगनचुंबी इमारतों या तकनीकी प्रगति से नहीं आता, बल्कि समाज के नैतिक उत्थान और आपसी सद्भाव से आता है। एक ऐसा समाज जहां एक नागरिक दूसरे नागरिक के दुख को अपना समझे, वही वास्तव में विकसित है।



जबलपुर के बरगी डैम में हुए दु:खद हादसे में पश्चिम बंगाल के युवक रमजान ने अपनी जान जोखिम में डालकर छह लोगों को डैम से बाहर निकाला, चार लोगों की बचा ली जान

जिम्मेदारों की लापरवाही से जन्मी जबलपुर की यह घटना एक त्रासदी जरूर थी, जिसने कई परिवारों को उम्र भर का गम दिया, लेकिन इसी त्रासदी के गर्भ से आशा की एक किरण भी निकली है। यह किरण हमें बताती है कि भारत की आत्मा अभी मरी नहीं है। यह देश नफरत की आंधियों को सहने की ताकत रखता है क्योंकि इसके पास प्रेम की अटूट विरासत है। रमजान जैसे लोग उस विरासत के प्रहरी हैं। वे हमें सिखाते हैं कि साहस का कोई भूगोल नहीं होता और संवेदना की कोई भाषा नहीं होती। एक बंगाली युवक का मध्यप्रदेश की लहरों में कूदना यह दर्शाता है कि यह देश उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक एक अदृश्य रेशमी धागे से बंधा हुआ है। संप्रदायवाद का जहर इस धागे को कमजोर तो कर सकता है, लेकिन तोड़ नहीं सकता। भारत की असलियत उन नफरती भाषणों में नहीं है जो टेलीविजन के पर्दों पर गूंजते हैं, बल्कि उस खामोश बहादुरी में है जो बिना किसी प्रचार के दूसरों की जान बचाने के लिए खुद को दांव पर लगा देती है।

हमें यह स्वीकार करना होगा कि भारत अपनी विविधता के बिना अधूरा है। यह देश तभी तक महान है जब तक इसमें रमजान जैसे लोग सुरक्षित हैं और सम्मानित हैं। आज पूरा राष्ट्र उसे सलाम कर रहा है, तो यह इस बात का प्रतीक है कि हम आज भी अच्छाई और निस्वार्थ सेवा के कायल हैं। यह घटना उन सबके लिए एक सबक है जो नफरत का जहर घोलने में लगे हैं। नफरत की ये क्रिया क्षणिक हो सकती है, लेकिन प्रेम और वीरता का इतिहास शाश्वत होता है। हमें अपने समाज में व्याप्त उस जहर को बाहर निकालना होगा जो हमें एक-दूसरे के प्रति शंकालु बनाता है। हमें फिर से उसी भारत की ओर लौटना होगा जहां इंसानियत ही सबसे बड़ा मजहब थी। रमजान ने अपनी जान जोखिम में डालकर केवल चार लोगों को नहीं बचाया, बल्कि उसने उस गिरते हुए विश्वास को भी बचाया है जो हमें एक राष्ट्र के रूप में जोड़े रखता है। भारत की वास्तविकता यही प्रेमभाव है, यही सहयोग है और यही वह अटूट बंधन है जो हमें विश्व पटल पर एक अद्वितीय शक्ति के रूप में स्थापित करता है। आने वाली पीढ़ियां जब इस दौर के इतिहास को पढ़ेंगी, तो वे नफरत के शोर को नहीं, बल्कि रमजान जैसे नायकों की वीरता को याद रखेंगी, जिन्होंने साबित किया कि भारत की असली पहचान उसकी विविधता में एकता से है, संप्रदायवाद से नहीं, मानवतावाद से है।

विचार

# चित्रकूट में प्रदेश सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं से आ रहा व्यापक बदलाव

उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार का विजन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की मुख्यधारा को प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। इस संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश भर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जो न केवल आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों का संबल बनी हैं, बल्कि युवाओं और बुजुर्गों के जीवन में एक व्यापक सकारात्मक परिवर्तन भी लेकर आई हैं। इसी कड़ी में चित्रकूट जनपद में संचालित समाज कल्याण विभाग की महत्वपूर्ण पहल मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना और वृद्धजन आश्रम जैसी परियोजनाएं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं। यह शासन की दूरदर्शिता और जिला प्रशासन की सक्रियता का ही परिणाम है कि आज बुंदेलखंड के दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले प्रतिभाशाली छात्र अपनी आंखों में प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना हकीकत में बदलते देख रहे हैं और असहाय बुजुर्गों को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार मिल रहा है।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना प्रदेश के मेधावी युवाओं के लिए एक क्रांतिकारी कदम के रूप में उभरी है। प्रदेश सरकार की इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य उन आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग और उच्च स्तरीय मार्गदर्शन प्रदान करना है, जो संसाधनों के अभाव में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से दूर रह जाते थे। चित्रकूट के राजकीय जिला पुस्तकालय कर्वी में संचालित इस केंद्र पर वर्तमान में 301 छात्र-छात्राएं सिविल सेवा, जेईई, नीट और अन्य एकदिवसीय परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कक्षाएं प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना की गुणवत्ता और सार्थकता का जीवंत प्रमाण श्री दिवाकर सिंह की सफलता में झलकता है। दिवाकर सिंह ने इसी कोचिंग के माध्यम से तैयारी करते हुए उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 में सफलता प्राप्त कर समीक्षा अधिकारी के पद पर अपना चयन सुनिश्चित किया। दिवाकर सिंह की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और मेधा का परिणाम है, बल्कि यह प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त शैक्षिक संसाधनों की उपयोगिता को भी रेखांकित करती है। उनकी इस सफलता ने चित्रकूट के अन्य ग्रामीण और दूर-दराज के विद्यार्थियों में एक नया आत्मविश्वास भरा है। विद्यार्थियों की बढ़ती रुचि और सकारात्मक परिणामों को देखते हुए जिला प्रशासन ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से मऊ, मानिकपुर और राजापुर जैसी अन्य तहसीलों में भी इस निःशुल्क कोचिंग सुविधा का विस्तार करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार का यह प्रयास स्पष्ट करता है कि शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्रीय असमानता को मिटाने के लिए प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है। शिक्षा के साथ-साथ समाज का एक अन्य संवेदनशील हिस्सा हमारे बुजुर्ग हैं, जिनके प्रति उत्तरदायित्व निभाना किसी भी कल्याणकारी शासन का आधार होता है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धजन आश्रम इसी मानवीय दृष्टिकोण का एक उत्तम उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। विनायकपुर, विकास खंड कर्वी स्थित यह आश्रम निराश्रित और असहाय बुजुर्गों को न केवल छत प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें ससम्मान भोजन और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं भी निःशुल्क उपलब्ध करा रहा है।




हाल ही में जिला प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता के सुखद परिणाम सामने आए हैं। एक 100 वर्षीय वृद्धा, जिन्हें उनके परिजनों द्वारा परित्यक्त कर दिया गया था, को प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरक्षित आश्रम तक पहुंचाया। इसके पश्चात प्रशासन के निरंतर प्रयासों से परिजनों को अपनी नैतिक भूल का आभास हुआ और वे उन्हें पुनः अपने साथ ले गए। इसी प्रकार रामघाट क्षेत्र में भिक्षाटन कर अत्यंत दयनीय स्थिति में जीवन यापन करने वाली एक असहाय वृद्ध महिला को जिला प्रशासन ने तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराकर उचित उपचार दिलवाया और स्वस्थ होने के पश्चात उन्हें वृद्धजन आश्रम में सुरक्षित आश्रय प्रदान किया। प्रदेश सरकार के ये प्रयास स्पष्ट करते हैं कि प्रशासन न केवल युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए कृतसंकल्पित है, बल्कि समाज के सबसे असुरक्षित बुजुर्गों को सुरक्षा और सम्मान दिलाने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

उत्तर प्रदेश सरकार की इन योजनाओं ने चित्रकूट जैसे जनपद में एक गहरे सामाजिक बदलाव की नींव रखी है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से लेकर वृद्धजन आश्रम तक की यह यात्रा शासन की सबका साथ, सबका विकास की मूल भावना को धरातल पर चरितार्थ कर रही है। इन पहलों से जहां दिवाकर सिंह जैसे निर्धन मेधावियों को अपनी मंजिल मिल रही है, वहीं बेसहारा बुजुर्गों को भी समाज की मुख्यधारा में सम्मानजनक स्थान प्राप्त हो रहा है। प्रशासन द्वारा संचालित ये कार्यक्रम आज पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गए हैं, जो यह सिद्ध करते हैं कि जनहित में समर्पित सरकारी योजनाएं किस प्रकार एक समृद्ध और संवेदनशील समाज का निर्माण कर सकती हैं।

साहित्य



## कलम की धार...!

संजय एम तराणेकर

कलम की धार से जागे, सच का हरेक प्रकाश,
अँधेरों से लड़ते रहें, यही पत्रकारों का विश्वास।
स्याही में जलती आग और शब्दों में है ताकत,
सत्ता के हर सवाल पर, उठती निर्भीक आहट।

ना बिके, ना झुके कभी, सच का जो रखवाला,
वही असली प्रहरी है, लोकतंत्र का उजियाला।
यूं तूफ़ानों से टकराकर, खबरें सम्मुख लाता है,
हर डर को पीछे छोड़, सत्य वहीं दिखलाता है।

प्रेस की आज़ादी है, आम जनता की आवाज़,
इसके बिना अधूरी है, हर अधिकार की लाज।
आओ मिलकर वादा करें, सत्य का मान बढ़ाएँ,
प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कलम शिखर छू जाएँ।





## राशिफल

**मेषः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कार्य में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा।

**वृषभः-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मिथुनः-** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**कर्कः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतः इसे सुधारें। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य को समय से पूर्ण करें।

**सिंहः-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्याः-** कोई नई इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**तुलाः-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिकः-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी।

**धनुः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकरः-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्त्रण रखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभः-** महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों।

**मीनः-** नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# राजस्व न्यायालयों में लाखों वाद निस्तारण को लेकर राजस्थान की पहल

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

देश में राजस्व विवादों से संबंधित लाखों की संख्या में प्रकरण राजस्व न्यायालयों में निस्तारण के अभाव में पेंडिंग पड़े हैं। इनमें से हजारों की संख्या में ऐसे प्रकरण भी मिल जाएंगे जो तीस साल से भी अधिक समय से निर्णय के इंतजार में हैं। राजस्व न्यायालयों में विवाद के ये प्रकरण केवल राजस्व रेकार्ड में संशोधन कर सुधार के हैं क्योंकि मालिकाना हक तय करने के मामले तो सिविल कोर्ट द्वारा निर्णित किये जाते हैं। रेवेन्यू कोर्ट में मुख्यतः म्यूटेशन, भूमि का बंटवारा, जमीन के सीमांकन, भूमि पर अतिक्रमण, दस्तावेजों में सुधार, लगान या इस तरह के विवाद या फिर पट्टेदारी के विवाद से संबंधित विवाद निर्णय के लिए आते हैं। आरसीसीएमएस जैसी कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था होने के बावजूद इसमें कोई खास सुधार नहीं देखा जा रहा है। होता यह है कि इस तरह के विवादों या प्रकरणों के निर्णित होने में भी पीढ़ी दर पीढ़ी निर्णय के लिए तारीख दर तारीख न्यायालयों के चक्कर लगाते रहते हैं। यह अपने आप में गंभीर समस्या है पर इसका निराकरण सरकारों की इच्छा शक्ति और व्यवस्था में सुधार से आसानी से किया जा सकता है।

खास बात यह कि इस तरह के लाखों की संख्या में विवाद निर्णय के अभाव में पेंडिंग पड़े हैं। राजस्थान की सरकार ने लंबित प्रकरणों को लेकर महत्वपूर्ण पहल की है। अब पीठासीन अधिकारियों को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक नियमित सुनवाई करने के साथ ही प्रकरणों के निष्पादन की टाइम लाइन और मॉनेटरिंग व्यवस्था को सुदृढ़ किया है। यह कोई अकेले राजस्थान का ही मुद्दा नहीं है अपितु सभी राज्यों में इस तरह के विचाराधीन प्रकरणों की संख्या बहुत चिंतनीय स्थिति में है। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है और ऐसे भी उदाहरण देखने को मिलता है कि कई राजस्व न्यायालयों में तो सालभर में एक-एक केस का निस्तारण तक देखने को मिलता है। यह अपने आप में गंभीर होने के साथ कहीं-ना-कहीं हमारी व्यवस्था के लिए भी चुनौती से कम नहीं है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अनुसार राजस्व न्यायालयों के सुदृढ़ीकरण और लंबित वादों का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है। अकेले राजस्थान की ही आंकड़ों में बात की जाए तो इस तरह के 6 लाख 72 हजार वाद रेवेन्यू न्यायालयों में विचाराधीन चल रहे हैं। इनमें से करीब 64 प्रतिशत 4.31 लाख के वाद उपखण्ड अधिकारी के न्यायालयों में निर्णयाधीन है। चिंतनीय यह है कि 6 हजार के करीब वाद तो ऐसे हैं जो 20 से 30 साल के बीच निर्णय के प्रतीक्षा में हैं। राजस्थान के प्रमुख सचिव राजस्व टी. रविकान्त ने इस तरह के प्रकरणों को लेकर गंभीरता दिखाई और रिव्यू के बाद इस तरह की व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश जारी कराने की पहल की है कि राजस्व न्यायालयों में विचाराधीन वादों की समयबद्ध नियमित सुनवाई हो, तारीखों पर तारीखें नहीं दी जाएं और पक्ष-प्रतिपक्ष को समुचित अवसर देते हुए वादों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएं। प्रमुख सचिव राजस्व राजस्थान टी. रविकान्त ने व्यवस्था में सुधार और संवेदनशील प्रशासन का परिचय देते हुए मुख्य सचिव राजस्थान वी. श्रीनिवास ने परिपत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किये हैं। यह कोई राजस्थान की नहीं अपितु इस तरह की पहल की सभी राज्य सरकारों द्वारा किये जाने की आवश्यकता है। राजस्व न्यायालयों में विचाराधीन वादों के निस्तारण में मुख्यतः तीन कारण सामने आते हैं। इनमें भी सबसे प्रमुख कारण संबंधित पटवारी, गिरदावर, तहसीलदार द्वारा मौका रिपोर्ट सालों तक प्रस्तुत नहीं करना देखा गया है। एक अन्य कारण राजस्व न्यायालयों से जुड़े कार्मिकों को न्यायिक प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक हो जाता है।

आवश्यक न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी के अभाव में भी देरी होती है। इसके अलावा एक अन्य कारण जो कि सर्वविदित है और वह है न्यायालय के नोटिस का तामील नहीं होना भी है। तामीली के अभाव में समय अधिक लग जाता है। इसके अलावा तारीख-पर-तारीख और लंबी तारीख देने की परपंरा भी वादों के निस्तारण की बड़ी बाधा है। राजस्थान का संदर्भ इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि इन कारणों को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किये गये हैं। अब राजस्व पीठासीन अधिकारियों को कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक आवश्यक रुप से न्यायालय आयोजित करेंगे। इसमें किसी तरह का अवरोध ना हो इसके लिए यह भी निर्देशित किया गया है कि आवश्यक कार्यों से आयोजित होने वाली वर्चुअल बैठकें वीसी आदि 2 बजे बाद ही आयोजित की जाएगी। यह अपने आप में महत्वपूर्ण और सकारात्मक पहल मानी जानी चाहिए। इसके साथ ही मॉनेटरिंग व्यवस्था को चाक-चौबंद करते हुए संभाग स्तरीय स्थाई एरियर रिव्यू कमेटी का गठन, रिव्यू हेतु 100-100 प्रकरण तय कर विभिन्न स्तर पर निस्तारण प्रगति रिव्यू आदि तय किया गया है। संभागीय आयुक्त से लेकर जिला कलक्टर आदि द्वारा मासिक बैठकों व दौरों के दौरान समीक्षा की व्यवस्था की गई है। पटवारी, गिरदावर या तहसीलदार द्वारा तीन अवसर देने पर भी मौका रिपोर्ट नहीं भेजने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित करने जैसी व्यवस्था की गई है। इसी तरह से तामील व्यवस्था में एक समय बाद समाचार पत्र में प्रकाशन तक का विकल्प दिया गया है। 15 दिन से अधिक की तारीख भी नहीं देने को कहा गया है। निश्चित रुप से यह व्यवस्था इस तरह के वादों के निस्तारण में क्रांतिकारी बदलाव लाने में सफल हो सकती है। राजस्थान सरकार की सकारात्मक पहल अन्य राज्यों के लिए भी सुधारात्मक पहल हो सकती है। इससे जहां लाखों की संख्या में राजस्व न्यायालयों में निर्णय की प्रतीक्षा के वादों के निस्तारण की राह प्रशस्त हो सकेगी वहीं अनावश्यक विवादों का निस्तारण होने से ग्रामीण माहौल में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। अनावश्यक विवाद समाप्त होंगे और एक संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था का संदेश जाएगा। हो सकता है कि अन्य प्रदेशों द्वारा भी इस दिशा में पहल की जा रही हो तो इस तरह की पहल को अपनाने में किसी तरह का संकोच नहीं किया जाना चाहिए ताकि लाखों की संख्या में इस तरह के विवादों के निस्तारण की पहल सही दिशा में सही कदम हो सके।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### स्मार्ट मीटर के विरोध में सड़क पर उतरे ग्रामीण, जमकर हंगामा

**फतेहपुर।** खागा तहसील क्षेत्र में स्मार्ट मीटर को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। रसूलपुर सानी पॉवर हाउस पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली के बिलों में अचानक भारी बढ़ोतरी हो गई है, जिससे आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। इसी नाराजगी के चलते लोगों ने अपने घरों में लगे स्मार्ट मीटर उखाड़कर सीधे पॉवर हाउस परिसर में फेंक दिए। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की और पुराने मीटर दोबारा लगाने की मांग की। उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर की रीडिंग सही नहीं आ रही है और उन्हें बेवजह अधिक बिल दिया जा रहा है। स्थिति को देखते हुए मौके पर स्थानीय प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारी पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। धिकारियों ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है, लेकिन प्रशासन स्थिति को नियंत्रण में रखने की कोशिश कर रहा है।

### परशुराम जन्मोत्सव पर बकेवर कस्बे से निकाली गई वृहद सनातन धर्म यात्रा



**फतेहपुर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज कस्बा बकेवर सब्जी मंडी स्थल से पूर्व विधायक भाजपा के वरिष्ठ नेता आदित्य पाण्डेय के संयोजक्त व हनुमान गढ़ी अयोध्या के महंत श्री शाश्वत दास महाराज की उपस्थित में एक बृहद सनातन धर्म यात्रा का शुभारम्भ किया गया। इस यात्रा में लगभग एक सैकड़ा वाहनों के साथ बड़ी सख्या में लोग शामिल हुए। इस सनातन धर्म यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। ग्राम सकूराबाद में उपस्थित जन समुदाय ने भगवान परशुराम का तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया, वही भगवान परशुराम के जयकारे के साथ पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय व महंत श्री शाश्वत दास महाराज का माल्यार्पण कर उत्साह वर्धन किया।इस धर्म यात्रा में प्रमुख रुप से राजू मिश्रा, रवीन्द्र त्रिपाठी, संतोष शुक्ला, कुलदीप तिवारी, स्वामी श्याम नारायण मिश्र, करुणेश तिवारी, राज तिवारी, मनोज शुक्ला, ओम जी अवस्थी, शिवम सिंह, रवी दिक्षित, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष अग्निहोत्री, सुधीर शुक्ला, देवनारायण, कुलदीप शुक्ला, आदित्य त्रिपाठी, संतोष तिवारी, उमेश तिवारी, राकेश कुमार गुप्ता परागी, गोरे सिंह, पवन दीक्षित, सत्येन्द्र शुक्ला, सोमदत्त द्विवेदी, आनंद शुक्ला, अरविंद कुमार शुक्ला, डॉ अशोक दुबे, कल्लू, पार्षद राजेश बाजपेई सहित बड़ी संख्या में लोग सनातन धर्म यात्रा के साक्षी बने। यह सनातन धर्म यात्रा कस्बा बकेवर से शकूराबाद, जहानाबाद व अमौली होते हुए कौह गांव पहुंचेगी। जहां एक भव्य कार्यक्रम के साथ भंडारा आयोजित होगा। यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष तुषार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक रमेश राय, के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### कृषक खरीफ फसलों के बीज हेतु 10 मई तक करें दर्शन पोर्टल-1 पर आवेदन

**महोबा।** खरीफ 2026 कृषि विभाग में संचालित फसलों के बीज अनुदान पर समान वितरण व नि:शुल्क मिनीकिट वितरित किए जाने वाले सभी बीजों की बुकिंग कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल – 1 पर 22 अप्रैल से शुरू हो गई है। जिसकी अंतिम तिथि 10 मई 2026 निर्धारित है। जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि खरीफ 2026 में विभाग से संचालित विभिन्न योजना अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित सामान्य बीज वितरण, निशुल्क दल्हन एवं तिलहन बीज मिनीकिट तथा प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत खरीफ की फसले यथा मूंग, उर्द , अरहर, तिल , मूंगफली, सोयाबीन, धान , ढैचा आदि बीज का अनुदान पर सामान्य वितरण व नि:शुल्क मिनीकिट वितरित किए जाने वाले समस्त बीजों की बुकिंग कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल–1 पर 22 अप्रैल 2026 से शुरू हो गई है, जिसकी अंतिम तिथि 10 मई 2026 निर्धारित है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य से अधिक आवेदन/ बुकिंग होने की दशा में ई–लाटरी के माध्यम से लाभार्थी का चयन किया जाएगा। कृषक बंधुओं से समय पर बुकिंग करने की अपील की गई है।

### चौराहा का नाम बदलने के विरोध में उठे स्वर, आंदोलन की दी चेतावनी



**उरई (जालौन)।** कोंच बस स्टैंड स्थित वीरांगना झलकारी बाई चौराहा का नाम बदलने के प्रयासों को लेकर कोरी समाज में भारी आक्रोश है। इस मुद्दे को लेकर राजेन्द्र नगर स्थित कोरी कुटिया में बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के लोगों ने कड़ा विरोध जताया। बैठक की अध्यक्षता अयोध्या प्रसाद वर्मा ने की, जबकि संचालन डॉ. नरेश वर्मा ने किया। संयोजक प्रमोद वर्मा एडवोकेट पूर्व (डीजीसी) ने कहा कि वर्ष 1996 में वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा स्थापित होने के बाद से यह चौराहा उनके नाम से ही जाना जाता है, लेकिन अब राजनीतिक लाभ के लिए नाम बदलने की कोशिश की जा रही है। समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में कुछ जनप्रतिनिधि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जबकि अन्य मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कोरी समाज ने हमेशा एकजुट होकर जनप्रतिनिधियों का समर्थन किया, लेकिन अब समाज अपने महापुरुषों का अपमान कतई बर्दाशत नहीं करेगा। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि वीरांगना झलकारी बाई के इतिहास को मिटाने का प्रयास बंद नहीं हुआ तो कोरी समाज पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगा और अपनी ताकत का अहसास कराएगा। इस मौके पर बैठक का संचालन डा. नरेश वर्मा ने किया बैठक में जिला कोरी समाज के महामंत्री वैजनाथ वर्मा एडवोकेट, उपाध्यक्ष विनोद प्लम्बर, कोषाध्यक्ष राजेश आनंद, पूर्व चेयरमैन उरई मीना वर्मा, सुमन वर्मा, मधु अनुरागी, आडीटर गोविन्द विद्रोही, सूचना मंत्री रमेशचन्द्र वर्मा, पूर्व अध्यक्ष रमेशचन्द्र वर्मा, रामकिशोर वर्मा एड. संगठन मंत्री प्रेमनरायण, रामशंकर वर्मा एडवोकेट, ई–रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष रवि वर्मा, राजेश खन्ना, फूल सिंह वर्मा, लल्लू वर्मा, लच्छी घड़ी साज, मनोज वर्मा वेस्टर्न टेलर्स, राघवेन्द्र वर्मा सुरेन्द्र वर्मा, भोले वर्मा, बीडीसी रामकुमार वर्मा (मुस्कान) रवि वर्मा दिरावटी, निर्मल वर्मा, उप मंत्री परमलाल वर्मा, अनिल मास्टर, कैलाश नारायण, राजबहादुर, दयाशंकर, प्रेम आजाद, जीतू वर्मा, जेपी वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, लाखन बैरागी, जानकी शरण, जितेन्द्र वर्मा, घनश्याम सिंह, डा. मुरलीधर आर्या, अयोध्याप्रसाद, गौरव वर्मा, धमेन्द्र प्रधान, बाबू सिंह, छक्कीलाल, आशीष राज वर्मा,सुशील कुमार, अनिल वर्मा, राजकुमार पूर्व प्रधान, गजेन्द्र वर्मा एडवोकेट, डा. दुर्गाचरन सुरेश वर्मा, अतुल वर्मा, सचेन्द्र वर्मा, अजय वर्मा, सुनील वर्मा जालौन, डा. हरी सिंह, रामप्रताप मुन्ना, अमन वर्मा, परमानन्द जालौन, मनीराम वर्मा मंगोली पिण्डारी, मनोज वर्मा गांधीनगर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# स्व-गणना का कार्य 7 से 21 मई तकः डीएम

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।



भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण-मकान सूचीकरण के अंतर्गत स्व-गणना को सफलता पूर्वक कराए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्व-गणना का कार्य 07 मई से 21 मई 2026 तक किया जाना है। स्व-गणना ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि जनगणना-2027 एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसकी सटीकता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी-अपनी कार्ययोजना बनाकर अपने संपर्क आने वाले अधिक से अधिक नागरिकों का ऑनलाइन पोर्टल कदम से स्व-गणना कराए, के लिए कार्ययोजना तैयार कर स्व-गणना की जाने वाली संख्यात्मक रिपोर्ट दर्ज कराते हुए रिपोर्ट से अवगत कराए, साथ ही एक सेल्फी प्वाइंट बनाए। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी न्याय पंचायत स्तर, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के अधिकारी प्रधान, सभासद, अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत सदस्य, माननीयों से समन्वय बनाते हुए स्व-गणना का कार्य ज्यादा से ज्यादा कराए। उन्होंने कहा कि जनगणना से संबंधित एक हेल्प डेस्क जनपद स्तर पर बनाया जाय, तथा इसका प्रचार प्रसार विभिन्न माध्यमों से कराया जाय ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग स्व-गणना कर सके। नगर पंचायतों में कूड़ा ले जाने वाले वाहनों के एड्रेस सिस्टम से प्रचार कराया जाय। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन के माध्यम से स्व-गणना संबंधित विस्तार से जानकारी दी और वीडियो के माध्यम से भी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि 07 मई से 21 मई 2026 तक विभिन्न विभागों को निर्धारित विशेष दिवस निर्धारित किया गया है। जो निम्नानुसार है (संलग्न है)। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) डा0 अविनाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर, खागा, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त एनआरएलएम, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिल सूचना विज्ञान अधिकारी, जनगणना निदेशालय से नामित जनपद प्रभारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्मार्ट मीटर के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

**उरई (जालौन)।** बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहर के शहीद भगतसिंह चौराहा पर आज रविवार को प्रदर्शन विरोध किया बाद में प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेंट किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विनय चौरसिया, भूपसिंह राजपूत प्रदेश सचिव, प्रखर बाजपेई, रामानंद श्रीवास, प्रमोद, प्रवीण रायकवार, धीरेन्द्र चौधरी, गौरव चौधरी, आर्दश कुमार सहित आदि संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर से आम जनता और किसानों का शोषण किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विनय चौरसिया ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार की स्मार्ट मीटर की योजना जनविरोधी है और स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से मनमाना बिल वसूल किया जा रहा है।

## चौक जाने वाले रूट पर वनवे व्यवस्था, 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगी लागू

- मंगलवार व शनिवार को इस रूट पर बस, ट्रैक्टर बैन, पुलिस ने जारी किया डायवर्जन रूट मैप, दो सप्ताह ट्रायल के लिए लागू हुई व्यवस्था

**फतेहपुर।** शहर में जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात पुलिस ने बड़ा फैसला लिया है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की अध्यक्षता में व्यापार मंडल के साथ हुई बैठक के बाद मंगलवार और शनिवार को कई रूटों पर बसों और ट्रैक्टरों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। 16 अप्रैल 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में हुई बैठक में व्यापारियों ने बताया कि पीलू तले चौराहा से चौक चौराहा तक मंगलवार और शनिवार को बाजार के कारण स्कूली बसों और ट्रैक्टरों से भीषण जाम लग जाता है। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक दो सप्ताह के ट्रायल के लिए वन-वे व्यवस्था लागू की है। कहां-कहां रहेगा प्रतिबंध मंगलवार व शनिवार पत्थरकटा से चौक-कोतवाली-रोडवेज चौकी तक और वर्मा चौराहा से चौक-बाकरगंज मार्ग पर बसों व ट्रैक्टरों का आवागमन पूर्णतः बंद। स्कूलों से छोटे वाहनों के प्रयोग की अपील। स्कूली वाहन रूट केवल पत्थरकटा चौराहे से एंट्री होगी, जो पीले तले-चौक चौराहा होते हुए ज्वालागंज जाएंगे। वर्मा चौराहा सिर्फ छोटे स्कूली वाहन मैजिक/कैम्पर वैन ही जा सकेंगे। बड़ी बसें और ट्रैक्टर बैन। ज्वालागंज साइड ज्वालागंज से चौक-पीले तले होते हुए पत्थरकटा की ओर जाने वाली बसें और ट्रैक्टर पूर्णतः प्रतिबंधित।

## पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की मासिक बैठक संपन्न

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।



पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की मासिक बैठक शादीपुर में कैप्टन प्रेम सागर शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम जबलपुर में हुए क्रूज दुर्घटना में मृत्यु को प्राप्त हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव एडवोकेट तथा महासचिव अनुराग नारायण मिश्रा उर्फ पुत्तन मिश्रा एडवोकेट को माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने कहा कि आज के समय में अदालतों के द्वारा झूठे मुकदमे और गवाहों के दम पर निजी दुश्मनी निकालने के लिए बलात्कार जैसे घृणित आरोप लगाए जाते हैं जो न सिर्फ समाज के लिए अभिशाप है बल्कि उस परिवार का जीना भी मुश्किल हो जाता है। अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने आशा व्यक्त किया की बार एसोसिएशन तथा फौजी संगठन मिलकर सामाजिक समस्याओं के लिए निराकरण करेंगे। इस पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव अध्यक्ष ने कहा कि वह पूर्व सैनिक संगठन के साथ अधिवक्ताओं का एक सेमिनार रखेंगे तथा उसमें नए अधिवक्ताओं को समझाया जाएगा कि यदि उनके संज्ञान में ऐसा आता है कि मुकदमा झूठा लिखा जा रहा है तो उनको समझा बुझाकर मुकदमे को समाप्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा की इस सत्यता से इनकार नहीं किया जा सकता की पति पत्नी के विवाद में देवर जेठ ससुर के ऊपर या नाली खरंजे के विवाद में कम उम्र की लड़कियों से घृणित आरोप लगाकर मुकदमे किए जाते हैं जो बहुत ही निंदनीय है। महासचिव अनुराग नारायण मिश्रा ने फौजी संगठन के साथ सामाजिक समस्याओं में एक साथ कार्य करके समाज को एक नया दिशा तथा संदेश देने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी संगीता सिंह ने पारिवारिक विवादों के विषय में जानकारी दी। इसके पश्चात पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना गया जिसमें स्मार्ट मीटर तथा रिचार्ज वाले मीटर की समस्या सर्वोपरि रही जिस पर तत्काल अधिशासी अभियंता प्रथम से बात की गई। इस अवसर पर राजेश कुमार शुक्ला, भरोसा प्रसाद अग्निहोत्री, जागृति तिवारी महिला अध्यक्ष, साधना सिंह, सुनिशा सिंह, नंदन सिंह, राजकुमार तिवारी, देवेंद्र कुमार शुक्ला, लखन लाल विश्वकर्मा, जगदेव पाल, उदय भान सिंह, कमल कुमार, राजेंद्र कुमार, राम शंकर, सुरेंद्र पाल सिंह, रामकरण सिंह, केके शुक्ला, मेदी लाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नीट परीक्षा कड़ी निगरानी में संपन्न, प्रशासन रहा मुस्तैद

- डीएम-एसपी ने केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।



जनपद में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 को निष्पक्ष, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने जवाहर नवोदय विद्यालय, दयानंद वैदिक कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अभ्यर्थियों की चेकिंग प्रक्रिया, बैठने की व्यवस्था एवं प्रश्नपत्र वितरण प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक केंद्र पर पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता रहे और किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुचित गतिविधि को बिल्कुल भी बर्दाश्त न किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है, इसके लिए सभी नामित मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, साथ ही परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित रहे तथा प्रवेश द्वार पर सघन चेकिंग की जाए। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए परीक्षा की गरिमा बनाए रखें। जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी, जो लगातार निगरानी बनाए हुए थे। परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय रहा।

## रेंढ़र पुलिस की बड़ी कार्रवाई 2.488 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**माधौगढ़ (जालौन)।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रेंढ़र पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 मई 2026 को थाना रेंढ़र पुलिस टीम ग्राम कुदारी क्षेत्र में नहर कोठी के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूंछतांछ में उसने अपना नाम अनुपम गुप्ता उर्फ भोले (26 वर्ष), निवासी ग्राम सिमहरा कासिमपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 2 किलो 488 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस सराहनीय कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, कांस्टेबल अरुण सिंह एवं महेंद्र यादव शामिल रहे। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## चरखारी पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को दबोचा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित टीम उपनिरीक्षक सतीराम मय हमराह हेड कांस्टेबल महेन्द्र पाल व कान्स्टेबल अजय यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 1 नफर अभियुक्त विकास पुत्र जयपाल यादव उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम छिकहरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा जिसके



कब्जे से 1 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 3 कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये कस्बा व थाना चरखारी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 73/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## जिलाधिकारी ने जैविक बाजार का शुभारंभ कर किया निरीक्षण

महोबा, समृद्धि न्यूज।

- डीएम ने लोगों से समय निकालकर जैविक बाजार आने की अपील की



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा एफ.पी. ओ. जैविक बाजार राठ रोड का फीता काटकर शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा एफपीओ जैविक बाजार के प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण करने के पश्चात जैविक सब्जियां व अन्य उत्पादों की बिक्री हेतु सभी को प्रोत्साहित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अपेक्षा की गई कि जैविक बाजार में समस्त एफपीओ व स्वयं सहायता समूह अपने जैविक उत्पादों को रखेंगे और बिक्री करेंगे जिन एफपीओ या स्वयं सहायता समूह के उत्पाद जैविक प्रमाणीकरण से आच्छादित नही है वो सभी तत्काल उप कृषि निदेशक के माध्यम से अपना आवेदन प्रमाणीकरण संस्था को करते हुए अपने उत्पाद का प्रमाणीकरण करा लें। साथ ही उन्होंने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जैविक बाजार में एक बार समय निकालकर जरूर आए और यहां पर उपलब्ध जैविक उत्पादों का अपने दैनिक जीवन में प्रयोग करें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, उपकृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय विश्वविद्यालय झांसी के पान उद्यमिता पर शोध करने वाले वैज्ञानिक डॉ अनिल कुमार उपस्थित रहे ।इस बाजार में अब तक 12 एसपीओ व स्वयं सहायता समूह जो जैविक कृषि कार्य कर रहे है, को प्रतिष्ठान आर्वटित किये गये है, एफपीओ जैविक बाजार की स्थापना जिलाधिकारी के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा करायी गयी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी के ने जनपद के देशावरी पान को प्रदेश में प्रख्यापित करने वाले राजकुमार चौरसिया की पुत्री मयंकिता चौरसिया द्वारा स्थापित अच्युतम ऑर्गेनिक एंड हर्बल्स पान प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया गया। इस प्रतिष्ठान में जनपद के मशहूर देशावरी पान से निर्मित विभिन्न प्रकार के मुखवास, पान लड्डू, पान शरबत, पान चॉकलेट व अन्य उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध है। निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा जैविक बाजार की नियमित साफ सफाई कराने, पेय जल, मोबाइल शौचालय व अन्य व्यवस्थाओं को सही कराने के अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए गए ।

## बुंदेलखंड फन वॉटर पार्क में नहाने गये नाबालिग से दबंग ने की मारपीट

- सीसीटीवी में कैद हुई घटना, मुकदमा दर्ज, मारपीट का आरोपी फरार, जांच में जुटी पुलिस

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।



गत दिवस बुंदेलखंड फन वॉटर पार्क में नहाने गये एक नाबालिग के साथ आदतन खुराफाती दबंग ने वहां पर पहुंचकर बेरहमी से मारपीट कर लहुलुहान कर धमकी देकर भाग जाने में सफल हो गया। तो वहीं मारपीट की पूरी घटना वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पीड़ित के पिता ने घटना की तहरीर उरई कोतवाली पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी अवनीश कुमार द्विवेदी पुत्र सुरेश कुमार द्विवेदी का नाबालिग पुत्र केशव द्विवेदी 1 मई को समय करीब 12:30 बुन्देलखण्ड फन वाटर पार्क स्थित झांसी रोड में नहाने गया था तभी वहां अचानक पहुंचा दबंग संतोष सोनी मेरे पुत्र केशव को बेहरेमी से जान से मारने की नियत से वेल्टों व लात घूसों से पटक कर मारपीट कर लहुलुहान कर दिया और मौके से धमकी देता हुआ भाग जाने में सफल हो गया। जब केशव लहुलुहान अवस्था में घर पहुंचा तो मैंने अपने पुत्र का प्राथमिक उपचार कराकर घर ले आया तभी संतोष सोनी व उसकी पत्नी पूजा मेरे घर आ धमके और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। उनके साथ तीन लड़के जिसमें राम पचौरी, दलजीत सिंह, हसन यह लोग साथ में थे। बाद में अवनीश द्विवेदी ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी जिस पर पहुंच ने वाटर पार्क में पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे जिसमें दबंग केशव द्विवेदी के साथ मारपीट करता दिखा इसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नाबालिग के साथ मारपीट के आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद से ही दबंग दंपती अपने घर से फरार बताये जा रहे हैं।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना चरखारी में की समीक्षा बैठक

- एएसपी वन्दना सिंह ने विवेचना निस्तारण, अपराध नियंत्रण पर दिए सख्त निर्देश, रिक्रूट आरक्षियों से किया संवाद

महोबा, समृद्धि न्यूज।



अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा थाना चरखारी का भ्रमण कर समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें थाना स्तर पर संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान यक्ष एप के प्रभावी उपयोग, अपराधियों के क्रिमिनल वेरीफिकेशन, डिजिटल साक्ष्य संकलन हेतु ई-साक्ष्य के समुचित प्रयोग, विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण 60/90 दिवस के भीतर, अपराध की रोकथाम एवं लंबित गैर जमानती वारंट की शत-प्रतिशत तामीली सुनिश्चित किए जाने के संबंध में विशेष बल दिया गया। प्रत्येक बिंदु की प्रगति का विस्तृत अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देशित किया गया कि सभी प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध विवेचना सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि अपराधियों की प्रभावी निगरानी एवं सत्यापन की कार्यवाही सतत् रूप से की जाए तथा वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाकर लंबित एनबी डब्ल्यू की तामीली शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। साथ ही, अपराध की रोकथाम हेतु संवेदनशील स्थानों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आवश्यक पुलिसिंग कार्यवाही को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। इसके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर में नव नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों के साथ संवाद स्थापित किया गया। संवाद के दौरान उन्हें पुलिस सेवा के मूल कर्तव्यों, अनुशासन, जनसंपर्क, टीम वर्क एवं आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा ईमानदारी, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। गश्त के दौरान स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनपद पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

# अतुल अंजान अंतरराष्ट्रीय कम्युनिस्ट आंदोलन के योद्धा थे : रावुला बैंकेया

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी**

साथी अतुल कुमार अंजान किसान आंदोलन व अंतरराष्ट्रीय कम्युनिस्ट आंदोलन के अप्रियतम योद्धा थे। यह विचार उ प्र किसान सभा द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन क्षीरसागर ने कहा कि स्वामीनाथन आयोग द्वारा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए निर्धारित सी2+50प्रतिशत का फार्मूला साथी अतुल के अथक प्रयासों का ही परिणाम है, जो उस आयोग में एकमात्र किसान प्रतिनिधि थे। अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव रावुला वेंकैया ने इस मौके पर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि साथी अतुल कुमार अंजान की स्मृति



को अमर बनाने के लिए किसान सभा एक वर्ष के भीतर दिल्ली में अपने मुख्यालय के रूप में 'अतुल कुमार अंजान भवन' का निर्माण कराएगी। कांग्रेस के पूर्व सांसद जनप्रिय ने पी एल पुनिया का लाल सलाम के साथ स्वागत किया गया उन्होंने कहा कि आज के समय में अतुल अंजान जैसे नेताओं की आवश्यकता है। अतुल कुमार अंजान विद्यार्थी आंदोलन के प्रखर नेता रहे हैं आल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे और लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र संघ के कई साल अध्यक्ष रहे हैं यह बात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव अरविन्द राजस्वरुप ने कहा। कार्यक्रम में साथी अतुल की दो बहनें रत्ना और किरण विशेष रूप से मौजूद रहीं। बहन रत्ना ने अपने भाई के साथ बिताए संस्मरण साझा करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम मे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन ने अतुल अंजान से संबंधित स्मरण सुनाए। किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष रणधीर सिंह 'सुमन', दीनानाथ त्रिपाठी राम नारायण सिंह देवेन्द्र मिश्र अशोक तिवारी रामकुमार भारती अशोक मिश्र मैनपुरी से राधेश्याम यादव बहराइच से सिदधनाथ श्रीवास्तव बांदा से डॉं रामचन्द्र सरस लखनऊ वी के सिंह जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह,महिला फेडरेशन नेता कांती मिश्रा प्रवीण कुमार, राज्य परिषद सदस्य बृजमोहन वर्मा भाकपा जिला सचिव शिवदर्शन वर्मा डॉं कौसर हुसैन आशाराम वर्मा अमर सिंह सरदार भूपेंद्र पाल सिंह परत्युष कांत शुक्ला श्याम सिंह अंकुल वर्मा रीना मौर्य अभय वर्मा आदित्य कुमार सहित समाज के विविध वर्गों–किसानों, मजदूरों, छात्रों व बुद्धिजीवियों–ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर साथी अतुल कुमार अंजान को नमन किया। सभी वक्ताओं ने उनके किसान-मजदूर हितैषी संघर्षों को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इम्तियाज बेग ने किया। सभी नेताओं ने अतुल कुमार अंजान के विभिन्न कट आउट पर माल्यार्पण किया।

## विधायक ने 45 लाख की लागत सबने डामर रोड व इंटरलॉकिंग का किया लोकार्पण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत निधि से 45 लाख रुपए की लागत से निर्मित एक डामर एवं इंटरलॉकिंग मार्गों का लोकार्पण विधायक दिनेश रावत व भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने फीता काटकर किया। जिला पंचायत निधि एवं क्षेत्र पंचायत निधि से स्थानीय विकास खंड की ग्राम पंचायत रोहना मीरापुर के सोगरी गाँव में लगभग 34 लाख की लागत से 470 मीटर डामर रोड, इसी गांव में 6 लाख की लागत से लगभग 92 मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग एवं ग्राम रोहना मीरापुर में मुख्य मार्ग से मंदिर तक लगभग 80 मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग 5 लाख रूपये की लागत से कराया गया है इस मौके



पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में गांवों का तीव्र गति के साथ विकास हो रहा है, आज गाँवों में तेजी के साथ डामर रोड, सीसी मार्ग व इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण हो रहा है जिसकी वजह से आमजन को आवागमन में भारी सुगमता हो रही है श्री रावत ने आगे कहा कि प्रदेश की योगी सरकार में तेजी के साथ गांवों की तस्वीर बदल रही है लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिल रही है। भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास के नए-नए आयाम स्थापित हो रहे हैं श्री सिंह ने आगे कहा कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार में जनता खुशहाल है बिना भेदभाव के समाज के अंतिम छोर पर बसे नागरिकों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही है।

# कुर्मी क्षत्रिय महासभा की मासिक बैठक संपन्न

▸ 26 जून को आरक्षण में जनक छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाई जाएगी: दुर्गेद्र वर्मा

**समृद्धि न्यूज़, रायबरेली।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश की जनपद इकाई की मासिक बैठक का हुआ आयोजन बैठक में सामाजिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई गौरतलब हो कि रविवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल सेवा संस्थान सुल्तानपुर रोड रायबरेली में कुर्मी क्षत्रिय महासभा इकाई रायबरेली के जिला महासचिव एडवोकेट दुर्गेद्र वर्मा की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक उत्थान के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा हुई इस दौरान मौजूद पदाधिकारियों ने समाज के गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों के शैक्षणिक कार्य के लिए आर्थिक




मदद मुहैया कराने उन्हें अच्छे स्कूलों में दाखिला दिलाने के साथ ही संगठन के विस्तार के लिए गांव गांव जाकर जनसंपर्क करने , संगठन से समाज के लोगों को जोड़ने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की बैठक के दौरान ही जिला अध्यक्ष जय करन पटेल ने आगामी 26 जून को आरक्षण के जनक छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाने पर चर्चा की जिस पर मौजूद सभी पदाधिकारियों ने सहमति जताई आयोजित बैठक में कोषाध्यक्ष सुशील पटेल, देवेश सिंह पटेल, अमरपाल चौधरी, धर्मराज पटेल, अमन पटेल, रमाकांत पटेल, आनंद वर्मा सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

## चहारदीवारी को लेकर दो पक्षो में मारपीट, पत्नी, पुत्रियां सहित कई लोग घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** चाहरदीवारी ऊँची करने के दौरान विपक्षियों ने जानलेवा हमला बोल लहूलुहान कर दिया, बचाने दौड़ी पत्नी व पुत्रियों को भी।घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देखकर कार्यवाही की गुहार लगाई हैं। कोतवाली हैदरगढ़ के सालपुर गांव निवासी राजकुमार सिंह पुत्र शंकर बक्स सिंह ने बताया कि रविवार सुबह वह अपनी जमीन पर बनी बाउंड्री को ऊंचा करा रहे थे कि तभी गांव के ही त्रिलोकी पुत्र बृजलाल रावत अपनी पत्नी राजकुमारी, पुत्र सुनील कुमार , पुत्री जानकी व पत्नी के बहन बहनोई लाठी डंडा से लैस होकर मौके पर पहुंचे और निर्माण से रोकने लगे। जिस पर समझाने की कोशिश पर विपक्षियों ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुये उन पर जानलेवा हमला कर दिया।

# दूधियों ने दुकानदारों से की मारपीट बाजार में मची अफरा-तफरी



▸ दायित्वों के प्रति संजीदा नहीं है चौकी इंचार्ज कपिल चौहान
▸ सिविल लाइन चौकी : बीते कुछ महीना में बढ़ा है अपराध का ग्राफ

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बस्तेपुर बाजार में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दूध बेचने आए लोगों और स्थानीय दुकानदारों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंचती, उससे पहले ही मारपीट करने वाले कुछ दबंग मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों और व्यापारियों की सूझबूझ से स्थिति को संभाल लिया गया, जिससे बड़ा विवाद टल गया। मामला झूलेलाल मंदिर के निकट बस्तेपुर चौराहे का है, जहां शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले दूध विक्रेता रोजाना कई घंटों तक दूध बेचने के लिए जुटते हैं। स्थानीय दुकानदारों का आरोप है कि कुछ लोग वहां गाली-गलौज करते हैं और सार्वजनिक स्थान पर गंदगी भी फैलाते हैं। विरोध करने पर धमकी देने की बात भी सामने आई है।

रोली ब्यूटी पार्लर संचालिका व नंदनी स्टेशनरी एवं कॉस्मेटिक सेंटर के अनुसार रविवार को दूध विक्रेताओं द्वारा दोबारा अभद्रता किए जाने पर उन्होंने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि कुछ दूध विक्रेताओं ने बाहरी लोगों को भी मौके पर बुला लिया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

हालांकि, क्षेत्रीय नागरिकों और व्यापारियों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### कलेक्ट्रेट परिसरः स्मार्ट मीटर के खिलाफ आप का जोरदार प्रदर्शन, प्रतियां जलाकर जताया विरोध, की नारेबाजी

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली के कलेक्ट्रेट परिसर में आज दिनांक 3 मई 2026 दिन रविवार को समय करीब 4:00 बजे आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। डीएम ऑफिस के सामने एकत्रित होकर पार्टी नेताओं ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रतियां जलाते हुए बिजली विभाग और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दोपहर करीब 3:30 बजे शुरू हुए इस प्रदर्शन में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।



प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं के साथ खुली लूट की जा रही है, जिससे आम जनता और खासकर किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता राममोहन श्रीवास्तव उर्फ रामू दादा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना पारदर्शी नहीं है और इसके जरिए जनता से मनमाने तरीके से पैसे वसूले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन उपभोक्ताओं और किसानों के हितों की रक्षा के लिए किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा, जिसमें कई प्रमुख मांगें उठाई गईं। इन मांगों में स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही कथित लूट पर तत्काल रोक लगाने, इस पूरी परियोजना की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने, दोषी अधिकारियों और संबंधित कंपनियों/ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा उपभोक्ताओं और किसानों को राहत देने के लिए पारदर्शी एवं न्यायसंगत व्यवस्था लागू करने की मांग शामिल है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कुल मिलाकर, स्मार्ट मीटर के मुद्दे को लेकर रायबरेली में राजनीतिक माहौल गर्माता नजर आ रहा है और आने वाले दिनों में इस पर और बड़े आंदोलन की संभावना जताई जा रही है।

### कालाबाजारी के लिए जा रहे 10 गैस सिलेंडर बरामद, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पुलिस ने ई रिक्शा पर कालाबाजारी के लिए ले जाए जा रहे दस अवैध गैस सिलेंडर बरामद किये है। छानबीन के बाद पूर्ति निरीक्षक हैदरगढ़ ने ई रिक्शा चालक सहित तीन लोगों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पूर्ति निरीक्षक अनुभव कुमार ने बताया कि पता चला कि कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान रात साढ़े ग्यारह बजे चौबीसी तिराहे पर एक ई रिक्शा को संदिग्ध परिस्थितियों में रोका और वाहन पर लदे इंडेन कंपनी के दस घरेलू सिलेण्डर के बारे में पूंछताछ की। ई रिक्शा के चालक अकील एवं रियाज ने बताया कि यह सभी गैस सिलेंडर इन्हौना कस्बा में दूकान में बिक्री के लिए ले जा रहे हैं। दोनों आरोपियों ने बताया कि इंडेन गैस एजेंसी हैदरगढ़ के संसारा स्थित गोदाम से मंहगे दामों पर सिलेंडर मिले हैं।

# तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में रविवार को संग्रामपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रोहित तिवारी पुत्र महेन्द्र प्रकाश तिवारी निवासी ग्राम डेहरा मौजा विशेषरगंज थाना संग्रामपुर को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस 7.65 बोर बरामद हुआ है।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## डम्पर की टक्कर से कार क्षतिग्रस्तः बाल-बाल बचा चालक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी अंतर्गत ठेंगहा के कसारा मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क चौड़ीकरण और बाइपास निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी ढुलाई में लगे एक तेज रफ्तार डम्पर ने स्विफ्ट कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि चालक बाल-बाल बच गए।

एचएएल कोरवा निवासी कपिल देव पुत्र त्रिवेणी प्रसाद अपनी स्विफ्ट कार से प्रतापगढ़ की ओर जा रहे थे। कसारा मोड़ के पास पहुंचते ही डम्पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोग बड़ी संख्या में जुट गए। सूचना मिलते ही 112 पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए



यातायात बहाल कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निर्माण कार्य के चलते हाईवे पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही है, जबकि कई डम्पर चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहे हैं, जिससे दुर्घटना होने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कसारा मोड़ पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए।

लोगों ने प्रशासन से डम्परों की गति नियंत्रित करने, चेतावनी संकेतक लगाने और निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## बंदर ने किया युवक पर हमला

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र तिलोई के चिलौली गांव में पिछले छह दिनों से एक आक्रामक बंदर ने दहशत फैला रखी है। ग्रामीणों का कहना है कि बंदर अचानक लोगों पर झपट रहा है, घरों में घुसकर सामान का नुकसान कर दे रहा है और बच्चों-बुजुर्गों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस रहने से गांव में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बताया जाता है कि बंदर ने अजय कुमार तिवारी पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने उनका उपचार कराया है। ग्रामीणों के मुताबिक, यह पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ दिनों में कई लोग बंदर के हमले का शिकार हो चुके हैं और खेत-खलिहान तथा घरों के सामान को भी नुकसान पहुंचा है।

# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक संपन्न

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जिला मुख्यालय पर पार्टी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की। बैठक में संगठन की मजबूती, जनसमस्याओं तथा वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव तक संपर्क बढ़ाने और जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि प्रदेश में सरकार और पुलिस की कार्यशैली निरंकुश हो गई है, जिससे आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने महंगाई को गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि



कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ाना आम लोगों की भावनाओं के विपरीत है। सपा के महामंत्री अरशद अहमद ने कहा कि आम जनता की समस्याओं को सुनने और समाधान करने की संवेदनशीलता घटती जा रही है।

जिला प्रवक्ता राजेश मिश्रा ने कहा कि वर्तमान सरकार में जवाबदेही का अभाव दिखता है, जबकि सपा सरकार के समय अधिकारियों-कर्मचारियों की मनमानी पर तत्काल कार्रवाई होती थी।

बैठक में राकेश यादव कौहार, दीपू तिवारी, गंगाराम प्रजापति, गौरव वर्मा, अभिषेक प्रजापति, अनिल यादव, उदय प्रताप सिंह, मनीराम वर्मा, रज्जब अली, काजी समद, अरविंद यादव, विजय पासी, मुकेश विश्वकर्मा, विक्रम सिंह, मनु पाल, सलमान खान, रणजीत यादव और श्रीकृष्णा मौर्य सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने की पैदल गश्त

**अमेठी समृद्धि न्यूज़**

शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु शनिवार को देर शाम पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में, ÷मिशन शक्ति÷ नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा द्वारा थानाक्षेत्र पीपरपुर में एवं जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों, रेलवे स्टेशन एवं शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गयी।



# सचिव प्रदीप कुमार अपनी सभी ग्राम पंचायत में फर्जी भुगतान लगाने का कर रहे कार्य सूत्र

**सीतापुर।** जनपद के विकासखंड गोंदलामऊ में तैनात ग्राम पंचायत सचिव प्रदीप कुमार पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि सचिव द्वारा अपनी विभिन्न ग्राम पंचायतों में बड़े पैमाने पर फर्जी भुगतान किए जा रहे हैं। विशेष रूप से यह भी बताया जा रहा है कि कई भुगतानों में एक ही व्यक्ति, शैलेंद्र कुमार, के खाते का बार-बार उपयोग किया गया है, जिससे संदेह और गहरा हो जाता है। सूत्रों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में 15वें वित्त आयोग (पंचामृत) की धनराशि के अंतर्गत भी अनियमित



भुगतान किए जाने की बात सामने आ रही है। इतना ही नहीं, नल मरम्मत और नल बोरिंग जैसे कार्यों के नाम पर भी फर्जी बिल लगाकर धनराशि निकासी का आरोप लगाया गया है। इस पूरे प्रकरण को लेकर स्थानीय स्तर पर आक्रोश बढ़ता जा रहा है और लोगों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराई जाए। जानकारों का कहना है कि यदि जांच सिर्फ औपचारिक नोटिस और कागजी कार्रवाई तक सीमित रही, तो वास्तविकता सामने नहीं आ पाएगी। वहीं यदि पारदर्शी तरीके से जांच होती है, तो संबंधित सचिव और ग्राम प्रधान के खिलाफ कठोर कार्रवाई संभव है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वास्तव में निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करता है या फिर मामला सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाता है।

## कोर कमेटी की बैठक में राहुल गांधी का पुतला फूंकने की निन्दा



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक में बी जे पी समर्थकों द्वारा आए दिन विपक्ष के नेता और कांग्रेस के जननायक राहुल गांधी का पुतला दहन की निन्दा की गई! कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं और लोकतंत्र प्रसंद ताकतों के साथ आम जनमानस में जन आक्रोश पनप रहा है! कांग्रेस कमेटी के जिला प्रवक्ता व सांसद प्रतिनिधि एहतिशाम बेग अच्छे ने बताया कोर कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया है अगर बीजेपी अपने अलोकतांत्रिक कदमों से बाज नहीं आएगी तो कांग्रेस पार्टी शहर और गली मोहल्लें में इसका जवाब देगी! बैठक में शिव प्रकाश सिंह, हसीना खातून,अनुपम राठैर, अजय शुक्ला,रिजवान अहमद, सुनीता चौधरी,अंकित भार्गव, राजेश पाल,विष्णु गौतम, सतनाम सिंह,दीन मोहम्मद रिजवी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डीएम की गाड़ी के आगे धरना प्रदर्शन करने वाले चार किसान नेताओं को जेल

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** अमेठी तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) का धरना उस समय उग्र हो गया, जब किसानों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई। जिला प्रभारी अजय मिश्रा उर्फ विल्सन बाबा के नेतृत्व में अपनी मांगों के समर्थन में किसान सुबह से ही तहसील परिसर एकत्र होने लगे। अपनी मांगों को लेकर किसान नेताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते रहे। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी बातें रखते हुए कहा कि बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद उस पर तहसील प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होती है। मजबूरन हम किसान



धरने प्रदर्शन पर बैठने को मजबूर हुए। किसानों की समस्याओं को सुनकर जिलाधिकारी ने त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। इसके बावजूद किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे और जिलाधिकारी के सामने ही ÷जिला प्रशासन मुर्दाबाद÷ और ÷पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद÷ के नारे लगाते रहे। स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब किसानों ने डीएम की गाड़ी को रोकने का प्रयास किया। पुलिस प्रशासन ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी और दोनों पक्षों के बीच झड़प शुरू हो गई। झड़प के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अजय मिश्रा उर्फ विल्सन बाबा और जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार समेत कई किसानों को हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

समृद्धि न्यूज़



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर के राम कृष्ण नगर सर्विस रोड नर्मदेश्वर महादेव मंदिर मे श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन का भव्य श्री कृष्ण जी की लीलाओ से प्रारंभ किया गया है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या मे पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम के अनुसार कथा का शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ हुआ सोमवार से कथा प्रारम्भ हो चुकी है इसके उपरांत 11 मई को पूर्ण आहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु सपरिवार आमंत्रित हैं। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर दो बजे से सायं पांच बजे तक निर्धारित किया गया है। इस पावन कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य रामानुज पाण्डेय द्वारा किया जा रहा है , जो अपनी ओजपूर्ण वाणी से भक्तों को आध्यात्मिक संदेश प्रदान करेंगे। इस आयोजन के यजमान पंकज गुप्ता (समाजसेवी )एवं कल्पना गुप्ता हैं, जबकि कार्यक्रम का संचालन मंदिर के प बलराम त्रिपाठी द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य के भागीदार बनें। धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। कथा कलश यात्रा मे पप्पन गुप्ता, नीरज गुप्ता,सत्यपाल प्रजापति, अन्नू गुप्ता, अभिनव गुप्ता, दीपू प्रजापति, टिंकू, टिंकू लाला, विभिन्न सैंकड़ो भक्त मौजूद रहें।

# विधानसभा 27 के चुनाव में सपा सरकार बनाने के लिए कमर कसें: पूर्व विधायक



**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के नेता, पूर्व मुख्यमंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर लगातार हमलावर हैं। वह 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। क्षेत्र के कार्यकर्ता एक जुट होकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें । तभी प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार 2027 में बन सकेगी। यह विचार पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने प्रकट किया रविवार को विधानसभा छिबरामऊ 196 के नकटपुर निवासी गोरेलाल यादव के सुपुत्र एवं अवनीश यादव के छोटे भाई मनोज यादव के तिलकोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा और निर्वाचन आयोग मिलकर पीडीए समुदाय के वोटों को काट रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷यह लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों पर सीधा हमला है। पूर्व विधायक ने आगे कहा कि महिला आरक्षण पर भाजपा पर महिला आरक्षण के मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने और सपा विधायकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। 2027 की तैयारी और पीडीए पर जोर देकर कहा है कि यूपी में आरक्षण और संविधान को बचाने के लिए पीडीए की सरकार बनना जरूरी है। कहा कि भाजपा सरकार लगातार लोकतंत्र को कमजोर कर रही है और बाबा साहब द्वारा दिए गए मताधिकार को निशाना बना रही है। इससे पहले पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी का अवनीश यादव ने फूलमालाओं से उनको लाद कर भव्य स्वागत किया।

## आटा मील में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर के रामगंज के पास ग्राम खाड़ेदेवर में शनिवार तड़के लगभग तीन बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब शाहिद खान उर्फ भूद्दू देवा की आटा मील में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लपटें कई फीट ऊंचाई तक उठने लगीं। आग की भयावहता से पूरे गांव में दहशत फैल गई और ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल आए। कुछ ही देर में मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में आटा मील में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि समय रहते ग्रामीणों की नजर आग पर पड़ गई।

# बिल जमा करने के बाद भी कट रही बिजली

- एडवांस भुगतान पर ही मिल रही आपूर्ति

**गुरसहायगंज कन्नौज।** नगर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर अब उपभोक्ताओं के लिए सुविधा के बजाय परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की है कि बिल जमा करने के बाद भी उनकी बिजली आपूर्ति काट दी जा रही है, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर प्रीपेड सिस्टम पर काम कर रहे हैं, जिसमें पहले से एडवांस राशि जमा करना अनिवार्य है। यदि बैलेंस समाप्त हो जाता है तो बिजली स्वतः कट जाती है, चाहे हाल ही में बिल जमा ही क्यों न किया गया हो। इस व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं में भ्रम और असंतोष दोनों देखने को मिल रहा है।

**उपभोक्ता का बयान**

अकील खान ने बताया कि हमने समय पर बिल जमा किया, फिर भी अचानक बिजली काट दी गई। बाद में बताया गया कि मीटर में बैलेंस खत्म हो गया है, पहले रिचार्ज कराओ तब बिजली मिलेगी।

अखिलेश प्रजापति (अध्यापक) ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बार-बार बिजली कट रही है। हर बार एडवांस पैसे डालने पड़ते हैं, जिससे घर का बजट बिगड़ रहा है

**क्या कहता है? विभाग**

बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर प्रीपेड प्रणाली पर आधारित हैं, जिसमें उपभोक्ताओं को पहले से रिचार्ज कराना होता है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी है और इसमें उपभोक्ता अपनी खपत के अनुसार बिजली उपयोग कर सकते हैं। समय-समय पर बैलेंस की जानकारी मोबाइल ऐप या संदेश के माध्यम से दी जाती है।

**समस्या और समाधान**

विशेषज्ञों का मानना है कि स्मार्ट मीटर प्रणाली को लेकर जागरूकता की कमी के कारण समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। लोगों को इसके उपयोग और नियमों की सही जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि वे अनावश्यक परेशानियों से बच सकें।

फिलहाल, स्मार्ट मीटर की यह नई व्यवस्था लोगों के लिए चुनौती बनी हुई है, और उपभोक्ता चाहते हैं कि विभाग इस दिशा में स्पष्ट नियम और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराए।

# सीसीटीवी निगरानी में शुचिता, पारदर्शिता व अनुशासन के साथ सकुशल हुई संपन्न

- समधन सिकंदरपुर इंटर कॉलेज में अवर अभियंता (सिविल) मुख्य परीक्षा का आयोजन



**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।** अवर अभियंता (सिविल) मुख्य परीक्षा-2023/08 को प्रशासन की सुदृढ़ तैयारी, उच्च स्तरीय निगरानी एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रविवार को परीक्षा जनपद के 10 परीक्षा केंद्रों पर प्रातः 10ः00 बजे से 12ः00 बजे तक एक पाली में आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों में भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर, राजकीय इंटर कॉलेज समधन, किसान इंटर कॉलेज तिर्वा, जीआईसी उमर्दा, सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, जमुना प्रसाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, सेठ बासुदेव सहाय इंटर कॉलेज, गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज मकरंद, के.के. इंटर कॉलेज कन्नौज तथा डी.एन. इंटर कॉलेज तिर्वा सम्मिलित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम से सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए और कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी सीसीटीवी कैमरों को पूर्णतः क्रियाशील रखने, परीक्षा कक्षों में अनावश्यक प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा परीक्षार्थियों के लिए शांत, अनुशासित एवं अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने बायोमैट्रिक उपस्थिति, उपस्थिति पत्रक के सावधानीपूर्वक सत्यापन तथा उत्तर पुस्तिकाओं के मिलान, सीलिंग व पैकिंग की प्रक्रिया को अत्यंत सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर पुस्तिकाएं सुरक्षित रूप से जमा होने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष खोला जाए, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना समाप्त हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि पारदर्शी एवं व्यवस्थित परीक्षा आयोजन प्रशासन की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है और प्रत्येक अभ्यर्थी को समान अवसर प्रदान करता है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने परीक्षा की गरिमा बनाए रखने हेतु निरंतर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया सीसीटीवी निगरानी में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई।

## खबरें एक नजर में

### प्लास्टिक मुक्त ‘बड़ा मंगल’ मनाने की मंत्री ने की अपील



**कन्नौज।** समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने ‘बड़ा मंगल’ के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों, खासकर भंडारा आयोजकों से स्वच्छ, प्लास्टिक-मुक्त और हरित आयोजन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल आस्था का नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देने का अवसर है। मंत्री ने कहा कि सेवा और स्वच्छता एक-दूसरे के पूरक हैं। बजरंगबली के भक्तों की सेवा करते समय यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचने और पत्तल-दौना व कागज के गिलासों के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने भंडारा स्थलों पर पर्याप्त कूड़ेदान रखने, अपशिष्ट का उचित निस्तारण करने और आयोजन के बाद स्थल को पूरी तरह स्वच्छ रखने पर जोर दिया। साथ ही पानी के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देने की अपील की। असीम अरुण ने कहा कि ‘बड़ा मंगल’ सेवा और सौहार्द की परंपरा का प्रतीक है। यदि सभी आयोजक मिलकर छोटा-सा संकल्प लें, तो शहर को स्वच्छ और पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपी दबोचे

**कन्नौज।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इन्दरगढ़ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार को पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 071/2026 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट में वांछित मनोज (33) और मनीष राजपूत (23), निवासी विशुनापुर को पटेल नगर तिराहे के पास से दबोच लिया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों पर पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष नीलम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय रही।

### आबकारी मामले में वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**कन्नौज।** जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत इन्दरगढ़ पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।इन्दरगढ़ पुलिस टीम ने वैजनाथ उर्फ करिया कंजड़ (75) निवासी कंजड़ बस्ती हसेरन को दबोच लिया। वह आबकारी अधिनियम से जुड़े एक पुराने मामले में वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेशी के लिए भेज दिया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजेश कुमार व कांस्टेबल गौरव कुमार शामिल रहे।

### गौशाला परिसर में बन रहा आधुनिक झरना

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जिस तरह से नगरपालिका की आधुनिक गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है। उससे यह लगने लगा है कि यह आस-पास जनपदों में सबसे आधुनिक और विशाल गौशाला होगी। पालिकाध्यक्ष के प्रयासों से यहां आधुनिक झरने का निर्माण कराया जा रहा है। झरने में भगवान शंकर की जटाओ से फव्वारा बहेगा। गौशाला का निर्माण अपने अंतिम चरण में है। नगरपालिका प्रशासन द्वारा फर्रुखाबाद रोड पर लगभग 17 बीघा जमीन पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त बृह्द गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है जो अब अपने अंतिम चरण में चल रहा है।

## तिरंगा तिराहे से पश्चिमी बाईपास तक पोल और केबिल होगी शिफ्ट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मुख्य मार्ग पर अव्यवस्थित ढंग से लगे पोल और केबिलों को सड़क के किनारे शिफ्ट किया जाएगा। इस कार्य के लिए पालिका ने बिजली विभाग के खाते में 37 लाख रुपये का बजट ट्रांसफर कर दिया है।इसके बाद बाज़ार की सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि बाजार में मुख्य मार्ग का निर्माण नगर पालिका बोर्ड की प्राथमिकता में शामिल है। निर्माण से पहले सड़क के किनारे लगे पोल व केबिलों को व्यवस्थिति कराया जाएगा। मुख्य मार्ग पर बने घरों व दुकानों से चार फुट की दूरी पर पोल लगवाकर केबिल बिछाई जाएगी। सड़क के किनारे लगे ट्रांसफार्मरों को भी व्यवस्थित ढंग से लगवाया जाएगा। इस कार्य के लिए बिजली विभाग ने 36,89,269 लाख रुपये का बजट मांगा था। इसे इसे विद्युत विभाग के खाते में जमा कर दिया गया है।

# भाजपा कार्यसमिति बैठक में प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियां तेज

- 20 और 21 मई को लखनऊ में होगा आयोजन
- पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी




समृद्धि न्यूज़, कन्नौज

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित कर आगामी प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती के लिए प्रशिक्षण वर्ग को महत्वपूर्ण बताते हुए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

प्रशिक्षण वर्ग 20 और 21 मई को लखनऊ स्थित भागीदारी भवन में आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की कार्यपद्धति और वैचारिक मजबूती का आधार है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कार्यकर्ताओं के कौशल विकास और वैचारिक स्पष्टता पर जोर दिया। विधायक अर्चना पाण्डेय ने भी आयोजन को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग जनपद के लिए महत्वपूर्ण होगा और सभी पदाधिकारी इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

# आरोग्य मेले में उमड़ा जनसैलाब 1413 मरीजों को मिला मुफ्त इलाज

**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।** रविवार को जनपद के 32 ग्रामीण व 4 नगरीय



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़ी और लोगों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर नोडल अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार शुक्ला समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। मेले में मरीजों को निःशुल्क जांच व उपचार की सुविधा दी गई। साथ ही बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएं, हेपेटाइटिस बी व सी की जांच, टीबी संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग तथा नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मेले में कुल 1413 मरीजों (638 पुरुष, 588 महिलाएं व 187 बच्चे) का उपचार किया गया। इसके अलावा 23 आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाकर वितरित किए गए। सभी केंद्रों पर चिकित्सकों के साथ पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती से व्यवस्थाएं सुचारु रहीं और मरीजों को समय पर उपचार मिल सका।

## सौ शैया अस्पताल में विवादित डॉक्टर की दोबारा तैनाती पर भड़का आक्रोश

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के सौ शैया अस्पताल में जनवरी माह में हुए चर्चित ऑपरेशन प्रकरण के मुख्य आरोपी डॉ. विपिन सचान को पुनः चार्ज दिए जाने से जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। भारतीय किसान यूनियन किसान के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला ने बताया कि पूर्व में हुए मामले में कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई थी। अब उसी डॉक्टर की दोबारा नियुक्ति से लोगों में नाराजगी और बढ़ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त चिकित्सक पर निजी नर्सिंग होम से जुड़े होने और मरीजों को वहां रेफर करने का भी संदेह है, जिससे गरीब मरीजों का शोषण हो सकता है। संगठन के प्रदेश प्रवक्ता डॉ रजनीश दुबे ने कहा कि इस मामले को लेकर जल्द ही जिलाधिकारी से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी। गौरतलब है कि 23 दिसंबर को एक महिला मरीज रिचा के ऑपरेशन के दौरान अयोग्य व्यक्ति द्वारा सहयोग किए जाने का वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया था और मुकदमा दर्ज किया गया था। चेतावनी दी गई है कि तीन दिन में कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ जनपद-कन्नौज

पत्रांक-208/DA_03/आपूर्ति/TenderNotice/2026-27 दिनांक: 02, मई 2026

**(अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना)**

अधिकृत विक्रेताओं/सामग्री आपूर्ति फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में आगामी वर्ष 2025-26 के निमित्त सामग्री की दरों के निर्धारण/आपूर्ति हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुसार www.etender.up.nic.in द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती है। सम्पूर्ण जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है। विवरण निम्नवत् है शेष नियम व शर्तें किसी भी दिन कार्यालय कार्य दिवस में जानकारी की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 06.05.2026 | 04:00 PM |
| 2 | Document Download/Sale Start | 06.05.2026 | 04:00 PM |
| 3 | Bid Submission Start Date | 06.05.2026 | 04:00 PM |
| 4 | Bid Submission Closing Date | 27.05.2026 | 04:00 PM |
| 5 | Technical Bid Opening | 28.05.2026 12:30 PM से | |
| 6 | Financial Bid Opening | After Approval Technical Bid | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि | 2% धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य+GST+ टेण्डर आदेश मूल्य+प्रोसेसिंग फीस | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार सामाग्री की आपूर्ति। | 2750000 | 55000 | 3580 + 640 + 280 + 100 = 4600 | 31 मार्च 2027 तक |
| 2 | जलापूर्ति व्यवस्था के अधीन मोटर/पम्प आदि में सम्बन्धित सामाग्री की मरम्मत/आपूर्ति। | 2750000 | 55000 | 3580 + 640 + 280 + 100 = 4600 | 31 मार्च 2027 तक |
| 3 | हैण्डपम्प मरम्मत सामाग्री आदि की आपूर्ति। | 4950000 | 99000 | 6440 + 1160 + 500 + 100 = 8200 | 31 मार्च 2027 तक |
| 4 | पाईप लाईन लीकेज सामाग्री आदि की आपूर्ति | 6600000 | 132000 | 8580 + 1540 + 660 + 100 = 10880 | 31 मार्च 2027 तक |

(सुनील कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
न.पा.प. छिबरामऊ
जनपद-कन्नौज।

(मनोज दुबे)
अध्यक्ष
न.पा.प. छिबरामऊ
जनपद-कन्नौज।


# आग बुझाकर करोड़ों रुपये का नुकसान टालने वाली पुलिस टीम हुई सम्मानित

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज



नगर कोतवाली में आयोजित एक कार्यक्रम में आग बुझाकर करोड़ों रुपये के नुकसान को टालने वाली पुलिस टीम को मां जगदंबा ऑटोमोबाइल की ओर से सम्मानित किया गया।

विदित हो कि सौरिख रोड स्थित मां कालिका देवी मंदिर के पास महिंद्रा ट्रैक्टर्स शोरूम के बाहर खड़े ट्रैक्टर में 30 अप्रैल को रात के समय अचानक भीषण आग लग गई। रात्रि गश्त पर निकली कोतवाली पुलिस की टीम ने तुरंत वाहन रोका और सूझबूझ का परिचय देते हुए मिट्टी डालकर आग पर काबू पा लिया। शोरूम के आसपास खाली प्लॉट में करीब 100 ट्रैक्टर खड़े थे। यदि समय रहते आग पर काबू न पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। शोरूम स्वामी आनंद गुप्ता ने बताया कि किसी अराजक तत्व ने निजी रंजिश में ट्रैक्टर में आग लगाई थी, लेकिन पुलिस की तत्परता से लगभग 7 करोड़ रुपये मूल्य के ट्रैक्टर जलने से बच गए। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे के नेतृत्व वाली टीम के साहसिक कार्य की सराहना करते हुए सम्मानित करने की घोषणा की थी।

इस क्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ आनंद गुप्ता ने कोतवाली पहुंचकर माल्यार्पण व नगद धनराशि देकर उपनिरीक्षक सूरजकिशोर, कांस्टेबल अनूप चौधरी, हिमांशु और दिलशाद सहित पूरी टीम को सम्मानित किया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने टीम के कार्य की सराहना की। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता लालू ने कहा कि पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई ने स्थानीय व्यापारी का भारी नुकसान टाला है।

इस अवसर पर महामंत्री अनिल यादव, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, वेद प्रकाश राठौर, नरेश गुप्ता गोल्डी, उमाशंकर गुप्ता, आदेश कुमार गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना समेत अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।



# फसल की रखवाली करने गये अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत


मृतक का फाइल फोटो


गुमशुम बैठे परिजन

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव सुल्तान नगर निवासी मक्के की फसल की रखवाली करने गए 50 वर्षीय अधेड़ की बीती रात ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार सुल्तान नगर निवासी 50 वर्षीय ओमपाल सिंह शनिवार रात लगभग 9 बजे घर से खाना खाकर ट्रेन की पटरी के निकट स्थित खेत पर मक्का फसल की रखवाली करने के लिए चले गए।

सुबह करीब 4 बजे रेलवे पटरी की जांच कर रहे ट्रैक कीपरों को पोल संख्या 1290 के निकट एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला।

जिसकी सूचना ट्रैक कीपर ने पखना चौकी पुलिस को दी। चौकी पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर जांच पड़ताल की तो मृतक की पहचान सुल्तान नगर निवासी 50 वर्षीय ओमपाल सिंह उर्फ भूरे के रूप में की गई। चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक ओमपाल सिंह के घर में दी। सूचना मिलते ही ओमपाल सिंह के घर में हड़कंप मच गया। मृतक के चचेरे भाई संतराम ने थाने में फौती सूचना दी। फौती सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा। मृतक ओमपाल उर्फ भूरे ने नगर नगला नारायण निवासी एक व्यक्ति का खेत बटाई पर लिया था।

जिसमें मक्का की फसल की रखवाली करने खेत पर गए थे। मृतक के माता-पिता की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। मृतक के दो पुत्र आनंद तथा शिवानंद एवं दो पुत्रियां यशोदा व देवीकी हैं।

मृतक की पुत्री यशोदा ने बताया कि पापा बीती रात 9 बजे खाना खाकर मक्का की रखवाली करने के लिए चले गए थे। सुबह 4 बजे लगभग 4:00 बजे पुलिस का पुलिस द्वारा घटना की जानकारी दी गई स मृतक की पत्नी उषा देवी एवं स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# ट्रक की टक्कर से मजदूर की मौत



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गया। साथी मजदूरों ने उपचार के लिए डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान मजदूर ने दम तोड़ दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम गुललियाई निवासी वीर सहाय अपने साथियों के साथ सेन्ट्रल जेल के पास पेंटिंग का कार्य कर रहे थे। इस दौरान सड़क पर वह किसी काम से आ गये, तभी तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने वीर सहाय को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वीर सहायक ट्रक के पहियों के बीच में फंस गये। किसी तरह चालक ने ट्रक रोका। साथी मजदूरों ने कड़ी मशक्कत के बाद वीर सहाय को ट्रक के पहियों से निकाला और आनन-फानन में उपचार के लिए डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। साथ में काम करने वाले मजदूरों ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। परिजन आनन-फानन में लोहिया अस्पताल पहुंचे और शव देखकर दहाड़े मारकर रोने लगे। परिजनों ने बताया कि मृतक की पत्नी की मौत नौ वर्ष पहले हो चुकी है। वह अपने दो बच्चों के साथ रहता था और मजदूरी का अपने परिवार का भरण पोषण करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट रहा प्रदर्शन



विजेता विद्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डॉ0 बीपी अग्रवाल शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। ज्ञान फोर्ट इनोवेटिव स्कूल में विज्ञान मेला के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आईआईटी गांधीनगर से मुख्य अतिथि पधारे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया।

प्रबंधक डॉ0 बीपी अग्रवाल एवं निदेशक डॉ विशाल अग्रवाल के मार्गदर्शन में कक्षा 8 की छात्रा नैन्सी एवं कक्षा 10 के छात्र अंश ने विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया। उनके मॉडल को प्रथम पुरस्कार एवं स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कक्षा 11 की छात्रा डिम्पल ने भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों की मेंटर श्रुति पांडे को भी उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन हेतु प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विज्ञान भारती संस्था के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के मॉडल की सराहना करते हुए उसे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया है। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर मनोज चतुर्वेदी, महेश चंद्र उपाध्याय शामिल रहे। सभी विशिष्ट अतिथियों एवं निर्णायकों ने विद्यार्थियों के मॉडलों का सूक्ष्म अवलोकन कर उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं प्रस्तुतीकरण की सराहना की।

# गैस की कालाबाजारी में दो पर मुकदमा दर्ज, बरामद हुए थे 21 सिलेंडर


पकड़े गये गैस सिलेंडर मौजूद अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गैस की कालाबाजारी की सूचना पर पूर्ति निरीक्षकों ने कोतवाली फतेहगढ़ गैस एजेंसी शोरुम के निकट एक मकान में छापेमारी की। इस दौरान छोटे-बड़े मिलाकर कुल 21सिलेण्डर बरामद हुए। जिस पर पूर्ति निरीक्षक ने मकान मालिक व हॉकर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की उपस्थिति में पूर्ति निरीक्षक नगर पालिका फर्रुखाबाद एवं पूर्ति निरीक्षक विकास खण्ड बढ़पुर तहसील सदर के साथ औचक निरीक्षण किया गया। एच0पी0 फतेहगढ गैस एजेन्सी के शोरूम के निकट मूलचन्द्र यादव के मकान में स्थित आगे का कमरा जिसमें रोड की तरफ शटर लगा हुआ है, से 08 व्यवसायिक सिलेण्डर (19 किग्रा), 09 घरेलू सिलेण्डर (14 किग्रा) एवं 04 छोटू व्यवसायिक सिलेण्डर (05 किग्रा) के कुल 21 सिलेण्डर बरामद हुए। प्रकरण की जांच में पाया गया कि मालिक मूलचन्द्र निवासी मोहल्ला भूसामण्डी फतेहगढ एवं मे0 एच0पी0 फतेहगढ के हाकर जमील द्वारा अवैध रूप से बी0पी0सी0एल0ए एच0पी0सी0एल0 एवं आई0ओ0सी0 एल0 के सिलेण्डरो का अवैध भण्डारण करते हुए खरीद/बिक्री का कार्य किया जा रहा है। जो द्रवित पेट्रोलियम गैस विनियमन एवं वितरण आदेश-2000 की धाराओं का उल्लंघन है एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।

जिलाधिकारी के अनुमोदन आदेश 02 मई के क्रम में मूलचन्द्र निवासी मोहल्ला भूसामण्डी एवं मे0 एच0पी0 फतेहगढ के हाकर जमील के विरूद्ध द्रवित पेट्रोलियम गैस विनियमन एवं वितरण आदेश-2000 की धाराओं का उल्लंघन किये जाने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत थाना कोतवाली फतेहगढ में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

## खबरें एक नजर में

### हर्ष फायरिंग करने के मामले में चौकी इंचार्ज ने दर्ज कराया मुकदमा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** हर्ष फायरिंग करने के मामले में बबना चौकी इंचार्ज ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर आरोपी की तलाश शुरु कर दी। थाना क्षेत्र के गांव करनपुर मजरा बांसमई निवासी शिवभान के पुत्र गोविंद के पुत्र का शुक्रवार रात नामकरण संस्कार कार्यक्रम का आयोजन था। जिसमें उनके सभी रिश्तेदार एकत्र हुए थे। रात नामकरण संस्कार के दौरान अचानक गांव के ही निवासी अभय उर्फ अब्बू ने तमंचे से हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। आसपास खड़े लोगों ने अभय को फायर करने से रोका। तो अभय ने मना करने वाले युवक के ऊपर फायरिंग कर दी। जिसमें युवक बाल बाल बच गया। इस दौरान अभय द्वारा चलाई गई गोली जनपद मैनपुरी के थाना भोगांव के कस्बा नवीगंज व हाल निवासी थाना मेरापुर के गांव भाननगर निवासी गोविंद की 7 वर्षीय भांजी काम्या पुत्री उपेन्द्र सिंह चौहान की दाहिनी जांघ में लग गई। घटना को लेकर कार्यक्रम में एकाएक अफरातफरी मच गई। परिजन चीख पुकार करने लगे। आनन फानन परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर घायल काम्या को फर्रुखाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, बबना चौकी प्रभारी अभिलाख सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। चौकी प्रभारी अभिलाख सिंह ने निजी अस्पताल पहुंचकर घायल काम्या के परिजनों व अस्पताल कर्मियों से जानकारी की। घटना पारिवारिक होने के कारण किसी ने पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी। जिसको लेकर रविवार बबना चौकी प्रभारी अभिलाख सिंह ने घटना के आरोपी अभय उर्फ अब्बू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस आरोपी अभय उर्फ अब्बू की तलाश में उसके घर गई। तो घर में ताला लगा मिला।

### यूपी बोर्ड: एनसीईआरटी की पुस्तकों के अलावा पढ़ाया तो लगेगा पांच लाख का जुर्माना

#### रद्द हो सकती है मान्यता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में अनाधिकृत और महंगी पाठ्य पुस्तकों पर पूरी तरह रोक लगा दी है। परिषद की चेतावनी है कि यदि किसी विद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं को अनाधिकृत और अधिक मूल्य की पुस्तकों को खरीदने अथवा पढ़ना के लिए बाध्य किया गया तो उस संस्था पर पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जायेगा। साथ ही मान्यता निलबंन या पूरी तरह समाप्त किये जाने की भी कार्यवाही की जा सकती है। जानकारी के मुताबिक यूपी बोर्ड द्वारा कक्षा नौ से बाहर तक की कक्षाओं में कुल 34 विषयों के अन्तर्गत 70 एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों की सस्ती दर पर प्रचलन में लाया गया था। इन पुस्तकों के मुद्रण और वितरक के लिए परिषद ने तीन मुद्रक वितरकों को अधिकृत किया है। परिषद के सचिव भगवती सिंह के अनुसार हाईस्कूल स्तर पर अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विषय तथा इंटरमीडिएट स्तर पर अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, इतिहास, भूगोल सहित कुल 36 विषयों की 70 पुस्तकें एनसीईआरटी की विद्यालयों में छात्रों को पढ़ाने के लिए अनिवार्य की गई है।

### बे-मौसम बारिश ने खोली विकास की पोल सादुल्लानगर में जलभराव से लोग परेशान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** बे-मौसम हुई बारिश ने सादुल्लानगर बजार में विकास कार्यों की हकीकत उजागर कर दी है। नाली निर्माण न होने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था के अभाव में कस्बे के कई गुमा तिराहा,एकता चौक,रामपुर अरना रोड में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। सड़कों पर पानी भर जाने से लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है, वहीं घरों के सामने गंदा पानी जमा होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

स्थानीय लोग नंदकिशोर,राधेश्याम,बिजय,राजू,गबोधर,तहारत आदि का कहना है कि समस्या कोई नई नहीं है। हर बारिश में यही हालात बन जाते हैं, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते। कई बार शिकायतें करने और आवाज उठाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

कस्बे के प्रमुख मार्गों और निचले इलाकों में जलभराव के कारण राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चे और कामकाजी लोग विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नाली निर्माण और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या से राहत मिल सके।

# दबंगों ने घर में घुसकर किया हमला, कई घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** रंजिशन दबंगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। जिससे महिला सहित कई लोग घायल हो गये। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी। थाना क्षेत्र के गांव सोना जानकीपुर निवासी दशरथ सिंह चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 1 मई को दोपहर लगभग 12 बजे गांव के ही निवासी युवक व उसके साथियों का उनके चाचा राजकुमार से बच्चों को लेकर विवाद हो गया था। रविवार दशरथ की चाची कृष्णा देवी पत्नी राजकुमार घर पर बैठी थी, तभी युवक व उसके साथी दसरथ के दरवाजे पर जाकर गाली-गलौज करने लगे। घर पर मौजूद मां कुंती देवी पत्नी नरेश सिंह व नरेश सिंह ने गाली-गलौज करने से मना किया। जिस पर युवक व उसके साथियों ने घर में घुसकर कुंती देवी, नरेश सिंह व शिवम को लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। बचाने आई बहन मोनी को भी मारपीट की। मारपीट में पिता नरेश सिंह व भाई शिवम चोटिल हो गये। थाना पुलिस को दशरथ सिंह ने युवक व उसके साथियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# वन विभाग टीम ने घायल हिरन का किया रेस्क्यू


घायल हिरन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में वन्यजीव संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और प्रशासनिक तत्परता का एक सराहनीय उदाहरण देर रात देखने को मिला, जब एक घायल हिरन को समय रहते उपचार दिलाकर उसकी जान बचा ली गई।

जानकारी के अनुसार देर रात करीब 1 बजे पिथनापुर निवासी अमन ठाकुर ने सूचना दी कि कुठला झील के पास एक हिरन को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके मुंह से खून बह रहा था। सूचना मिलने परख स्वयं घायल होने के कारण मौके पर पहुंच पाना संभव न होने के बावजूद संबंधित व्यक्ति ने तत्काल वन विभाग के रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर अनूप कुमार को अवगत कराया। सूचना मिलते ही अनूप कुमार ने तत्परता दिखाते हुए महज 30 मिनट के भीतर वन विभाग की टीम को मौके पर भेज दिया। टीम ने पहुंचकर घायल हिरन का प्राथमिक उपचार किया और उसे सुरक्षित अपने साथ ले गई, जिससे उसकी जान बचाई जा सकी। बताया गया कि वन विभाग द्वारा इस प्रकार के अब तक 11 मामलों में त्वरित कार्रवाई की जा चुकी है, जो विभाग की सक्रियता और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को दर्शाता है।

स्थानीय लोगों ने वन विभाग की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से न केवल वन्यजीवों की रक्षा हो रही है, बल्कि समाज में भी जागरूकता का संदेश जा रहा है।

# ऋषि समाज सेवा संस्थान ने सदस्य बढ़ाने की बनाई रणनीति



बैठक के दौरान संस्था के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ऋषि समाज सेवा संस्थान की बैठक संस्था के संस्थापक अध्यक्ष ऋषि दत्त शर्मा के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में सदस्यों ने अपने विचार रखे। कोर कमेटी सदस्य नवनीत मिश्रा ने कहा कि हम सबको सभी से मिलकर सदस्यता को बढ़ाना चाहिए। गौरव मिश्रा बंटी ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में बैठक करके संस्था की सदस्यता को बढ़ाना चाहिए। शशि भूषण यादव ने कहा कि कम से कम एक सदस्य प्रतिदिन सदस्य को बनाना ही चाहिए। दिलीप मारवाड़ी ने भी अपने विचार रखें। इस मौके पर अजय मिश्रा, राजेश शर्मा, बृजेश यादव, अजय शंकर तिवारी, लाला शर्मा, अमित सक्सेना, अनुज भल्ला, अजय त्रिपाठी, उमेश बाबू, अजय, बृजेश शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दबंगों ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी। थाना क्षेत्र के गांव डुढियपुर त्योरी निवासी श्यामवीर उर्फ सुखेन्द्र रविवार सुबह लगभग 9 बजे खेत से बापस घर आ रहा था, तभी गांव के ही निवासी युवक व उसके साथियों ने रंजिश को लेकर श्यामवीर को गाली-गलौज किया। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व उसके साथियों ने श्यामवीर को लाठी-डंडे व टकोरा से मारपीट कर जानमाल की धमकी देकर भाग गए। मारपीट में श्यामवीर उर्फ सुखेन्द्र चोटिल हो गया। थाना पुलिस को श्यामवीर उर्फ सुखेन्द्र ने युवक व उसके साथियों के खिलाफ तहरीर दी।

# जुनैद मम्मा ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारम्भ



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जिला पंचायत वार्ड न0-1 कायमगंज से जिला पंचायत सदस्य पद हेतु संभावित प्रत्याशी जुनैद मम्मा ने क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ कर खेलो को बढावा देकर युवा वर्ग में पनप रही सामजिक बुराइयों की रोकथाम पर जोर दिया। उमर खुर्शीद कायमगंज क्षेत्र के ग्राम सुभानपुर ग्राउन्ड में क्रिकेट टूर्नामेन्ट प्रारम्भ हुआ। जिसका उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य पद हेतु संभावित प्रत्याशी जुनैद मम्मा ने फीता काटकर किया। जुनैद मम्मा ने कहा कि लोगों का नैतिक दायित्व बनता है कि अच्छी शिक्षा के साथ ही अपने बच्चों को खेलकूद में आगे बढ़ाकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने में कोई कसर बाकी न छोड़े। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर मे युवा वर्ग बड़ी तेजी के साथ सामाजिक बुराइयों की गिरफ्त में फंसता जा रहा है, जिसकी रोकथाम के लिए खेलों को बढ़ावा दिया जाना बेहद जरूरी हो गया है।

# पुलिस ने पीड़ित की मां से चालान भेजने के नाम से मांगी रिश्वत

- मेड़ तोड़ने की शिकायत करने पर पीड़ित का ही कर दिया चालान


थाने के बाहर बैठी पीड़ित की मां

**जहानगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने आरोपियों से सांठगांठ कर थाने में शिकायत करने गये पीड़ित का शांतिभंग में चालान कर दिया और पीड़ित की मां से रुपयों की मांग की।

ग्राम नगला रूप निवासी अश्वनी कुमार राजपूत की खेत की मेड दबंगों द्वारा काट दी गई। जिसका थाने पर पीड़ित लिखित प्रार्थना पत्र देने गया। वहां पहले से ही दबंग सलमान पुत्र मारुदीन निवासी राजेपुर टप्पा मंडल ने थाने साठगांठ कर थाने के दीवान रामपाल से मिलकर पीड़ित अश्विनी व उसके भाई अरुण के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर दी। जब अश्विनी कुमार थाने पहुंचा तो उसे पुलिस के दीवान रामपाल ने थाने में बैठा लिया और उसका एक 151 में चालान कर दिया। जब पीड़ित की मां सुबह 11 से लेकर शाम 3 तक परेशान रही, लेकिन उसका दाखिल नहीं किया गया, कई बार निवेदन करने पर दीवान रामपाल द्वारा 1000 रुपये की मांग की गई और कहा कि दाखिल करके जल्दी कचहरी भेज देंगे। 1000 न मिलने पर 5:15 बजे तक दाखिल नहीं किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक पूनम अवस्थी के हस्तक्षेप के बाद अश्वनी कुमार को दाखिल कर रवाना किया गया, जबकि अश्विनी कुमार का खेत गाटा संख्या के हिसाब से 10 बीघा में सात बीघा मौजूद है। तीन बीघा कम है, नक्शा दुरुस्ती का वाद चल रहा है फिर भी उपरोक्त सलमान द्वारा दबंगई के बल पर मेड़ काटकर अवैध कब्जा किया गया है और थाने में मिलकर अश्विनी कुमार के खिलाफ एनसीआर दर्ज कराई गई है। जिसमें रामपाल दीवान द्वारा अभद्रता की गई और 1000 की अतिरिक्त मांग की गई। पीड़ित की मां ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**उतरौला।** क्षेत्र के जुनैदपुर गांव में मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के द्वितीय चरण के अंतर्गत बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न सामाजिक और कानूनी विषयों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकास कुमार (पुलिस अधीक्षक) के निर्देशन में, विशाल पाण्डेय (अपर पुलिस अधीक्षक) एवं राघवेंद्र सिंह (क्षेत्राधिकारी) के पर्यवेक्षण में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का नेतृत्व अवधेश राज सिंह (प्रभारी निरीक्षक) द्वारा किया गया। सम्मेलन में एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम के सदस्यों– हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार, हेड कांस्टेबल मेवालाल, महिला आरक्षी साक्षी राज एवं महिला आरक्षी नीतू ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में अविवाहित एवं तलाकशुदा युवतियों, आशा बहुओं, ग्राम प्रधानों और क्षेत्र की सम्मानित महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सम्मेलन के दौरान महिलाओं को सामाजिक समस्याओं, विशेष रूप से लड़कियों के घर से भागने की घटनाओं, उसके कारणों और उससे जुड़ी चुनौतियों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें ऐसे मामलों में सतर्कता बरतने और समय रहते उचित कदम उठाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी दी और इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त बाल विवाह निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रतिषेध कानून, नशा मुक्ति अभियान और यातायात नियमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

# ई-रिक्शा पलटने से दो घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटने से दो लोग घायल हो गये। जिन्हे एंबुलेंस की मदद से लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना क्षेत्र नवाबगंज के ग्राम हुसैनपुर निवासी सूरज पाल अपना ई-रिक्शा लेकर कांधेमई मिलकिया की तरफ जा रहा था, रिक्शे में लल्लू शर्मा व मोनू ठाकुर बैठे थे। कांधेमई मिलकिया में ब्रेकर से गाड़ी अनयंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें बैठे मोनू ठाकुर और लल्लू शर्मा घायल हो गए। जिसकी ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया।

# अन्तर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर सनातन धर्म को नई ऊर्जा का दिया गया संदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर जनपद के समस्त आर्य समाज मंदिरों एवं आर्य समाज से जुड़े हजारों परिवारों में एक साथ सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण देखने को मिला और वैदिक मंत्रों की पवित्र ध्वनि से सम्पूर्ण क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। सामूहिक यज्ञ के माध्यम से सनातन संस्कृति की एकरूपता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता तथा आध्यात्मिक जागृति का दिव्य संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया। आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने आर्य समाज लोहाई रोड पर विधि-विधान पूर्वक यज्ञ सम्पन्न कराया। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने वेदों के सच्चे ज्ञान को पुनः समाज में स्थापित कर सनातन धर्म को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने बताया कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह जीवन को शुद्ध, संतुलित और ऊर्जावान बनाने का वैज्ञानिक माध्यम भी है, जो व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। मंत्री डॉ0 शिवराम सिंह आर्य ने नवाबगंज क्षेत्र में स्थानीय नागरिकों के साथ यज्ञ कर लोगों को आर्य समाज की वैदिक विचारधारा से जोड़ते हुए इसे जन जन तक पहुँचाने का संकल्प दिलाया।



यज्ञ में आहूतियां डालते लोग

कोषाध्यक्ष आचार्य संदीप आर्य ने आर्य समाज कमालगंज में विशाल सामूहिक यज्ञ का संचालन किया। उन्होंने बताया कि आर्य समाज की सर्वोच्च संस्था सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के निर्देशन एवं आर्य समाज कमालगंज के आवाह्न पर न केवल जनपद बल्कि विभिन्न प्रांतों में भी आर्य बंधुओं ने एक साथ यज्ञ कर संगठन, अनुशासन और एकरूपता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। यह आयोजन वैदिक परंपरा के प्रति लोगों की आस्था एवं समर्पण का सशक्त प्रमाण है।

गंगापार क्षेत्र के आर्य समाज सीडे चकरपुर में श्याममद बाबा द्वारा यज्ञ सम्पन्न कराया गया। जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति प्रदान की।

इसके अतिरिक्त आर्य समाज कर्णपुर दत्त, राजेपुर, कायमगंज, गदनपुर देवराजपुर, खुदागंज, मोहम्मदाबाद, जहानगंज एवं भोलेपुर सहित अनेक स्थानों पर भी श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रत्येक स्थान पर लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ वातावरण को पवित्र एवं ऊर्जावान बनाया। कार्यक्रम में हरिओम शास्त्री, हरिसिंह आर्य, प्रदीप राठौर, राजीव आर्य, धर्मवीर आर्य, जितेंद्र वर्मा, प्रशांत आर्य, मुन्ना यादव सहित आदि मौजूद रहे।

# कलमकारों ने मनाई देवर्षि नारद जयंती



नारद जयंती मनाते कलमकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोशिएशन ने चौक स्थित कार्यालय पर संस्था के बैनर तले नारद जयंती मनाई। सभी ने देवर्षि नारद के आदर्शों पर चलकर पत्रकारिता को लोक मंगल के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार विपिन बिहारी सक्सेना ने की। मुख्य अतिथि प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोशिएशन के अध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार अवस्थी रहे। उन्होंने कहा कि देवर्षि नारद ने लोक मंगल के लिए सभी युगों में महत्वपूर्ण कार्य किया। वर्तमान युग में पत्रकार ही नारद का स्वरूप है, इसलिए उन्हें सभी भेदभाव को त्याग कर जनमानस के कल्याण हेतु कलम चलाना चाहिए। मुख्य वक्ता कृष्णकांत अक्षर ने देवर्षि नारद के तीनों युगों में योगदान पर विशेष चर्चा की तथा देवर्षि नारद के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उनके आचरणों पर चलने का आवाह्न किया। अध्यक्षता कर रहे विपिन बिहारी सक्सेना ने पत्रकारों को एक जुट होने का संदेश देते हुए कहा कि वे अपने ज्ञान में वृद्धि करें उन्होंने पत्रकारिता की कार्यशाला पर जोर दिया। व्यापारी नेता संजय गर्ग ने कार्यक्रम संयोजक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लाल गौड़ को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर रविन्द्र भदौरिया, ओम प्रकाश शुक्ला, ताहिर खान बज्जू, दीपक तिवारी, अनिल प्रजापति, प्रमोद द्विवेदी भोले, महेश वर्मा, सुरेश गुप्ता, सुशील मिश्रा, अनुराग पांडेय, इरशाद अली, दिलीप कश्यप, रेहान खान, ज्ञान चंद्र राजपूत, विजय वर्मा, रचित गौड़ आदि मौजूद रहे।

# विहिप व बजरंग दल के प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन




कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ।

जिसमें आगामी कार्यक्रम एवं संगठन संबंधी कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चाएं हुई।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ओमेंद्र प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख, नरेंद्र प्रांत सेवा प्रमुख, विभाग संयोजक अभिषेक, जिला कार्य अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह, जिला मंत्री अखिलेश, जिला कोषाध्यक्ष रुक्मंगल, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख राहुल, विजय मारवाड़ी, जिला संयोजक सुदीप, जिला सह संयोजक रोहन मिश्रा, जिला सुरक्षा प्रमुख आकाश, जिला मिलन केंद्र प्रमुख श्रवण, जिला गौ रक्षा प्रमुख योगेंद्र, जिला सह संयोजिका रुनझुन दुबे, कांति देवी, प्रवीन अवस्थी, नगर मंत्री सिद्धांत सिंह, नगर संयोजक साहिल मिश्रा, आर्यन मिश्रा, नितिन राजपूत, पंकज शाक्य आदि सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा की बैठक में बूथ व संगठन को मजबूत करने के दिये गये निर्देश

- कई लोग भाजपा व बसपा छोड़ सपा में हुए शामिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संगठन की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संचालन जिला उपाध्यक्ष मुन्ना यादव ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से बूथ पर संगठन मजबूत करना, जिला नेतृत्व का बूथ से सीधा संपर्क हो, आदि अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। साथ ही गैसिंगपुर प्रधान शरद राठौर मोनू के दोनों बेटे विशाल सिंह राठौर एवं प्रशांत सिंह राठौर बड़ी संख्या में अपने साथियों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

तथा पवन कठेरिया प्रधान देवरामपुर को सदर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी मनोनीत किया गया।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सरकार में रहते हुए जनहित के जो काम किए हैं, सिर्फ उन कार्यों को भी यदि हम जनता के बीच जाकर बताने लगें तो भी इन झूठ बोलने बालों के चेहरे बेनकाब हो जाएंगे। आज जो प्रशांत सिंह और विशाल सिंह पार्टी में शामिल हुए इनके आने से मोहम्मदाबाद क्षेत्र में पार्टी को बड़ी मजबूती मिलेगी, समाजवादी पार्टी इनके सभी साथियों का स्वागत वंदन और अभिनन्दन करती है।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष

पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि भाजपा के लोग प्रशासन के कंधे पर सवार होकर गुंडई करते हैं, मेरा दावा है कि जिस दिन आप लोग मुड़कर खड़े हो जाओगे उस दिन ये गुंडे दुम दबाकर भाग जाएंगे।

डॉ0 जेपी0 वर्मा ने कहा संगठन की ताकत अनंत होती है, संगठन जिसे चाहे उसे जिता सकता है और जिसे चाहे उसे हरा सकता है संगठन को बाईपास करके कोई कुछ नहीं कर सकता।

जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि पीडीए आंदोलन का कारवां अब आंधी में बदल चुका है, 2027 में विरोधियों के तम्बू हवा में उड़ जाएंगे।

इस मौके पर सर्वेश अंबेडकर, सुभाष चंद्र शाक्य, सचिव राधेश्याम सविता, नरेंद्र सिंह यादव, सुलक्षणा सिंह, अरविंद कश्यप, सुमित शाक्य, राजीव शाक्य, बिल्लू श्रीवास्तव, राकेश दिवाकर, उदयप्रताप सिंह भोला यादव, अरविंद यादव, धीरज मिश्रा, विनीत परमार, नौशाद अहमद, निजाम अंसारी, मुदस्सिर खां, शिवशंकर शर्मा, अशोक अंबेडकर, बंटी यादव, जुल्फिकार अब्बास जैदी, अरविंद कुशवाहा, अर्चित शर्मा, आकिल खां, रवि यादव, मुख्तार आलम, विमल प्रताप चौहान, आशीष शर्मा, समरदीप सिंह, इजहार खां, प्रमोद कुमार यादव, उदयभान सिंह पाल, अरवेश चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# विज्ञान मेला में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विज्ञान भारती एवं ज्ञानफोर्ट इनोवेटिव स्कूल के तत्वावधान में विज्ञान मेला का आयोजन हुआ। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विज्ञान के प्रति अपनी रुचि, जिज्ञासा एवं नवाचार क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता में भाषण प्रतियोगिता का विषय डिजिटल व्यसनः आधुनिक दुनिया में एक बढ़ता हुआ वैज्ञानिक और सामाजिक संकट विषय रहा। जिसमें 21 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं विज्ञान प्रदर्शनी में 23 विद्यालयों ने अपने अभिनव मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर दर्शकों और निर्णायकों को आकर्षित किया। मुख्य अतिथि निदेशक डॉ0 संदीप पाटिल, विशिष्ट अतिथि सीडीओ विनोद कुमार गौर रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान की प्रवृत्ति एवं रचनात्मक सोच को विकसित करते हैं। तीन विद्यालयों- आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़, जवाहर नवोदय विद्यालय एवं ज्ञानफोर्ट इनोवेटिव स्कूल को विज्ञान शिक्षा के लिए अग्रणी संस्थान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुनील मिश्रा, कौस्तुभ ओमर, राहुल एवं संदीप सिंह राठौर मौजूद रहे। परिचय मनोज चतुर्वेदी द्वारा दिया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना महेश चंद्र उपाध्याय ने प्रस्तुत की। धीरेंद्र वर्मा एवं विमल राठौर ने जानकारी दी कि विज्ञान भारती के प्रयासों से साइंस बस जनपद में आएगी, जो 5 मई से विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध रहेगी। ज्ञानफोर्ट के प्रधानाचार्य जसवीर कौर ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ब्रजेश मिश्र, मानसी तिवारी, आशीष द्विवेदी, हिमांशु शुक्ला, प्रीति सिंह, दर्शना शुक्ला एवं पूनम शुक्ला मौजूद रही। संचालन वैभव सोमवंशी एवं अंजलि ने किया। भाषण प्रतियोगिता में काव्या अग्निहोत्री, एलिसा, पलक तिवारी, ताहिरा एवं अहीरा खान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की।



प्रमाण पत्र के साथ छात्रायें

# लिंक एक्सप्रेसवे में जा रही जमीन के सर्किल रेट बढ़ाए जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने लिंक एक्सप्रेसवे में जा रही जमीनों के लिए ब्लॉक मोहम्मदाबाद के ग्राम सभा उम्मेद नगला और ग्राम सभा लुखरियाई में बैठके की और बीते दिनों जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा किसानों को लिंक एक्सप्रेसवे में जमीनें न देने पर गम्भीर परिणाम भुगतने होने जैसी धमकी दी। किसानों में जिला प्रशासन के खिलाफबड़ा जनाक्रोश फैल रहा है।

जिलाध्यक्ष अजय कटियार के नेतृत्व में बैठक के किसानों को समझाया और उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जहां जमीन लेने में दिक्कत आ रही है वहां किसानों के साथ समन्वय बनाकर सर्किल रेट बढ़ाए।

जिसके बाद किसान अपनी जमीन देंगे अन्यथा किसानों को डरा धमकाकर यदि किसानों की जमीन ली जाएंगी तो जनपद से बड़ा आंदोलन होगा। आंदोलन में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि लिंक एक्सप्रेसवे में जा रही जमीनों का सर्किल रेट बढ़ाए और जो कट दिए जा रहे हैं उन्हें आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के हिसाब से बनाए।



बैठक में मौजूद भाकियू नेता व कार्यकर्ता

इस अवसर पर अरविंद शाक्य, छविनाथ शाक्य, अभय यादव, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, पुजारी कटियार, रामप्रकाश पाल, बड़े यादव, प्रेम चंद्र यादव, पप्पू सिंह उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### तालाब सौंदरीय करण का चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

अमृत सरोवर योजना के तहत कराया जा रहा है कार्य



**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य सरकार की अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत सिकंदरपुर में तालाब का सौन्दरीय करण व तालाब के आसपास सीसी रोड एवं तालाब के किनारे बेंच का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका चेयरमैन प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुखी व अवर अभियंता किशन राजपूत द्वारा कार्य का निरीक्षण किया गया। अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य पर 45 लाख रुपये मंजूर हुआ है। चेयरमैन प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुखी ने निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार को चेतावनी दी कि कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा। कार्य गुणवत्ता पूर्ण किया जाये।

### पीएचसी में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का हुआ आयोजन

30 मरीजों ने कराया परीक्षण



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। जिसमें मलेरिया के 12 मरीजों की जांच की गई और सभी रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई। वहीं टाइफाइड के 10 मरीजों की जांच में 1 मरीज पॉजिटिव और 9 मरीज नेगेटिव पाए गए। डेंगू के 4, हेपेटाइटिस-बी के 4 मरीजों की जांच की गई। जिनकी रिपोर्ट नेगेटिव रही। इसके अलावा शुगर के 15 मरीजों की जांच की गई। स्पूटम के 5 तथा हीमोग्लोबिन के 3 मरीजों की भी जांच की गई। जिससे लोगों को मौके पर ही स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और परामर्श उपलब्ध कराया गया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहुंचकर चौपाल लागकर महिलाओं व युवतियों तथा छात्राओं को जागरुक किया। इसी के साथ मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। थाना नवाबगंज व थाना मेरापुर ग्रामीण क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद, थाना अमृतपुर में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।



नवाबगंज में महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस



मेरापुर में ग्रामीण महिलाओं को जागरुक करती पुलिस

# 24 मई को देवर्षि नारद के गुरु कालू बाबा की मनायी जायेगी जयंती




बैठक में मौजूद समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कश्यप निषाद संगठन की बैठक जिलाध्यक्ष जितेंद्र बाथम के निवास हाथीखाना में सभासद संत कुमार बाथम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मई माह में श्रृंगवेरपुर धाम यात्रा के सम्बन्ध में चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार बाथम ने कहा आगामी 24 मई को देवर्षि नारद के गुरु कालू बाबा की जयंती धूमधाम मनाई जाएगी। इस अवसर पर कुलदीप कुमार बाथम, संदीप बाथम, रोहित बाथम, श्रीनिवास, जंगली लाल बाथम मौजूद रहे।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष बने संजय गुप्ता

- गैस के बढ़े दामों पर जतायी नाराजगी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने संगठन में व्यापक फेरबदल करते हुए नए पदाधिकारियों की घोषणा की है। इस क्रम में संजय गुप्ता को जिला अध्यक्ष और अमित सेठ को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा मनोज कौशल को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष तथा संजीव अग्रवाल को नगर महामंत्री बनाया गया है।

कायमगंज सीपी गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में हुई बढ़ोतरी पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बड़े गैस सिलेंडर पर 993 रुपये और छोटे सिलेंडर पर 262 रुपये की वृद्धि से महंगाई में और इजाफा होगा। जिसका सीधा असर आम जनता और व्यापारियों पर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि गैस मूल्य वृद्धि के विरोध में आगामी 7 मई को प्रदेशभर में व्यापारी संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान तिराहों और चौराहों पर महंगाई का पुतला दहन किया जाएगा तथा एसडीएम व जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जाएगा। लोकेश अग्रवाल ने कहा कि गैस संकट भले ही वैश्विक स्तर पर हो, लेकिन इसके समाधान के लिए सरकार को ठोस और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। साथ ही वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों और गैस के अन्य विकल्पों पर भी गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है।



राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल का स्वागत करते लोग

# विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में विशाल ने दिया भाषण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ स्थित विधानसभा परिसर में किया गया। जनपद फर्रुखाबाद का प्रतिनिधित्व करने हेतु वित्तीय एवं लेखा सहायक सोनम संचन के माध्यम से विशाल श्रीवास्तव, शालिनी मिश्रा एवं शुभी पाठक का चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, युवा एवं खेल मंत्री गिरीश यादव, विधायक डा0 नीरज बोरा एवं डॉ0 सुरभि द्वारा स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विशाल श्रीवास्तव ने अपने भाषण में कहा केंद्रीय बजट 2026 वह बजट है जिसकी संकल्पना भारत के युवाओं ने लिखी। यह वही बजट है जिसके लिए 12 जनवरी 2026 को दिल्ली के भारत मण्डपम में हम युवाओं ने सुझाव दिए। यह बजट युवाओं द्वारा, युवाओं के लिएए युवाओं का बजट है। इस बजट से निश्चित रूप से भारत वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनेगा। बस डर इस बात का है कि कहीं भ्रष्टाचार रूपी घुन इस बजट में न लग जाए। अपने भाषण के अंत में विशाल श्रीवास्तव ने केंद्रीय बजट के सन्दर्भ में ये पंक्तियां पढ़ीं। सच कहूं तो ये बजट है इस नए परिवेश का, शक्तिशाली हों युवा इस देश के संदेश का, विश्वविद्यालय के संग कंटेंट क्रिएटर लैब है, ये बजट है आने वाले विकसित भारत देश का। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना एवं उन्हें नीति-निर्माण प्रक्रिया से जोड़ना था।



विधानसभा में विचार रखते युवा विशाल श्रीवास्तव

## खबरें एक नजर में

### तेज आंधी-बारिश में जामुन का पेड़ गिरा, भैंस की मौत, तीन कच्चे मकान धराशायी



**धौरहरा खीरी।** जनपद में रविवार सुबह आई तेज आंधी और बारिश ने कई इलाकों में नुकसान पहुंचाया। ईसानगर थाना क्षेत्र के चपरहा गांव में मौसम की मार उस समय भारी पड़ गई जब तेज हवा के चलते एक विशाल जामुन का पेड़ अचानक भरभराकर गिर पड़ा। इस हादसे में एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन कच्चे मकान पूरी तरह से ढह गए। जानकारी के अनुसार गांव निवासी सुर्जलाल की भैंस जामुन के पेड़ के नीचे बंधी हुई थी। सुबह तेज हवा और बारिश के दौरान पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गया, जिसकी चपेट में आने से भैंस दब गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है। वहीं पेड़ गिरने से गांव के ही दिलीप कुमार, अनिल कुमार और कनौजी लाल के कच्चे मकान भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के वक्त घरों में मौजूद लोगों ने स्थिति भांपते हुए समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। लोगों ने मिलकर पेड़ की टहनियां हटाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक भैंस की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय लेखपाल को दे दी है और पीड़ित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। इस संबंध में तहसीलदार आदित्य विशाल ने बताया कि मौके का सर्वे कराया जाएगा और दैवीय आपदा के तहत पीड़ितों को नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

### बेलरायां में भीषण सड़क हादसाः आमने-सामने भिड़ंत में युवक की मौत, दो गंभीर घायल



**निघासन खीरी।** सिंगाही थाना क्षेत्र के बेलरायां बाजार में शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। हीरो मोटरसाइकिल एजेंसी के पास करीब आठ बजे दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बाइक तेज रफ्तार में थीं और अचानक आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायलों की पहचान अवधराम पुत्र गयाप्रसाद, अवधराम पुत्र ओमप्रकाश निवासी मोतीपुर और बहार अली निवासी निबौरिया के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिंगाही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन भेजा गया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने जाहिद अली को मृत घोषित कर दिया। अन्य दोनों घायलों की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है।

### एमपी निवासी घायल बाइक चालक की उपचार के दौरान मौत



**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में शनिवार की रात जेसीबी की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बाइक सवार पति की उपचार के दौरान रविवार सुबह मंडलीय चिकित्सालय में मृत्यु हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल पत्नी व पुत्री का उपचार चल रहा है। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिला स्थित हनुमना थाना क्षेत्र के मोरहना गांव निवासी 32 वर्षीय गोपाल दास मौर्य अपनी 30 वर्षीया पत्नी राजकुमारी मौर्य व 13 वर्षीया पुत्री पूजा के साथ बाइक से हलिया थाना क्षेत्र के परसिया कलां गांव स्थित अपनी ससुराल से शनिवार देर शाम वापस अपने घर जा रहे थे। जैसे ही भैसोड़ बलाय पहाड़ पहाड़ गांव में यादव ढाबा के पास पहुंचे तो जेसीबी ने बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घायल दंपती और पुत्री को उपचार हेतु हलिया पीएचसी भेजा। इस संबंध में थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि जेसीबी की टक्कर से मध्यप्रदेश निवासी घायल बाइक चालक गोपाल दास मौर्य की उपचार के दौरान मंडलीय चिकित्सालय में मौत हो गई।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### साइबर पुलिस ने आवेदक का 7500 रुपये कराया वापस



**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना की साइबर पुलिस ने रविवार को एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से आवेदक के 7500 रूपये वापस कराया है। थाना क्षेत्र के परसिया खुर्द गांव निवासी राजपति का बीते 3 अप्रैल को कुल 7500 रूपये का ऑनलाइन फ्राड हुआ था जिस पर आवेदक द्वारा थाना स्थानीय पर एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्र के माध्यम से साइबर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदक की ऑनलाइन हुए फ्राड रूपये को होल्ड कराते हुए आवेदक की धनराशि को वापस कराया है। धनराशि वापस कराने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व कांस्टेबल विश्वनाथ रहे।

### भाजपा का दो दिवसीय वर्ग प्रशिक्षण का होगा आयोजन



**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर वर्ग प्रशिक्षण के संबंध में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक शनिवार को आयोजित की गई।बैठक में काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच पर जिला प्रभारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल, सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य,जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र एवं ओम प्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहे।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ द्वारा 9 एवं 10 मई को दो दिवसीय वर्ग प्रशिक्षण का श्री राम रिसॉर्ट चिलबिला में आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता वर्ग प्रभारी के रूप में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, जबकि पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र वर्गाधिकारी के रूप में सहभागिता करेंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रशिक्षण में सम्पूर्ण जिला कार्य समिति,मण्डल अध्यक्ष एवं मण्डल प्रभारी,समस्त मोर्चा जिलाध्यक्ष/जिला महामंत्री,जिला संयोजक, सह-संयोजक, प्रकोष्ठ /विभाग, मोर्चा/प्रकोष्ठ/विभाग के प्रदेश एवं क्षेत्र स्तरीय पदाधिकारी,प्रदेश एवं जिला स्तरीय सहकारी संघ/सहकारी बैंक/क्रय-विक्रय समिति, क्षेत्र समिति भाजपा,राष्ट्रीय परिषद सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष, सहित कुल 300 कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।मुख्य अतिथि अवधेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि संगठनात्मक दृष्टि से जनपद प्रतापगढ़ काशी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि प्रदेश के सबसे बड़े जिलों में से एक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं व्यवहारिक कौशल को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश सिंह ने किया।जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल का जन्मदिन भी कार्यालय पर मनाया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश मिश्र राजन एवं अजय वर्मा, जिला उपाध्यक्ष पवन गौतम, अजय सिंह, रामजी मिश्र एवं राम आसरे पाल, जिला मंत्री रुचि केसरवानी, पूनम इंसान, मुदित सिंह, राम चरित्र वर्मा, विनोद शर्मा एवं अनिल कुमार मौर्य, कोषाध्यक्ष शिव विलास वैश्य, नीरज ओझा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### संत एंथोनी कालेज में जनगणना हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**प्रतापगढ़।** संत एंथोनी इंटर कालेज में जनगणना 2026-27 हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजर की शनिवार को तीन दिवसीय सम्पन्न प्रशिक्षण में कुल 173 प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रभारी जनगणना अधिकारी नैंसी सिंह ने प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी लोग अपने लॉगिन पासवर्ड से एचएलओ ऐप डाउनलोड कर अभ्यास कर ले जिससे जनगणना करते समय किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े और जो भी शंकाएं हो उसका समाधान प्रशिक्षण कक्ष में अवश्य कर लें।मास्टर ट्रेनर द्वारा जनगणना में परिवार के प्रकार, भवन परिसर, आवास एवं नजरी नक्शा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर इओ नगर पालिका राकेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी नगर संतोष वर्मा, सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा, शशांक कुमार उमरवैश्य ,संदीप कुमार यादव मौजूद रहे।

# सख्त पहरे में हुई नीट यूजी-2026 परीक्षा

- परीक्षा केंद्रों पर कड़े इंतजाम, 3227 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा
- डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यूजी)-2026 परीक्षा रविवार को जिले के सात परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और सख्त निगरानी के बीच शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। इस दौरान बुलाए गए 3227 में से 3151 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 76 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी, एडीएम, एएसपी समेत परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिससे परीक्षार्थियों को निर्बाध और निष्पक्ष वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिला।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों राजकीय इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

वहीं डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, सिटी कोऑर्डिनेटर/प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय आशीष कुमार दीक्षित ने नीट (यूजी)-2026 परीक्षा में भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों (राजकीय पॉलीटेक्निक, वाईडी कॉलेज, भगवानदीन आर्यकन्या इंटर कॉलेज, गुरुनानक इण्टर कालेज, जीआईसी, अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, डीएस कालेज) का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट ने भी अपने परीक्षा केंद्र पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।

### नहर में उतराता मिला 40 वर्षीय अज्ञात युवक शव

**फरधान खीरी।** थाना क्षेत्र से गुजर रही शारदा सहायक ब्रांच की नहर में रविवार सुबह एक 40 वर्षीय युवक अज्ञात शव उतराता हुआ मिला। पुलिस ने शिनाख्त न होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ओदरहना गांव निवासी ओमप्रकाश ने शारदा सहायक ब्रांच की नहर के ओदरहना पुल में एक शव उतराते हुए देखा। ओमप्रकाश ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पहुंचे प्रभारी निरीक्षक राजूराव ने शव को बाहर निकलवाया। शव एक 40 वर्षीय युवक का निकला। पुलिस ने शव को शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर राजू राव ने बताया शव लगभग एक सप्ताह पुराना है। मृतक के शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं है। दाएं हाथ पर ओम गुदा हुआ है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया।

## किराना दुकान पर विवाद के दौरान युवक पर हमला, धारदार हथियार से वार का आरोप

- मारपीट व जान से मारने की धमकी की तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** नगर के मोहल्ला ऊंची भूड़ में एक युवक ने पड़ोसी पर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने तथा धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पीड़ित ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला निवासी शाहनवाज़ खान उर्फ गोल्डी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गली के नुक्कड़ पर स्थित एक किराना दुकान पर देर रात तक कुछ अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है। आरोप है कि कई बार समझाने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ और दुकानदार उससे रंजिश रखने लगा। पीड़ित के अनुसार 1 मई की शाम करीब 8:30 बजे वह उक्त दुकान पर इसी बात को लेकर बातचीत करने गया था। इसी दौरान आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और धारदार वस्तु से हमला कर दिया। हमले में उसकी गर्दन पर वार किया गया, जिसे उसने हाथ से रोकने की कोशिश की, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी द्वारा विधायक के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**बाढ़ से पहले 'एक्शन मोड' में प्रशासन**

## जिलाधिकारी ने परखी तैयारियां, दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी में संभावित बाढ़ को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने रविवार को तहसील सदर के अंतर्गत फूलबेहड़ ब्लॉक में बंधों के आसपास बसे गांवों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने राजस्व और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर पूर्व वर्षों में बाढ़ के दौरान किए गए राहत कार्यों की समीक्षा की और इस बार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर मौजूद नक्शों के माध्यम से पूरी वस्तुस्थिति को समझा और संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करते हुए अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ की स्थिति में त्वरित रेस्पॉन्स के लिए सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि किसी भी आपदा में जनहानि और नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। डीएम ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए। साथ ही राहत शिविरों की तैयारी, खाद्य सामग्री, दवाइयों की उपलब्धता और पशुओं के संरक्षण के लिए भी ठोस योजना बनाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त कर ली जाएं, ताकि आपदा के समय किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि संभावित बाढ़ की स्थिति में प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने, राहत शिविरों की व्यवस्था, खाद्य सामग्री, दवाइयों और पशुओं के संरक्षण तक की ठोस कार्ययोजना अभी से तैयार कर ली जाए। इस दौरान अधिशासी अभियंता (शारदा खंड) करनपाल गंगवार एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह और प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

### डीएम ने शारदा बैराज पर ऑटोमेशन और गेट ऑपरेशन की परखी व्यवस्था

इसके बाद डीएम अंजनी कुमार सिंह में बाढ़ नियंत्रण कक्ष पहुंचकर शारदा बैराज ऑटोमेशन प्रोजेक्ट व बैराज का जायजा लिया। उन्होंने बैराज का संचालन, गेटों के ऑपरेशन की जानकारी लेकर संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैराज इंचार्ज से विस्तृत जानकारी लेते हुए डीएम ने निर्देश दिए कि हर स्थिति पर रियल टाइम निगरानी रखी जाए। उन्होंने बैराज, हेड रेगुलेटर व गेट के संचालन, ऑटोमेटेड वेदर स्टेशन डिस्चार्ज रेट आदि की जानकारी ली। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों से डिवाइड वाल, घाघरा व शारदा की इंटरलिंकिंग की जानकारी भी हासिल की।

# परिसीमन में किसानों की आवाज़: नजदीकी तहसील-ब्लॉक से जोड़ने की उठी मांग

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर-खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

- गोला क्षेत्र के गांवों को प्रशासनिक पुनर्गठन में शामिल करने की अपील, लंबी दूरी से राहत की उम्मीद

जनपद में प्रस्तावित नए परिसीमन को लेकर किसानों और क्षेत्रीय जनता की ओर से महत्वपूर्ण मांग उठाई गई है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी कुमार दीक्षित ने शासन-प्रशासन को संबोधित ज्ञापन में कहा है कि परिसीमन करते समय किसानों और आम जनता की सुविधा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ज्ञापन में बताया गया कि गोला गोकर्णनाथ तहसील, कुंभी विकासखंड और कोतवाली गोला के अंतर्गत आता है, लेकिन गोला से मात्र 2 किलोमीटर आगे नेवादा बिजौरिया से ही तहसील व विकासखंड लखीमपुर शुरू हो जाता है। जबकि यहां से लखीमपुर की दूरी करीब 35 किलोमीटर है, वहीं कई गांव गोला से मात्र 10-15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। इसके बावजूद वे प्रशासनिक रूप से लखीमपुर से जुड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को अनावश्यक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। किसान संगठन ने मांग की है कि राजगंज, जिंगनहा, खानपुर सहित आसपास के गांवों को तहसील लखीमपुर से अलग कर गोला गोकर्णनाथ तहसील और कुंभी ब्लॉक में जोड़ा जाए। साथ ही थाना हैदराबाद के अंतर्गत आने वाले गांवों को कोतवाली गोला से संबद्ध करने की भी बात कही गई है। न्याय पंचायत भल्लिया बुजुर्ग और राजगंज के सभी गांवों को गोला क्षेत्र में शामिल करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है। इसके अलावा, बांकेगंज विकासखंड के अंतर्गत आने वाले जलालपुर क्षेत्र को भी कुंभी गोला में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। संगठन का कहना है कि यदि पश्चिमी क्षेत्र के 15 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों को नजदीकी तहसील, ब्लॉक और थाने से जोड़ा जाता है, तो इससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि सही परिसीमन से लोगों को पेट्रोल-डीजल की बचत होगी, समय की भी बचत होगी और प्रशासनिक अधिकारियों को भी क्षेत्र में त्वरित पहुंच बनाने में आसानी होगी। इससे जनसुविधाओं में सुधार होगा और विकास कार्यों को गति मिलेगी। संगठन ने प्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश सहित संबंधित अधिकारियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की अपील की है। साथ ही जनपद की अन्य तहसीलों, विकासखंडों और थाना क्षेत्रों का भी व्यावहारिक आधार पर पुनर्गठन करने की मांग उठाई गई है, ताकि प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुगम और प्रभावी बन सके।

# स्केटिंग करते हुए लखीमपुर से बाबा केदारनाथ की यात्रा के लिए निकले दो युवा

**अमीरनगर खीरी**

गोला विधानसभा के कस्बा अमीरनगर से दो युवा कृष्णा शर्मा और सूरज जोशी स्केटिंग करते हुए बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए रवाना हुए हैं। शुक्रवार सुबह से शुरू हुई उनकी यह यात्रा लगभग 700 किलोमीटर की है, जिसे वे 30 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।कस्बा निवासी 21 वर्षीय कृष्णा शर्मा और 18 वर्षीय सूरज जोशी ने अपने पैरों में स्केटिंग बांधकर यह दुर्गम यात्रा शुरू की है। उनका लक्ष्य प्रतिदिन औसतन 30 किलोमीटर का सफर तय कर 30 दिनों में केदारनाथ धाम पहुंचना है।



युवाओं को भारी बैग पीठ पर लादे और मुस्कान के साथ सड़क पर निकलते देख लोग उनके साहस से प्रभावित हुए।सूरज जोशी और कृष्णा शर्मा के लिए यह पहली लंबी स्केटिंग यात्रा नहीं है। इससे पहले वे अयोध्या की यात्रा भी स्केटिंग के जरिए सफलतापूर्वक पूरी कर चुके हैं। कृष्णा ने बताया कि पिछले वर्ष कुछ कारणों से वे केदारनाथ नहीं जा सके थे, लेकिन इस बार पूरी तैयारी के साथ निकले हैं। सूरज जोशी भी अयोध्या की यात्रा कर चुके हैं और महादेव के दर्शन के लिए उत्साहित हैं।कस्बे में इन युवाओं के जज्बे को सराहा गया। क्षेत्रीय यूट्यूबर शिवम कटिहार व प्रिंस शर्मा ने दोनों युवाओं को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। स्थानीय लोगों ने जय बाबा केदार के जयघोष के साथ मंगलमय कामना के रवाना किया।तपती धूप और ऊबड़-खाबड़ रास्तों के बीच स्केटिंग करना चुनौतीपूर्ण है। इन युवाओं का यह प्रयास नई पीढ़ी को फिटनेस और दृढ़ इच्छाशक्ति का संदेश दे रहा है। लखीमपुर खीरी से शुरू हुआ यह सफर अब उत्तराखंड की पहाड़ियों तक पहुंचेगा, जहां उनकी भक्ति और दृढ़ता उन्हें आगे बढ़ाएगी।इस अवसर पर आत्मानंद शुक्ला, मंडल अध्यक्ष भाजपा सच्चिदानंद शुक्ला,कुलदीप शर्मा, दिवाकर शर्मा, सुचित ठाकुर मुकेश गुप्ता, पुनीत मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जन आरोग्य मेला में 207 मरीजों का हुआ उपचार



**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 207 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है।उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में डॉक्टर विवेक खरे ने कुल 47 मरीजों का उपचार किया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार मे आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 35 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में 46 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर शालिनी सिंह के देखरेख में 39 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली में चिकित्सक मनीष कुमार ने 40 मरीजों का उपचार किया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 207 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल,एलटी राकेश पटेल, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहे।

### दो दिन पूर्व गुमशुदा महिला का कुए में मिला शव

**अहरौरा (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के बभनी गांव की महिला अनुराधा 30 वर्ष दो दिन पूर्व 1 मई 2026 को सुबह अपने ससुराल बभनी से मायके बैरमपुर गई थीं। उसी दिन शाम वह बिना बताए घर से कहीं चली गईं। रात्रि तक न लौटने पर परिजन परेशान हो गए और खोजबीन करने लगे। गुमशुदगी दर्ज के अनुसारवहीं आज 3 मई की सुबह कुछ ग्रामीणों के द्वारा पुराने कुएं में किसी का शव होने की जानकारी परिजनों को दी गई। आनन फानन में प्रशासन को जानकारी देते हुए परिजन मौके पर पहुंचे और शव का शिनाख्त गुमशुदा अनुराधा के रूप में किया। परिजनों में हाहाकार मच गया। गांव में आत्महत्या और हत्या को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे। पुलिस प्रशासन शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जूट गई। जॉच के उपरांत ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव में रविवार को मिशन शक्ति टीम के हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे,कांस्टेबल राजेश मौर्य व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला सशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101,आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

## बूथ कमांडरों का सम्मान समारोह संपन्न

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**




चुनार विधानसभा के बूथ कमांडरों का सम्मान समारोह राजदीप महाविद्यालय कैलहट में आयोजित किया गया। जिसका संचालन सुनील पटेल फौजी प्रधान महासचिव जेएसपीने किया।

डॉ पटेल ने कहा कि यह लड़ाई सत्ता परिवर्तन से ज्यादा महत्वपूर्ण व्यवस्था परिवर्तन की है जिसमें हमारे सरदार सैनिक व बूथ कमांडर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी हम सभी कों इस न्यायिक लड़ाई कों मिलकर अंजाम तक पहुँचाने का संकल्प लेना होगा जो आने वाली पीढ़ीयों कर लिए मिल का पत्थर साबित होगा। यह कार्यक्रम बहुत ही शानदार तरीके से संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में चुनार विधानसभा के तीनों ब्लॉक सीखड़ नारायणपुर और जमालपुर के सभी बूथों के बूथ कमांडर और सह कमांडर उपस्थित हुए हजारों की संख्या में बूथ कमांडरों का सामान समारोह किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार सेना के संस्थापक जनहित संकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर एस पटेल रहे और विशिष्ट अतिथि चेयरमैन एडवोकेट रामलाल पटेल आदि रहे।

### हिस्ट्रीशिटर गिरफ्तार



**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज पुलिस द्वारा एक (हिस्ट्रीशीटर टाप-10 अपराधी) को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना लालगंज पुलिस द्वारा वारण्टी (हिस्ट्रीशीटरटाप-10 अपराधी) को गिरफ्तार को थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा (हिस्ट्रीशीटर टाप-10 अपराधी) सलीम पुत्र कलीम निवासी बसही खुर्द को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर किया गया।